जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, शनिवार 9 सितम्बर, 2023

5% बढ़ा सेजस्थान

45% और बढ़ेगा सेजस्थान

FIXED PRICE

KEDIA सेजस्थान
KOTHI & WALK-UP APARTMENT
अजमेर रोड, जयपुर

NO MIDDLE-MEN
DIRECT TO CUSTOMER

PROPOSED FIXED RATE & RENTAL

1.5 गुना रिटर्न

BOOKING AMOUNT 10%

बड़ी-बड़ी कोठी
बड़े-बड़े फ्लैट

POSSESSION DEC. 2025

| युनिट टाइप | साइज | अगस्त की रेट (NPO New Product Offer) | सितम्बर की रेट +5% | अक्टूबर की रेट +10% | नवम्बर की रेट +15% | दिसम्बर की रेट +20% | जनवरी की रेट +25% | पजेशन की रेट +50% | पजेशन के बाद रेंटल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 BHK (GF) अपार्टमेंट | 1350 Sq Ft | 45 L | 47.25 L | 49.50 L | 51.75 L | 54 L | 56.25 L | 67.50 L | 22,000 |
| 3 BHK (SF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 50 L | 52.50 L | 55 L | 57.5 L | 60 L | 62.50 L | 75 L | 25,000 |
| 3 BHK (FF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 55 L | 57.75 L | 60.5 L | 63.25 L | 66 L | 68.75 L | 82.50 L | 28,000 |
| 3 BHK BIG कोठी | 2000 Sq Ft | 60 L | 63.00 L | 66 L | 69 L | 72 L | 75 L | 90 L | 30,000 |
| 4 BHK BIGGER कोठी | 2325 Sq Ft | 70 L | 73.50 L | 77 L | 80.50 L | 84 L | 87.50 L | 105 L | 40,000 |
| 4 BHK BIGGEST कोठी | 3200 Sq Ft | 100 L | 105 L | 110 L | 115 L | 120 L | 125 L | 150 L | 50,000 |

KEDIA®

1800-120-2323
info@kedia.com www.kedia.com
www.rera.rajasthan.gov.in | RERA No. RAJ/P/2023/2387

WALKTHROUGH QR CODE | DOWNLOAD BROCHURE | LOCATION QR CODE | ROUTE MAP | SITE TOUR 360 DEGREE

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

**त्याग यह नहीं कि मोटे और खुरदरे वस्त्र पहन लिए जायें और सूखी रोटी खायी जाये, त्याग तो यह है कि अपनी इच्छा अभिलाषा और तृष्णा को जीता जाये। –सुफियान सौरी**

# पहली तिमाही की विकास दर उत्साहजनक, तो डरा रही हैं भविष्य की चुनौतियां

इसमें कोई दो राय नहीं कि विपरीत हालातों के बावजूद देश की आर्थिक विकास दर के आंकड़े लगातार उत्साहजनक सामने आ रहे हैं। खास बात यह है कि चालू वित्तीय वर्ष के पहली तिमाही के आंकड़ें आशा से अधिक बेहतर रहने के साथ ही पिछले वित्तीय वर्ष की चारों तिमाही से अधिक रहे हैं। यह सब तो तब है जब दुनिया के देश अभी आर्थिक संकट के दौर से ही गुजर रहे हैं। पड़ौसी पाकिस्तान के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं तो अन्य देशों की अर्थ व्यवस्था भी हालातों से जूझ रही है। दरअसल कृषि क्षेत्र बड़ा सहारा बन कर उभर कर आता रहा है। हांलाकि आने वाली तिमाही कृषि क्षेत्र के लिए अनुकूल इसलिए नहीं मानी जा सकती कि देश में मानसून धोखा देता दिखाई दे रहा है। देश के अधिकांश हिस्सों में मानसून के आंकडें निराशाजनक आ रहे हैं। यह सर्वविदित है कि खरीफ की फसल लगभग पूरी तरह मानसून पर निर्भर करती है और मानसून ने जिस तरह से अगस्त माह में बेरुखी दिखाई है उससे कृषि जगत में निराशा आई है। मौसम विज्ञानियों की माने तो सितंबर माह में भी मानसून के जो संकेत मिल रहे है वह निराशाजनक ही आ रहे हैं। किसानों की ललाट पर चिंता की रेखा साफ दिखाई दे रही है। अब तो मानसून की बेरुखी से सरकार भी चिंता में आ गई है।

दरअसल कृषि क्षेत्र इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाता है कि देश में सर्वाधिक रोजगार के अवसर कृषि क्षेत्र से ही आते हैं तो कृषि क्षेत्र ने भारतीय अर्थ व्यवस्था को बड़ा सहारा दिया है। कोरोना काल में कृषि क्षेत्र ने अर्थ व्यवस्था ही नहीं बल्कि देश के लोगों खासतौर से गरीब लोगों को जो राहत दी है वह अतुलनीय रही है। आज भी देश के गोदाम अन्न धन से भरे हैं तो देश कम से कम अन्नधन को लेकर तो बेफ्रिक है। हांलाकि कृषि क्षेत्र के लिए चुनौती भरा समय आ गया है पर देश के अन्नदाता की मेहनत पर सबको भरोसा है। दरअसल चालू वित वर्ष की पहली तिमाही के जो आंकडें एनएसओ ने जारी किए हैं वह उत्साहवर्द्धक है। जारी आंकड़ों के अनुसार जून 23 तिमाही में कृषि क्षेत्र में मूल्य सवंर्द्धन 3.5 फीसदी रहा है जो एक साल पहले की इसी अवधि के 2.4 प्रतिशत से कहीं अधिक है। यह परिणाम समग्र प्रयासों से ही संभव हो सके हैं। समग्र रुप से देखा जाए तो अप्रेल-जून तिमाही जीडीपी में वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रही है हांलाकि आरंभिक अनुमान 8 प्रतिशत से नीचे रहने के बावजूद अर्थ व्यवस्था के सकारात्मक दिशा में बढ़ने के तो स्पष्ट संकेत हैं ही।

> **भले ही हमारी आर्थिक विकास दर संभली हुई ही नहीं अपितु बढ़ रही हैं। पर चिंता के कारण यथावत है। जो हालात अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देखने को मिल रहे हैं उससे अधिक आशा की जानी बेमानी ही होगी। अपितु अर्थ व्यवस्था के क्षेत्र में जो सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं उसे सकारात्मक ही माना जाएगा क्योंकि दुनिया के हालात जस के तस हैं।**

देखा जाए तो इस दौरान रियल एस्टेट, फायनेंस और सर्विस सेक्टर में भी अच्छी विकास दर रही है। अब देश में त्यौहारी सीजन आरंभ हो जाने से यह माना जा रहा है कि दिसंबर तक देश की अर्थ व्यवस्था कुलाचें भरने की स्थिति में रहेगी। बाजार में मांग बढ़ेगी तो इससे उत्पादन और वितरण दोनों ही क्षेत्रों में अर्थ व्यवस्था में उछाल आयेगा। कोराबारियों की माने तो त्यौहारी सीजन में बाजार और अधिक गुलजार रहेगा और अर्थ व्यवस्था को पंख लगेंगे। हांलाकि मानसून की बेरुखी का असर भी देखने को मिल सकता है। ऐसे हालातों में कृषि से इतर अन्य सेक्टरों को बेहतर परिणाम देने होंगे ताकि आर्थिक विकास की दर बनी रहे। थोड़ा चिंतनीय इसलिए अवश्य है कि पहली तिमाही में निर्यात और विनिर्माण क्षेत्र में सुस्ती दिखाई है। ऐसे में चुनौतियां और अधिक हो जाती है।

हांलाकि माना यह जा रहा है कि मानसून की बेरुखी के बावजूद अर्थ व्यवस्था पर इसलिए ज्यादा असर नहीं पडना चाहिए क्योंकि सरकार ने खेती किसानी के लिए योजनावद्ध प्रयास किए हैं और सिंचाई सुविधा का विस्तार करने से फसलों को बचाया जा सकेगा। हांलाकि यह तात्कालिक समाधान ही हैं क्योंकि इससे नकारा नहीं जा सकता कि अर्थ व्यवस्था को मानसून अवश्य प्रभावित करता है। बस उस असर को कम करने के प्रयास हो सकेंगे। विश्व व्यापी खाद्य संकट का असर दुनिया के देशों में साफ दिखाई दे रहा है। हमारे यहां से भी गेहूं और चावल के निर्यात को हतोत्साहित किया गया है। पिछले दिनों टमाटर के भावों की नई ऊंचाइयों को देशवासी देख चुके हैं। टमाटर दो सौ पार तो अदरक को चार सौ का आंकडा छूते देखा है। लगभग सभी खाद्य पदार्थों के भावों में तेजी देखने को मिल रही है। रोजमर्रा के खर्च खासतौर से रसोई के खर्च में बढोतरी चिंता का सबब बनती जा रही है।

भले ही हमारी आर्थिक विकास दर संभली हुई ही नहीं अपितु बढ़ रही हैं। पर चिंता के कारण यथावत है। जो हालात अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देखने को मिल रहे हैं उससे अधिक आशा की जानी बेमानी ही होगी। अपितु अर्थ व्यवस्था के क्षेत्र में जो सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं उसे सकारात्मक ही माना जाएगा क्योंकि दुनिया के हालात जस के तस है। देश में जहां चुनावों की तैयारी चल रही हैं वहीं वन नेशन वन इलेक्शन से नई परिस्थितियां आने वाली है। चुनावों के बाद सामान्यतः महंगाई बढ़ती ही देखी गई है तो दूसरी और विदेशों के हालात देखे तो रुस यूक्रेन युद्ध समाप्ति के दूर-दूर तक कोई आसार नहीं दिखाई दे रहे हैं। चीन की बौखलाहट सामने हैं तो अमेरिका और योरोपीय देशों के आर्थिक व राजनीतिक हालात कोई आशाजनक नहीं दिखाई दे रहे हैं। इन सबके बीच प्राकृतिक आपदाओं और आतंकवादी गतिविधियों का दौर जारी है। ऐसे में आने वाले दिनों में दुनिया के देशों के आर्थिक हालात को लेकर कोई आशा नहीं की जा सकती।

ऐसे में चालू साल की पहली तिमाही में बेहतर विकास दर के बाद अब अधिक चुनौतियां इसलिए सामने आ गई है कि मानसून, चुनाव, त्यौहार और अन्य कारण आने वाले दिनों में अर्थ व्यवस्था के लिए चुनौती पूर्ण होंगे और ऐसे में अभी से संभल कर चलना होगा ताकि विकास दर के स्तर को बनाये रखा जा सके। यह सरकार और अर्थशास्त्रियों के सामने बड़ी और गंभीर चुनौती होगी।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

## राशिफल शनिवार 9 सितम्बर, 2023



पंडित अनिल शर्मा

भाद्रपद मास, कृष्ण पक्ष, दशमी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2080, आर्द्रा नक्षत्र दिन 2:26 तक, व्यतिपात योग रात्रि 10:35 तक, वणिज करण प्रातः 6:25 तक, चन्द्रमा आज मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-कन्या, बुध-सिंह, गुरू-मेष, शुक्र-कर्क, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज भद्रा प्रातः 6:25 से सांय 7:19 तक है। आज व्यतिपात पुण्य, अश्वत्थ मारूती पूजन है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 7:46 से 9:19 तक, चर 12:24 से 1:57 तक, लाभ-अमृत 1:57 से 5:03 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 6:13, सूर्यास्त 6:35

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

**वृष**
नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यक्तिगत परेशानियों के कारण मन अशान्त रहेगा और भागदौड़ रहेगी।

**सिंह**
आर्थिक मामलों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त हो सकता है। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा नहीं है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**मकर**
स्वास्थ्य में सुधार होगा। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**कुंभ**
व्यावसायिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी।

**मीन**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

# भारत: विश्व ऊर्जा परिदृश्य एवं जी-20

जी-20 के सदस्य देशों के नेता जब इस महीने की 9 और 10 तारीख को मिलेंगे, तो उनकी प्रमुख चिंता जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए ऊर्जा परिवर्तन में तेजी लाने की होगी। जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न तात्कालिक खतरे के साथ ही साथ कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन पर अंकुश लगाने के लिए त्वरित गति से जीवाश्म ईंधन से गैर-जीवाश्म ईंधन का रुख करने की तत्काल आवश्यकता और वैश्विक तापमान में वृद्धि को पूर्व औद्योगिककरण स्तर से 1.5 डिग्री तक सीमित करने के प्रयास को सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया है।

भारत दुनिया में सबसे कम प्रति व्यक्ति उत्सर्जन वाले देशों में से एक है। हमारा प्रति व्यक्ति उत्सर्जन 2.40 टीसीओ2ई (टन कार्बन डाइऑक्साइड समतुल्य) है, जबकि वैश्विक औसत 6.3 टीसीओ2ई है। कार्बन डाइऑक्साइड भार में हमारा योगदान केवल 4 प्रतिशत है जबकि हम दुनिया की आबादी का 17 प्रतिशत हिस्सा हैं। हम एकमात्र प्रमुख अर्थव्यवस्था हैं जिसकी ऊर्जा परिवर्तन गतिविधियां तापमान में 2 डिग्री से कम वृद्धि के अनुरूप हैं। सीओपी 21 पेरिस में, हमने वर्ष 2030 तक 40 प्रतिशत गैर-जीवाश्म बिजली उत्पादन क्षमता हासिल करने का संकल्प लिया था, इस लक्ष्य को हमने नौ साल पहले 2021 में ही हासिल कर लिया। हमारी गैर-जीवाश्म उत्पादन क्षमता 187 गीगावॉट है और 103 गीगावॉट निर्माणाधीन है। ग्लासगो में सीओपी 26 में, हमने 2030 तक 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म बिजली उत्पादन तक पहुंचने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। हमने सीओपी 21 में 2030 तक उत्सर्जन गहनता में 33 प्रतिशत की कमी लाने का संकल्प लिया था और 2019 में इस लक्ष्य को हासिल कर लिया। सीओपी 26 में हमने 2030 तक उत्सर्जन गहनता में 45 प्रतिशत कमी लाने की नई प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

ऊर्जा दक्षता से संबंधित कदम उठाने की दिशा में हम अग्रणी हैं। हमारे उद्योग-केंद्रित प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (पीएटी) कार्यक्रम के माध्यम से हमने कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में सालाना 106 मिलियन टन की कमी की है। उपकरणों पर स्टार लेबलिंग से संबंधित हमारे कार्यक्रम से कार्बन उत्सर्जन में सालाना 57 मिलियन टन, जबकि हमारे एलईडी कार्यक्रम से हर साल 106 मिलियन टन की कमी आई है। ऊर्जा तक पहुंच एसडीजी-7 में सबसे महत्वपूर्ण है। विस्तार की दिशा में किए गए हमारे अभूतपूर्व प्रयासों ने 18 महीनों के भीतर हजारों गांवों और 26 मिलियन घरों को ऊर्जा उपलब्ध कराई है। पिछले नौ वर्षों में, हमने अपनी बिजली उत्पादन क्षमता में 190 गीगावॉट की वृद्धि की है और 1,97,000 सर्किट किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइनें स्थापित कर दुनिया का सबसे बड़ा एकीकृत ठिाड बनाया है। हमने बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की है। ऊर्जा परिवर्तन के संबंध में दुनिया के सामने कई चुनौतियां हैं। चौबीसों घंटे नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त करने के लिए भंडारण अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज विश्व में बैटरी भंडारण विनिर्माण क्षमता केवल 1163 जीडब्ल्यूएच है। भंडारण की लागत वर्तमान में बहुत अधिक है। हम 1000 एमडब्ल्यूएच भंडारण के लिए बोली लेकर आए हैं, जो दुनिया की सबसे बड़ी बोलियों में से है, और हमने बैटरी विनिर्माण क्षमता स्थापित करने के लिए कदम उठाए हैं। परमाणु ऊर्जा निरंतर, स्वच्छ बिजली उत्पादन प्रदान करती है। हालांकि, हमें छोड़कर अधिकांश विकासशील देशों के पास महत्वपूर्ण परमाणु क्षमताओं का अभाव है। छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर इस दिशा में समाधान हो सकते हैं, लेकिन यह अभी तक विकास के चरण में है।

दूसरा समाधान कार्बन कैप्चर, यूटिलाइजेशन एंड स्टोरेज (सीसीयूएस) है लेकिन यह भी शुरुआती चरणों में है। अधिग्रहण का प्रश्न लागत के प्रश्न की तरह ही बरकरार है। एक अन्य चुनौती आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने की है। वर्तमान में, सौर सेल और मॉड्यूल विनिर्माण क्षमता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा एक ही देश तक केंद्रित है। हमने बड़े पैमाने पर विनिर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए एक उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) की स्थापना की और 2026 तक 100 गीगावॉट विनिर्माण क्षमता हासिल करने की राह पर हैं। इसी तरह, भंडारण के लिए लिथियम-आयन बैटरी विनिर्माण क्षमता का अधिकांश हिस्सा एक ही देश तक केंद्रित है। सौभाग्य से, हमने अपनी सीमाओं के भीतर लिथियम भंडार की पहचान कर ली है और लिथियम बैटरी विनिर्माण के लिए एक सफल पीएलआई बोली हासिल की है।

उपर्युक्त मुद्दे ऊर्जा परिवर्तन की राह में आने वाली बाधाओं को रेखांकित करते हैं, जिन्हें मेरी अध्यक्षता में गोवा में संपन्न जी-20 ऊर्जा मंत्रियों की बैठक के दौरान हल किया गया।


पिछली किसी भी जी-20 बैठक की तुलना में अधिक मुद्दों पर सहमति होने के कारण यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही। हमने ऊर्जा परिवर्तन का रुख करते हुए ऊर्जा पहुंच के सर्वोपरि महत्व को स्वीकार किया। हम इस बात को स्वीकार करते हैं कि जब तक वैश्विक स्तर पर 773 मिलियन लोग ऊर्जा तक पहुंच से वंचित हैं, तब तक ऊर्जा परिवर्तन को पूर्ण नहीं माना जा सकता। हमने ऊर्जा संक्रमण प्रयासों के साथ-साथ ऊर्जा सुरक्षा, पहुंच और सामर्थ्य को आगे बढ़ाने के महत्व को सामूहिक रूप से स्वीकार किया है। हमने प्राकृतिक परिस्थितियों के आधार पर समानता और विभेदित जिम्मेदारियों पर जोर देते हुए पेरिस समझौते और उसके तापमान लक्ष्य के पूर्ण कार्यान्वयन के माध्यम से जलवायु परिवर्तन की समस्या को हल करने की आवश्यकता पर भी सहमति प्रकट की है। सभी मंत्रियों ने ऊर्जा दक्षता सुधार की वैश्विक दर को दोगुना करने के लिए एक रोडमैप तैयार करने पर प्रतिबद्धता जताई और भारत की अध्यक्षता के तहत तैयार की गई "2030 तक ऊर्जा दक्षता सुधार की वैश्विक दर को दोगुना करने संबंधी स्वैच्छिक कार्य योजना" को स्वीकार किया।

इसके अलावा, हमने नवीकरणीय ऊर्जा उपकरणों और महत्वपूर्ण खनिजों के लिए विश्वसनीय और विविध आपूर्ति श्रृंखलाओं की आवश्यकता पर जोर दिया। भविष्य के लिए ईंधन के रूप में शून्य और कम उत्सर्जन प्रौद्योगिकियों से उत्पादित हाइड्रोजन के महत्व को स्वीकार किया गया। सभी मंत्रियों ने शून्य और कम उत्सर्जन प्रौद्योगिकियों से उत्पादित हाइड्रोजन और अमोनिया के लिए मानकों को सुसंगत बनाने की आवश्यकता पर सहमति प्रकट की और इसमें निष्पक्ष और खुले व्यापार की वकालत की। मंत्रियों ने भारत की अध्यक्षता के तहत शुरू किए गए हाइड्रोजन पर जी-20 उच्च-स्तरीय स्वैच्छिक सिद्धांतों को अंगीकार किया। उभरती ऊर्जा संक्रमण प्रौद्योगिकियों को वहन करने की क्षमता और न्यायसंगत पहुंच को विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए आवश्यक माना गया, और इसलिए प्रौद्योगिकी साझा करने के लिए क्षेत्रीय बहुपक्षीय और सार्वजनिक-निजी नेटवर्क तैयार करना आवश्यक है।

विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए ऊर्जा परिवर्तन के लिए कम लागत वाले वित्तपोषण तक पहुंच को महत्वपूर्ण माना गया। मंत्रियों ने इस संबंध में भारत की अध्यक्षता के तहत तैयार की गई "ऊर्जा परिवर्तन के लिए कम लागत वाले वित्तपोषण" से संबंधित रिपोर्ट का संज्ञान लिया। ऊर्जा मंत्रियों की यह बैठक अत्यधिक सफल रही। इस बैठक के उत्कृष्ट आयोजन के लिए भारत की एक स्वर से प्रशंसा की गई। हमारे लिए दो महत्वपूर्ण निष्कर्ष रहे-भारत ऊर्जा परिवर्तन के क्षेत्र में अग्रणी और ग्लोबल साउथ की आवाज बनकर उभरा है।

**-आर.के. सिंह**
**केंद्रीय विद्युत एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री**

# मुख्य गोगामेड़ी में गोगा नवमी पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



चूरू में हाथों और गले में सर्प डालकर डेंरू की धुन पर नृत्य करते श्रद्धालु पहुंचे।

▪ **मेले में गोगा भक्तों की ओर से हाथों और गले में सर्प व गोईरा डालकर किया गया नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा**

**चूरू,** (कासं)। शहर की मुख्य गोगामेड़ी में शुक्रवार को गोगा नवमी के पावन पर्व पर श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। यहां ऐतिहासिक प्राचीनतम गोगामेड़ी में लोक देवता गोगाजी महाराज का मेले का आयोजन किया गया।

मेले में गोगा भक्तों द्वारा हाथों और गले में सर्प व गोईरा डालकर किया गया नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। गोगा भक्तों ने हाथों में निशान लेकर ढोल बाटका व डेंरु की धुन पर नाचते गाते एक झुंड के रूप में गोगामेड़ी पहुंचकर निशानों को धोक लगाई। आपको बता दें कि इस मुख्य गोगामेडी में शुक्रवार सुबह से ही गोगा भक्तों की लंबी-लंबी कतारे लगनी शुरू हो गई जो शाम तक मेले का रूप धारण कर लिया। ज्ञात रहे कि यह चूरू का ऐतिहासिक मेला है। इस मेले के अवसर पर चूरू जिला कलेक्टर की ओर से सार्वजनिक अवकाश घोषित होता है। क्योंकि इस गोगा नवमीं मेले के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था देखते ही बनती है। इस मेले में चूरू सहित आस.पास के गांवों की गोगामेड़ियों के भक्त अपने निशान लेकर आते हैं। मेले को मध्य नजर रखते हुये जिला प्रशासन ने व्यवस्थाओं की चाक. चौबन्द व्यवस्था की है।

इसमें मेला कमेटी द्वारा पीने के पानी, गोगा भक्तों के लिये दर्शन की व्यवस्था, प्रसाद की व्यवस्था सहित एहतियात के तौर पर पुलिस प्रशासन की भी माकूल व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर भाजपा व कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा गोगा भक्तों का सम्मान भी किया गया। कांग्रेस की ओर से सभापति पायल सैनी, ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सदस्य तनवीर खान, पूर्व सभापति गोविन्द महनसरिया, बीसूका सदस्य नेता मोहम्मद हुसैन निर्वाण व नारायण बालाण ने निशान लेकर आये सभी भक्तों का माल्यार्पण कर व प्रतीक चिन्ह् प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व नगर अध्यक्ष लालचंद दईया, महेश शर्मा, विनोद सैनी, ज्योति सिंह, दीपिका सोनी, दीपिका सेन, ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, कुलदीप सैनी सहित पार्षदए पार्टी कार्यकर्ता व प्रतिनिधि उपस्थित थे।

इसी क्रम में भाजपा की ओर से जिलाध्यक्ष हरलाल सहारण, युवा नेता पराक्रम राठौड़ ने भक्तों का माल्यार्पण कर व प्रतीक चिन्ह् प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक पदमसिंह राठौड़, प्रधान दीपचन्द राहड़, जिला महामंत्री भास्कर शर्मा, हेमसिंह शेखावत, नरेन्द्र कंवल, पूर्व सभापति विजय कुमार शर्मा, पूर्व प्रधान विक्रम कोटवाद, प्रदेश एससी मोर्चा मंत्री सीताराम लुगरिया, उपजिला प्रमुख महेन्द्र न्यौल, नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़ वाल, मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत व दीनदयाल सैनी सहित पार्टी के पार्षद, जिला पदाधिकारीए मण्डल पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जवाई बांध लगा छलकने, गेट खोलने का अल्टीमेटम दिया

जालोर/पाली, (कासं)। पश्चिमी राजस्थान का सबसे बड़ा बांध जवाई बाघ का गेज शुक्रवार को बढ़ने के साथ बांध ओवरफ्लो होकर छलकने पर गेट खोलने को लेकर जल संसाधन विभाग ने जवाई नदी के किनारे रहने वाले लोगो को सर्तक रहने की हिदायत दी।

अधिशाषी अभियंता जवाई नहर सुमेरपुर ने बताया कि शुक्रवार को प्रातः 8 बजे 61.05 फिट आंका गया है, जवाई बांध का कुल गेज 61.25 फिट है। बांध मात्र 0.20 फिट ही खाली है। जवाई बांध में सेई बाघ का जल डाइवर्ट किया जाने से पानी की आवक निरन्तर जारी है। सेई बाध पर सेई टनल को गहरा करने के कार्य को करवाया जाना है।

इसलिए सेई बाघ से निरन्तर पानी जवाई नदी के माध्यम से छोडा जाना भी आवश्यक है। इन परिस्थियों में जवाई बांध के गेटो को आगामी दिनों में किसी भी समय खोला जा सकता है। इसलिए जवाई नदी के आस पास के गाँव तथा आमजन को सूचित किया जाता है कि नदी तथा बांध के आस पास न जावे तथा घर से बाहर जाने वाले व्यक्ति सुरक्षित स्थान पर रहे। साथ ही किसान व मवेशी पालक अपनी मवेशियों को लेकर नदी व बाघ के आस पास न जावे। जवाई बांध ओवरफ्लो होकर छलकने से बांध के सभी गेट से ओवरफ्लो पानी बहता नजर आ रहा है। यदि सेई बांध से पानी की आवक लगातार जारी रही, जवाई बांध के गेट खेले जायेगे। जिससे नदी किनारे रहने वालो लोगो को नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# हेमलता राजे के नेतृत्व में पदयात्रा आज रामदेवरा पहुंचेगी



अचलानन्द गिरी महाराज के सानिध्य में शुरू हुई पदयात्रा 160 कि. मी. की दूरी तय कर मेरानी गांव पहुंची।

▪ **खेड़ा गोलिया में जलशक्ति मंत्री शेखावत ने किया स्वागत**

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर से रामदेवरा तक 1 सितम्बर को देश-प्रदेश व मारवाड में खुशहाली, अमन चैन व भाई चारा एवं सद्भाव के लिए हेमलता राजे के नेतृत्व व अचलानन्द गिरी महाराज के सानिध्य में शुरू हुई पदयात्रा 160 किलो मीटर की दूरी तय कर शुक्रवार को मेरानी गांव पहुंची व विश्राम किया। पूर्व विधायक शेरगढ बाबू सिंह राठौड भी पदयात्रा में साथ है। शनिवार को प्रातः 5.30 बजे विश्राम स्थल पर आरती के बाद पदयात्रा पोकरण व फिर रामदेवरा के लिए प्रस्थान करेगी। उन्होंने बताया मोरानी व पोकरन में अनेक जगह पदयात्रा का स्वागत होगा व गोपाल सिंह के फार्म पर स्वागत के बाद पदयात्रा रामदेवरा पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि रामदेवरा में दर्शन व पूजा अर्चना के बाद पदयात्री पुनः जोधपर लोटेंगे।

पदयात्रा का शुक्रवार को प्रातः आरती के बाद पदयात्रा खेड़ा बागोडिया से खाना हुई। रास्ते में हेमलता राजे व अचलानन्द गिरी महाराज का खेडा बागोडिया से मुख्य सडक पर केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने अगवानी कर स्वागत किया व आशीर्वाद लिया। केन्द्रीय मंत्री कुछ देर पैदल साथ भी चले। उन्होंने पदयात्रा कार्यक्रम की सराहना की। पदयात्रा का रामदेव सेवा मण्डल ने स्वागत किया। ग्राम पंचायत लंवा की सरपंच बसन्ती देवी पालीवाल व श्री सती माता सैनिक क्षत्रिय माली संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में स्वागत में पूर्व प्रधान सुनिता भाटी, किशन सिंह भाटी, महावीर सिंह गंठिया, छोटू सिंट नाडसर, दीपक बांगडी, चिरंजीलाल पालीवाल, भंवरलाल पालीवाल, मदन सेन, राजेन्द्र पालीवाल, पूर्व सरपंच मूलाराम प्रजापत, सेवा समिति अध्यक्ष श्रेयाश परिहार, बाबूलाल सांखला, प्राचार्य आईबक्ष पालीवाल ने ग्राम पंचायत डेडिया की ओर से सरपंच चतुर सिंह ने बाबा रामदेव मित्र मण्डल डोडिया द्वारा भी स्वागत किया व पुष्प वर्षा की गई।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 39 प्रभात जयपुर, शनिवार 9 सितम्बर, 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



**Teenage Troubles**

If parents want their children to listen to their experiences or advice, they need to build a rapport with them.

**5 Ways to Reduce Your Stress Levels**

In each moment, we can be constricted and tight, or relaxed and open. Which are you right now? Can you breathe deeper and allow yourself to relax and open?



*ग्रे वुल्फ की एक प्रजाति, आइबेरियन वुल्फ, जो मूलतः स्पेन और पुर्तगाल से मिलकर बने आइबेरिया प्रायद्वीप में ही मिलते हैं, आइबेरिया के सुदूर दक्षिणी क्षेत्र, एंडलूसिया से लुप्त हो गए हैं। एडलूसिया सरकार के, कृषि, मवेशी, मत्स्य पालन व सतत विकास मंत्रालय के, ''प्रोग्राम ऑफ एक्शन्स फॉर द कंज़र्वेशन ऑफ आइबेरियन वुल्फ इन एंडलूसिया,'' की 2020 के लिए जारी की गई रिपोर्ट में लिखा है कि, ''सन् 2020 में एंडलूसिया में वुल्फ की मौजूदगी का कोई संकेत नहीं था।'' अधिकारियों ने कई बार क्षेत्र के दौरे किए जिसके बाद वे इस नतीजे पर पहुंचे। वैज्ञानिकों ने इन क्षेत्रों में कैमरा ट्रैप लगाए। रिपोर्ट में बताया गया कि, ''वर्ष 2016 से ही सरकार की प्रोग्राम टीम द्वारा किए जा रहे सैम्पलिंग के प्रयासों में एंडलूसिया में वुल्फ की मौजूदगी का कोई प्रमाण नहीं मिला। वर्ष 2003 से तो किसी प्रजनन योग्य जोड़े का भी कोई प्रमाण नहीं मिला और 2014 से एक भी भेड़िया नहीं दिखा है।'' वर्ष 2020 में मवेशी पर हमले की रिपोर्ट मिली थी, पर कैमरा ट्रेप की तस्वीरों से पता चला कि, यह हमला भेड़िए ने नहीं किया था। ग्रे वुल्फ की अन्य प्रजातियों की तरह, आइबेरयन वुल्फ के झुण्ड का मुखिया होता है, प्रजनन करने वाला झुण्ड का सबसे प्रभावशाली जोड़ा। आइबेरियन वुल्फ आम यूरेशियन वुल्फ से अलग होते हैं, क्योंकि इनका शरीर छरहरा होता है। इसके अलावा ऊपरी होंठ पर सफेद निशान, पूंछ और अगली टांगों पर काले निशान इनकी मुख्य पहचान हैं।*

# लोकसभा चुनाव से पहले घोसी में मिली हार, यू.पी. में भाजपा के लिए शर्मिंदगी का सबब बनी

## घोसी सीट पर विपक्षी गठबंधन इंडिया का भाजपा से सीधा मुकाबला था

- घोसी सीट का उपचुनाव इंडिया गठबंधन का मुश्किल टैस्ट था, क्योंकि भाजपा ने इसमें पूरी ताकत लगा दी थी। इस टैस्ट में मिली सफलता से विपक्षी दल काफी उत्साहित हैं। इस उत्साह का असर 13 सितम्बर को होने वाली इंडिया गठबंधन की मीटिंग में भी दिखेगा।
- 13 सितम्बर को पवार के दिल्ली निवास पर इंडिया गठबंधन की समन्वय समिति और चुनाव रणनीति समिति की भी बैठक होगी।
- इस बैठक में विधानसभा चुनावों में भाजपा को सीधी टक्कर देने की रणनीति पर विचार किया जाएगा।

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 8 सितम्बर। आज जिन सात विधानसभा सीटों के उपचुनाव के परिणाम घोषित हुए है उनमें भाजपा पर 4-3 से जीत दर्ज करने से उत्साहित इंडिया गठबंधन ने अपनी समन्वय समिति तथा चुनाव रणनीति समिति की पहली बैठक 13 सितम्बर को रखी है।

इस बैठक में विपक्ष के नेताओं की पहली संयुक्त सार्वजनिक रैली की तिथि और स्थान तय करने के अलावा पांच राज्यों में आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति भी तय की जा सकती है।

उपचुनावों के नतीजों ने विपक्ष के हौंसले बढ़ा दिए हैं, जिसने कुछ सीटों पर एक-दूसरे से मुकाबला किया जबकि उत्तर प्रदेश के घोसी जैसी सीटों पर गठबंधन में लड़ा। घोसी की जीत लोकसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए झटका है जबकि इंडिया गठबंधन के लिए यह एक प्रोत्साहन है।

एन.सी.पी. प्रमुख शरद पवार के निवास पर नई दिल्ली में होने वाली बैठक में इंडिया गठबंधन के नेता घोसी के प्रयोग को दोहराते हुए राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और मिज़ोरम में होने वाले विधानसभा चुनावों में संयुक्त मुकाबला करने पर चर्चा करेंगे।

इंडिया गठबंधन की 28 में से 14 पार्टियों ने स्टीयरिंग कमेटी तथा चुनाव प्रबंधन कमेटी में अपने प्रतिनिधि शामिल कर दिए है लेकिन माकपा को नामांकन अभी बाकी है। इस कमेटी के अलावा गठबंधन ने 19 सदस्यीय अभियान समिति, 12 सोशल मीडिया कार्यकारी समूह, मीडिया के लिए 19 सदस्यीय कार्यकारी समूह और अनुसंधान के लिए 11 सदस्यीय कार्यकारी समूह गठित किए हैं।

इंडिया गठबंधन ने 2024 चुनाव भाजपा के विरूद्ध संयुक्त रूप से लड़ने की योजना में काफी एकजुटता दिखाई है लेकिन अभी तक सीटों के बंटवारे और बूथ प्रबंधन जैसे मुद्दों पर चर्चा नहीं

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# उपचुनाव नतीजों से लगता है लोकसभा चुनावों में इंडिया कड़ी टक्कर देगा एन.डी.ए. को

## विधानसभा की सात सीटों के उपचुनाव में विपक्ष ने 4 और भाजपा ने तीन सीटें जीती हैं

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 8 सितम्बर। अगर सात विधानसभा उपचुनावों के परिणामों को आगामी विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों का संकेतक माना जाये तो इन चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाले एन.डी.ए. तथा विपक्षी गठबंधन इंडिया के बीच कड़ी और कांटे की टक्कर की स्थिति दिखाई दे रही है। इन सात विधानसभा उपचुनावों में से तीन सीटें भाजपा के खाते में तथा चार सीटें विपक्षी गठबंधन के पक्ष में गई हैं।

- भाजपा प्रत्याशी, उत्तराखंड की बागेश्वर और त्रिपुरा की बोक्सानगर व धनपुर सीटों पर विजयी हुए हैं।
- इसके विपरीत विपक्षी गठबंधन इंडिया के खाते में यू.पी. की महत्वपूर्ण घोसी विधानसभा सीट, प. बंगाल की धुगपुरी, झारखंड की डुमरी और केरल की पुथुपल्ली सीट आई है।
- सबसे शानदार जीत रही, केरल में पुथुपल्ली सीट पर कांग्रेस की, जहां स्व. ओमान चांडी के पुत्र ने माकपा प्रत्याशी को 36,000 वोटों से हरा कर नया रिकॉर्ड बनाया।

जहां भाजपा उम्मीदवार त्रिपुरा की धनपुर तथा वौक्सानगर तथा उत्तराखंड की बागेश्वर सीट से जीते हैं, वहीं झारखंड की घुमरी सीट, केरल की पुथुपल्ली सीट तथा पश्चिम बंगाल की घुगपुरी सीट पर विपक्षी गठबंधन विजयी रहा है तथा उत्तर प्रदेश की घोसी सीट पर सपा प्रत्याशी 36 हजार वोटों से आगे हैं।

त्रिपुरा में बौक्सानगर सीट से भाजपा के तफज्जल हुसैन तथा आदिवासी बहुल धनपुर सीट से बिन्दु देबनाथ विजयी रहे हैं।

उत्तराखंड की बागेश्वर सीट पर भाजपा की पार्वती दास पर पर शुरूआती लीड लेने के बाद, कांग्रेस पार्टी के बसंत कुमार पिछड़ गये तथा अंत में सुश्री दास ने कुमार को 2400 से अधिक वोटों से हरा दिया। यह उपचुनाव चार बार विधायक रहे कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास की अप्रैल में मृत्यु हो जाने के बाद हुआ था।

सत्तारूढ़ सी.पी.आई. (एम) को जबरदस्त पटखनी देते हुये, कांग्रेस-यू.डी.एच. गठबंधन के चांडी ओमान केरल ने पुथुपल्ली सीट पर 36000 से अधिक वोटों से जीत दर्ज की। कांग्रेस ने दिग्गज नेता रह स्व. ओमान चाण्डी के पुत्र चाण्डी ओमान ने पहले राउण्ड में प्राप्त हुई बढ़त मतगणना समाप्त होने तक जारी रखा।

झारखंड में गिरिडीह जिले के घूमरी विधानसभा सीट के लिये हुये उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जे.एम.एम.) प्रत्याशी बेबी देवी विजयी रही हैं तथा उन्होंने ऑल झारखंड स्टूडेन्ट्स यूनियन (ए.जे.एस.यू.) पार्टी की प्रत्याशी यशोदा देवी को 17,000 से अधिक वोटों से हराया।

उत्तर प्रदेश के घोसी विधानसभा क्षेत्र से चुने गये विधायक दारा सिंह चौहान, जो लोकप्रिय ओ.बी.सी. नेता हैं, समाजवादी पार्टी से इस्तीफा देने के बाद, फिर से भाजपा में शामिल हो गये थे। उनके इस्तीफे के कारण घोसी सीट पर उपचुनाव जरूरी हो गया था। समाचार लिखने तक, समाजवादी पार्टी के सुधाकर सिंह 30,000 से अधिक वोटों से जीत गये हैं। हालांकि अभी परिणाम घोषित नहीं हुआ है, लेकिन सपा अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सुधाकर

( शेष पृष्ठ 4 पर )

क्या आपको कम सुनाई देता है।?
ऑटोमेटिक कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
कॉकलियर इम्पलांट, ऑटिजम
डिले स्पीच, हकलाना, तुतलाना
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
सम्पर्क- 94602 07080

## मांगरोल कांग्रेस मंडल अध्यक्ष की हत्या

मनियां, 8 सितम्बर (निसं)। धौलपुर जिले के मनियां कस्बे में शुक्रवार शाम को मांगरोल कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष की अंधाधुंध गोलियां चलाकर हत्या कर दी गई। हत्यारे हवाई फायर करते हुए भाग गए। घटना के बाद मनियां थाना पुलिस ने मृतक के शव को जिला अस्पताल धौलपुर की मोर्चरी में रखवा दिया। घटना के बाद इलाके में तनाव बना हुआ है। पुलिस मामले में कुछ भी कहने से बचती हुई नजर आ रही है।

- मेहताब सिंह गुर्जर पर दिन दहाड़े सरे बाजार एक दर्जन बदमाशों ने गोलियां चलाईं, बाद में बदमाश हवाई फायर करते हुए भाग गए।

जानकारी के अनुसार 50 वर्षीय मृतक मेहताब गुर्जर पुत्र प्रद्युम्न सिंह निवासी जलालपुर

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# लोकसभा चुनावों के लिए जद ( एस ) से गठबंधन किया भाजपा ने

## यह स्पष्ट संकेत है कि, लोकसभा चुनावों में अपनी संभावनाओं को लेकर भाजपा बेहद चिंतित है

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

- वैसे इस गठबंधन की संभावना काफी समय से थी, क्योंकि विधानसभा चुनाव में 30-35 सीट जीत कर किंग मेकर बनने का सपना देख रही जद (एस) को मात्र 19 सीटें मिलीं और पार्टी अब अस्तित्व के संकट से जूझ रही है।
- कांग्रेस के ''ऑपरेशन हस्त'' ने भी दोनों दलों को परेशान कर दिया है, क्योंकि, दोनों दलों के कई नेता कांग्रेस में चले गए हैं।
- इन्हीं कारणों से दोनों दलों ने लोकसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ने का फैसला किया है।

नई दिल्ली, 8 सितम्बर। भाजपा कर्नाटक में आगामी लोकसभा चुनावों में अपनी संभावनाओं को लेकर काफी चिंतित है, इसलिए उसने शुक्रवार को उसने क्षेत्रीय पार्टी जनता दल (एस.) के साथ चुनावी गठबंधन की घोषणा की क्योंकि दोनों पार्टियां महसूस करती हैं कि विभाजित रहने में दोनों को नुकसान है।

इस गठबंधन को लेकर कोई आश्चर्य नहीं हुआ कि क्योंकि इसकी तैयारी तब से थी जब कांग्रेस ने दोनों पार्टियों को टक्कर दी और अल्पसंख्यक वोट भी उसके खाते मे गए। इस गठबंधन की पुष्टि करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा ने कहा कि भाजपा का जनता दल (एस.) के साथ लोकसभा तथा नगरपालिका चुनावों के लिए समझौता होगा।

येदियुरप्पा ने इस गठबंधन का स्वागत किया जिसे औपचारिक रूप दिया गया पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवगौड़ा तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुलाकात के बाद, जिसमें इस मुद्दे पर समझौता हुआ।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वे इस समझौते से खुश हैं जिसके तहत जनता दल (एस.) को 28 में से 4 सीटें मिलेंगी।

लोकसभा में यह गठबंधन मजबूत साबित हो सकता है क्योंकि इससे कांग्रेस-विरोधी वोटों का विभाजन रूक जाएगा और कांग्रेस को वैसी जीत मिलने में कठिनाई आ सकती है। जैसी कुछ माह पूर्व विधानसभा चुनाव में मिली थी। जनता दल (एस.) की तो बहुत बुरी हार हुई जब अल्पसंख्यक मतदाताओं ने बजरंग दल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के वादे पर कांग्रेस को ही वोट दिया।

चुनाव से पहले जनता दल (एस.) को उम्मीद थी कि वह त्रिशंकु विधानसभा की स्थिति में किंगमेकर की भूमिका निभाएगी और सरकार बनाने के लिए भाजपा से सहयोग करेगी। लेकिन परिणाम एकतरफा रहा और जनता दल (एस.) को तो राज्य में अपना अस्तित्व बचाने की चिंता हो गई।

अब भाजपा और जनता दल (एस.) दोनों ही ऑपरेशन हस्त के कारण कांग्रेस के निशाने पर हैं और इससे बचने के लिए उन्होंने अपने संसाधन

( शेष पृष्ठ 4 पर )

## लापता टी-79 के दूसरे शावक की भी मौत

बौंली, बामनवास, 8 सितम्बर (निसं)। सवाई माधोपुर जिले के विश्व प्रसिद्ध रणथंभौर टाइगर नेशनल पार्क से, पिछले 25 दिनों से अचानक शावकों को अनाथ छोड़कर लापता हुई बाघिन टी-79 के दूसरे शावक की भी शुक्रवार को मौत हो गई। बाघिन के लापता हो जाने के बाद मात्र 3 दिन में ही तीन शावकों में से दो की मौत हो चुकी है। तीसरे शावक को वन विभाग की टीम ने रणथंभौर वन्य प्राणी चिकित्सालय में रखा है।

- तीन शावकों को छोड़ कर 25 दिन पहले लापता हुई बाघिन टी-79 के दो शावकों की तीन दिन के भीतर मौत हो गई है। तीसरे शावक को वन्यजीव चिकित्सालय में रखा गया है।

शावक करीब ढाई महीने के बताए

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# 'सरकार का झूठ व कुप्रबंध उजागर करने वाले डेटा दबाए जा रहे हैं'

## कांग्रेस ने मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए राष्ट्रीय स्तर पर जात आधारित जनगणना कराने की मांग की

- कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने जी-20 शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर एक बयान जारी कर आरोप लगाया कि, सरकार ने 2017-18 का एन.एस.एस, एम्प्लॉयमैंट डेटा 2019 तक दबाए रखा, बाद में यह डेटा लीक हो गया तब पता चला कि, बेरोजगारी 45 प्रतिशत बढ़ गई है और ग्रामीण उपभोक्ता खर्च में भारी गिरावट हुई है।
- रमेश ने कहा कि, अब सरकार कंज़्यूमर एक्सपैंडिचर सर्वे के डेटा को भी दबाए बैठी है। यह डेटा जुलाई 2023 में आ गया है पर संभवतया लोकसभा चुनाव तक यह सार्वजनिक नहीं किया जाएगा।
- कांग्रेस ने आरोप लगाया कि, एम्प्लॉयमैंट- अनएम्प्लॉयमैंट सर्वे 2017 से बंद है, नैशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो में 2017 से मॉब लिंचिंग का डेटा नहीं लिया जा रहा है, कोविड में मरने वाले प्रवासी मजदूरों और कोविड योद्धाओं की मौत का भी रिकॉर्ड नहीं है।

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 8 सितम्बर। नरेन्द्र मोदी सरकार पर उसके लिये असुविधाजनक डेटा को दबाने का आरोप लगाते हुये, कांग्रेस ने आप सत्तारूढ़ दल से कहा कि वह अपडेटेड राष्ट्रीय जातिगत जनगणना कराये तथा राज्य-स्तरीय जातिगत जनगणना के प्रयासों का विरोध करना बंद करे।

18वें जी-20 सम्मेलन की शुरुआत के एक दिन पूर्व जारी किये गये एक बयान में कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, ''सरकार के लिये असुविधाजनक डेटा, जैसे' 2017-18 एन.एस.एस. तथा 2022-23 की सी.ई.एस. को दबाना बंद कीजिये, स्वास्थ्य-संकेतकों में अपनी असफलाओं को छिपाने के लिये एन.एफ.एस.एस. से बहुत बड़े साख्यिकीय तंत्र में भरोसा कायम कीजिये।''

रमेश ने कहा कि नैशनल सैम्पल सर्वे (एन.एस.एस.) 2017-18 में कराया गया था लेकिन मोदी सरकार ने उसे दबा दिया था। एन.एस.एस. बेरोज़गारी डेटा 2019 के चुनावों के बाद तक जारी नहीं किया गया था, उपभोग डेटा अभी तक जारी नहीं किया गया है। एन.एस.एस. की लीकेज दर्शाती है कि बेराज़गारी 45 वर्षों के सर्वोच्च स्तर पर है था 2011-12 के बाद, ग्रामीण उपभोग व्यय में अभूतपूर्व कमी आई है। नोटबंदी तथा जी.एस.टी. के गलत ढाँचे के कारण, मोदी सरकार द्वारा किये गये अर्थव्यवस्था के सर्वनाश की सच्चाई को एन.एस.एस. को साफ तौर पर उजागर कर रहा है। इसलिये अब इस रद्दी की टोकरी के हवाले कर दिया गया है।

मीडिया रिपोर्टों को उद्धृत करते हुये, रमेश ने कहा कि ऐसी संभावना है कि 2022-23 का कन्ज्यूमर एक्सपेन्डिचर सर्वे (सी.एफ.एस.) 2024 के चुनावों के बाद तक सरकार द्वारा रोके रखा जा सकता है, जबकि यह जुलाई 20123 में ही पूरा हो गया था। उन्होंने कहा, ''जाहिर है कि मोदी सरकार इस बात से डर रही है कि सी.एफ.एस. से सरकार के बहुत बड़े कुप्रबंधन तथा कुशासन सबके सामने आ जायेंगे।''

रमेश ने कहा कि 2019-20 के नैशनल फैमिली हैल्थ सर्वे (एन.एफ.एस.) ने मोदी सरकार के झूठों का पर्दाफाश कर दिया था- खुले में मल-त्याग का उन्मूलन (खून की कमी) बढ़ता जा रहा था। स्वास्थ्य संकेतकों में अपनी बहुत कमी से लज्जित, मोदी सरकार ने इन्टरनैशनल

( शेष पृष्ठ 4 पर )

## प्रियंका की 10 सितम्बर को टोंक में जनसभा

जयपुर, 8 सितम्बर (का.प्र.)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गाँधी वाड्रा 10 सितम्बर को राजस्थान के टोंक जिले के झिलाय गाँव में विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगी।

- टोंक के झिलाय गांव में होने वाली इस जनसभा की तैयारियों के सिलसिले में 9 सितम्बर को वेणुगोपाल जयपुर में कांग्रेसी नेताओं की बैठक लेंगे।

दस सितम्बर को प्रातः 10 बजे झिलाय स्थित विवेकानन्द मॉडल स्कूल के प्रांगण में यह जनसभा आयोजित होगी। इस अवसर पर राजस्थान प्रभारी सुखजिन्द्र सिंह रंधावा, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# सब कुछ आप ही रखोगे, अपने घर ही सब कुछ ले जाओगे, तो बाकी लोग कहां जाएंगे? : रंधावा

## कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी बोले, ''अपने परिवार पर कंट्रोल रखना होगा वरना दूसरे कार्यकर्ता काम क्यों करेंगे?''

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान में इस समय टिकट के दावेदारों की भाग दौड़ चल रही है, लेकिन हर बार की तरह इस बार भी हर नेता अपने ही परिवार में टिकट चाहता है। या तो टिकट उसे खुद को मिले या फिर उसके परिवार की किसी व्यक्ति को टिकट मिले। ऐसे में बाकी दावेदारों में गुस्सा होना लाजमी है। अब इस गुस्से को ठंडा करने का दारोमदार खुद राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने उठाया है। यूथ कांग्रेस के कार्यक्रम में उन्होंने फिलहाल पार्टी कार्यकर्ताओं को ठंडा छींटे दिए हैं। अब वे टिकट वितरण में अपनी बात पर कितना ठहर पाएंगे, यह उम्मीदवारी घोषित होने पर पता चलेगा।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित युवा कांग्रेस के कार्यक्रम में कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने पार्टी में बड़े पदों पर बैठे नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि मेरे पास टिकट मांगने के लिए ऐसे एप्लीकेशन आ रहे हैं, जिनमें बाप मंत्री, बेटा-बेटी अध्यक्ष, उसी परिवार के दूसरे सदस्य कुछ और पदों पर हैं। ऐसा कैसे चलेगा? अगर एक ही नेता का परिवार सब पद ले लेगा तो यूथ कांग्रेस का कार्यकर्ता कहां जाएगा? जब तक बड़े लीडर अपने परिवार को पीछे नहीं करेंगे, कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी के लिए मेहनत कैसे करेगा?

रंधावा ने कहा कि कांग्रेस दोबारा आएगी, लेकिन एक काम करना होगा। हमें परिवार पर कंट्रोल करना होगा। अगर आप सब कुछ अपने घर में रखे हो तो कांग्रेस कैसे मजबूत होगी? बाप मंत्री, बेटा जिला प्रमुख, अरे सब कुछ आप ही रखोगे। अपने घर ही सब कुछ ले जाओगे। मैं देखता हूं बेटा अध्यक्ष, बेटी डेयरी अध्यक्ष, जब आपके परिवार को ही सब कुछ मिल जाएगा तो बाकी लोग कहां जाएंगे? जो कांग्रेस का परिवार है, वह कहां जाएगा?

रंधावा ने कहा कि मेरे पिता जब तक राजनीति में एक्टिव थे, उन्होंने मुझे आगे नहीं किया। जब मुझे टिकट दिया तो उन्होंने एक्टिव राजनीति से संन्यास ले लिया। इसी तरीके की सोच कांग्रेस के सीनियर नेताओं को रखनी होगी। अगर नेता अपने परिवार की तरफ ही देखते रहेंगे तो कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी के लिए क्यों लड़ेगा? कांग्रेस कार्यकर्ता तभी पार्टी के लिए लड़ेगा, जब उसे लगेगा कि मेरा पार्टी में भविष्य है।

युवाओं को टिकट देने के सवाल पर रंधावा ने कहा कि यूथ कांग्रेस के नेताओं को आश्वासन दिया है कि उन्हें भी चुनाव में प्राथमिकता मिलेगी। भले ही नेताओं के परिवार के सदस्यों के टिकट के आवेदन आए हों। जिस तरीके से पहले भी कुछ प्रतिशत यूथ कांग्रेस के लिए टिकट रखे जाते हैं। उसी तरीके से इस बार भी वह टिकट दिए जाएंगे ताकि यूथ और फ्यूचर पार्टी में एडजस्ट होता रहे। जो भी डिजर्व करेगा, उसे टिकट दिया जाएगा।

रंधावा बोले कि जिन नेताओं के बेटे-बेटी टिकट मांग रहे हैं। उनका पार्टी सर्वे में रिकॉर्ड देखने के आधार पर ही चयन होगा। पार्टी में नेताओं के बेटे-बेटियों की दावेदारी से भाजपा नेताओं के परिवारवाद के आरोप पर रंधावा ने कहा कि भाजपा नेता पहले अपने गिरेबां में झांकें। उनके कितने नेताओं ने बेटे-बेटी के लिए टिकट मांगे हैं।

## सनातन धर्म का अपमान करने वालों पर कठोर कार्रवाई की मांग

**जयपुर**। सनातन धर्म के बारे तमिलनाडु के खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन द्वारा दिए गए अपमानजनक बयान के विरोध में शहर के व्यक्तियों ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन में सनातन के विरुद्ध की गई आपत्तिजनक बयानबाजी को समाज में विद्वेष फैलाने वाला बताया।

मेजर जनरल अनुज माथुर ने बताया कि भारतवासियों की भावनाओ को आहत करने का सुनियोजित षड्यंत्र हो रहे हैं। ऐसा लगता है कि भारत को कमजोर करने की साजिश की जा रही है। ज्ञापन में राष्ट्रपति से मांग की है की उदयनिधि का बयान राष्ट्र हित के लिए घातक है अतः मामले में हस्तक्षेप कर कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करवाए। उल्लेखनीय है कि डीएमके नेता उदयनिधि ने सनातन को डेंगू, मलेरिया, कोरोना जैसा बताते हुए इसके उन्मूलन की बात कही थी। ज्ञापन देने वालो में सेवानिवृत्त आईएएस, आईपीएस, सेना के सेवानिवृत्त अधिकारी, एक्स वीसी एवं सेवानिवृत्त न्यायाधीश सम्मिलित थे।

## रोजगार शिविर में शामिल हुई 51 कंपनियां



**यूईएम यूनिवर्सिटी के जयपुर कैंपस में शुक्रवार को जोब फेयर का आयोजन किया गया।**

**जयपुर**, (का.सं.)। राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड (उत्तरी क्षेत्र) शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार व यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, (यूईएम),जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में यूईएम,जयपुर कैंपस में आज राजस्थान के सबसे बड़े प्लेसमेंट (जॉब) शिक्षुता प्रशिक्षण के लिए जॉब फेयर 2023 (रोजगार शिविर) का माँ सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, (राजस्थान) के सेक्रेटरी व अध्यक्ष- नियोक्ता संघ राजस्थान- एन के जैन, राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड के निदेशक- डॉ.एस.के. मेहता, सहायक निदेशक- मानस खवास , यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर- प्रो डॉ बिस्वेजॉय चटर्जी , रजिस्ट्रार- डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा, प्लेसमेंट विभाग के अनीश विश्वनाथ, शंकर सिंह, राजा सरकार, सचिन पांडेय, नेहा कुमारी, अनुज सेठी, डॉ. उमेश गुरनानी आदि शामिल हुए। शिक्षुता प्रशिक्षण (रोजगार मेले) में कुल 51 मल्टीनेशनल कंपनियां शामिल हो रही है साथ ही साथ अनेको राज्यों के लगभग 3500 से ज्यादा विद्यार्थीयों ने रजिस्ट्रेशन किया है। आज लगभग 844 विद्यार्थी प्रशिक्षण के लिए साक्षात्कार में शामिल हुए है।

# काँस्टेबल भर्ती परीक्षा की ओएमआर शीट में कांट छांट करने के पांचों आरोपियों को जमानत मिली

## जाँच अधिकारी बोले : सरकार और पुलिस भर्ती बोर्ड की साख गिरी इसलिए दर्ज की गई एफ.आई.आर.

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान एटीएस-एसओजी ने पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा-2018 की ओएमआर शीट में काट-छांट करने के आरोप में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस के जिन 5 अधिकारियों को पकड़ा था, उन्हें एडीजे प्रथम जयपुर महानगर द्वितीय सतीशचंद गोदारा ने जमानत दे दी है। टाटा समूह की यह कम्पनी देश में पासपोर्ट सेवा केन्द्र भी संचालित करती है।

दरअसल आरोपियों को गत 4 सितम्बर को एटीएस-एसओजी ने ओएमआर शीट में कांट-छांट करने का आरोपी मानकर गिरफ्तार किया गया था। कांस्टेबल भर्ती परीक्षा की ओएमआर शीट में छेड़छाड़ करने को लेकर वर्ष 2021 में एसओजी में पुलिस भर्ती बोर्ड के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने एक एफआईआर दर्ज करवाई थी।

आरोपियों के अधिवक्ता डॉ. अभिनव शर्मा ने एडीजे जयपुर महानगर द्वितीय की अदालत को बताया कि बारां और बूंदी जिले की ओएमआर शीट में कुछ गड़बड़ी को लेकर दो आवेदक उच्च न्यायालय गए, जहां यह बताया गया कि उनके द्वारा उत्तिरत किये जाने के बाद भी प्रश्नों के अंक नहीं दिए जाने से वे नियुक्ति से वंचित रह गए। इस पर हाईकोर्ट ने पुलिस भर्ती बोर्ड को ओएमआर शीट की जाँच कर अभ्यर्थियों का भी पुनः परिणाम जारी करने को कहा था, लेकिन इस प्रकरण में कोई एफआईआर दर्ज करने के आदेश नहीं दिए गए थे। जबकि दर्ज की गयी प्राथमिकी में उच्च न्यायालय के आदेश को ही आधार बनाया गया था। किसी भी पीड़ित पक्षकार ने एफआईआर दर्ज नहीं करवाई, उलटा संशोधित परिणाम जारी होने के बाद हाईकोर्ट से रिट याचिकाएं ख़ारिज हो गयी थी।

- **आरोपियों के अधिवक्ता ने बताया कि पंच-मशीन के निशान समझ कर स्कैनिंग सॉफ्टवेयर ने काले गोले हटा दिए थे, एडीजी और जाँच अधिकारियों को मशीन की त्रुटि का डेमो भी दिया गया था**
- **इसके बावजूद एसओजी ने सिर्फ वाहवाही लूटने के लिए टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के 5 अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया**

पीठासीन अधिकारी के समक्ष पेश हुए एटीएस-एसओजी के जाँच अधिकारी ने न्यायालय को बताया कि यह बात सही है कि प्रकरण में जिन कैंडिडेट को नुकसान हुआ, उन्होंने तो कोई एफआईआर दर्ज नहीं करवाई, लेकिन सरकार और पुलिस भर्ती बोर्ड की किरकिरी इस पूरे गलत जाँच से हुई, इसलिए प्राथमिकी दर्ज की गयी थी।

अधिवक्ता शर्मा ने न्यायालय को बताया कि केवल 10 ओएमआर शीट में हेराफेरी के लिए अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाना बताया है, जबकि 15 लाख से अधिक ओएमआर शीट जांची गयी थी और अकेले दो जिलों में ही 800 से अधिक शीट में गलत स्कैनिंग के कारण सॉफ्टवेर में गड़बड़ी हुई थी, पर पुलिस भर्ती बोर्ड ने पूरी 15 लाख अभ्यर्थियों की ओएमआर शीट जाँच न करवाकर तकनीकी त्रुटि से संतुष्ट होकर ही संशोधित परिणाम जारी किया था, ऐसे में आरोपियों को दोषी नहीं माना जा सकता।

अधिवक्ता डॉ. अभिनव शर्मा ने न्यायालय को बताया कि ढाई साल तक जांच करने के बाद भी पुलिस द्वारा स्वयं के ही भर्ती बोर्ड द्वारा दर्ज करवाए गए प्रकरण में जाँच पूरी नहीं की गई, और हाल ही में नियुक्त डीजी एटीएस-एसओजी अशोक राठौड़ ने अपनी नियुक्ति के तुरंत बाद केवल वाह-वाही लूटने के उद्देश्य मात्र से गिरफ्तारियां करवाई, जबकि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस लिमिटेड द्वारा यह सिद्ध किया जा चुका था कि ओएमआर की स्कैनिंग के दौरान फुजिस्तु कम्पनी के जिन स्कैनर का उपयोग किया गया था, उसमें पंचहोल के काले गोल निशान को हटाने का एक विकल्प स्कैनिंग मशीन के सॉफ्टवेयर में चूक से चालू रह जाने के कारण हाशिये से कुछ नियत दूरी पर जितने भी काले गोले स्कैनर सॉफ्वेयर को नजर आये उन्हें केवल तीसरे प्रश्नपत्र के दूसरे कॉलम में ऊपर से नीचे "सी" या "डी" कॉलम में से एक पैटर्न में तकनीकी रूप से स्वयं सॉफ्टवेर द्वारा हटा गया, जिसे पुलिस गलत ढंग से कांट-छांट बता रही है।

न्यायालय को यह भी बताया गया कि इस पूरी प्रक्रिया को एटीएस-एसओजी के एडीजी अशोक राठौड़ समेत जाँच अधिकारी के सामने भी स्कैनर मशीन में उक्त सॉफ्वेयर फीचर को बंद और चालू कर यह दर्शाया गया था कि किस प्रकार तकनीकी त्रुटि से स्कैनिंग में गड़बड़ी हुई, जिसके लिए टीसीएस कंपनी और उसके अधिकारी जिम्मेदार नहीं थे ना है ना ही उनके द्वार कोई गड़बड़ी की गयी।

## 'विधानसभा चुनाव से पहले निकाली जाएगी रथ यात्रा'

**जयपुर**। प्रदेश में इसी साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दल आम जनता के बीच में अपनी पकड़ मजबूत करने में जुटे हैं। इसके लिए राजनीतिक यात्राओं को माध्यम बनाया जा रहा है, लेकिन इन राजनीतिक यात्राओं के बीच में चुनाव से पहले राजस्थान में एक और रथ यात्रा शुरू हो रही है। जन स्वाभिमान मंच की ओर से रथ यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की जातिगत राजनीति के खिलाफ लोगों को जागरूक करना है। जन स्वाभिमान मंच के संयोजक राजऋषि समताराम महाराज ने कहा कि मंच की संरचना जनता का, जनता के लिए, जनता के द्वारा भयमुक्त राजनीति का उदय करने लिए की गई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए गुंडा तत्वों और माफियाओं का संरक्षण किया जा रहा है। पूरे लोकतांत्रिक सिस्टम को ऐसे लोगों ने हाईजैक कर लिया है। इसी जातिगत राजनीति के खिलाफ जल्द ही तारीख तय करके प्रदेश भर में रथ यात्रा निकालेंगे और आम जनता को इस जातिगत राजनीति के खिलाफ जागरूक करेंगे।

## राजेन्द्र गुढा आज होंगे मीडिया से रूबरू

जयपुर (कासं)। उदयपुरवाटी क्षेत्र से विधायक एवं पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढा शनिवार सुबह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ मीडिया से रूबरू होंगे। उन्होंने गुढा क्षेत्र स्थित लिबर्टी फार्म हाउस पर सुबह 10 बजे पत्रकार वार्ता बुलाई है। माना जा रहा है कि राजेन्द्र गुढा यहां पर भविष्य की राजनैतिक रणनीति को लेकर बड़ा ऐलान कर सकते हैं। गौरतलब है कि राज्य विधानसभा में मणिपुर हिंसा को लेकर केन्द्र की मोदी सरकार पर सवाल उठा रहे कांग्रेस विधायकों को राजेन्द्र गुढा ने राजस्थान में बढ़ रहे महिला अत्याचारों को लेकर घेर लिया था।

## दिव्यांग के हत्यारे को आजीवन कारावास

**जयपुर**, (का.सं.)। जिले के अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-4 ने निकाह से मना करने पर दिव्यांग लड़की की घर में घुसकर हत्या करने और उसकी मां को गंभीर रूप से घायल करने वाले अभियुक्त शकील खान को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने 23 वर्षीय इस अभियुक्त पर दो लाख 51 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत को बताया गया कि मृतका खुशनसीबा के भाई ने 3 सितंबर, 2019 को गलता गेट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि बीती शाम को वह छत पर पतंग उड़ा रहा था। इतने में उसकी अम्मी के चिल्लाने की आवाज आई। जब उसने नीचे जाकर देखा तो अभियुक्त उसकी बहन पर चाकू से वार कर रहा था। इसी दौरान उसकी अम्मी ने बीच बचाव किया तो अभियुक्त ने चाकू मारकर उसे भी घायल कर दिया। अभियुक्त की नजर उस पर पड़ने पर वह चाकू लेकर उसकी ओर भी भागा, लेकिन वह वापस छत पर भाग गया। इस पर अभियुक्त चाकू लेकर बाहर चला गया। इसके बाद दोनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी बहन खुशनसीबा की मौत हो गई। रिपोर्ट में कहा गया कि अभियुक्त उसकी बहन से निकाह करना चाहता था, लेकिन बहन ने इनकार कर दिया। इससे नाराज होकर उसने उसकी हत्या कर दी और अम्मी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। सुनवाई के दौरान अभियुक्त की ओर से कहा गया कि उसका मृतका से संबंध था और वह उससे निकाह करना चाहता था। इसमें उसके परिजन भी राजी थे। घटना के दिन वह नशे में था और गलता गेट श्मशान के पास दोस्तों के साथ बैठा था। इतने में पुलिस ने आकर उसे गिरफ्तार कर लिया और अगले दिन हाथ में चाकू पकड़ा दिया। पुलिस ने उसे मामले में फंसाया है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

## भगवा रैली कल

**जयपुर**। जयपुर में उदयनिधि स्टालिन और ए.राजा के सनातन धर्म पर दिए गए बयान का जवाब युवा शक्ति मंच राजस्थान ने भगवा रैली के माध्यम से देने की घोषणा की है। मंच के संयोजक सुनील सिंह शेखावत ने बताया कि इसके विरोध में जयपुर में रविवार को भगवा रैली का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही रैली के माध्यम से समान नागरिक संहिता लागू करने की मांग भी की जाएगी।

## लोक अदालत आज, ऑनलाइन भी हो सकते हैं शामिल

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार को साल की तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत का आयोजन हाईकोर्ट सहित प्रदेश की अधीनस्थ अदालतों में किया जाएगा।

प्राधिकरण के सदस्य सचिव प्रमिल कुमार माथुर ने बताया कि लोक अदालत को डिजिटल मोड पर भी आयोजित किया जाएगा। इसके लिए रालसा-23 डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया गया है। इसके जरिए पक्षकार घर बैठे अपने मामलों को लोक अदालत में रेफर कर प्रि-काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं और बेंच के समक्ष वीसी से अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकते हैं।

## बिजली संकट के कारण मंत्री को धरने पर बैठना पड़ा : राजेन्द्र राठौड़

**जयपुर**। नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने वक्तव्य जारी कर कहा कि राजस्थान में विद्युत संकट के हालात इतने विकट हो चुके हैं कि कांग्रेस सरकार में युवा मामलात एवं खेल मंत्री अशोक चांदना ने बूंदी जिला कलेक्ट्रेट के बाहर किसानों के साथ अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। यह पहला मौका है जब सरकार के मंत्री को अपनी ही सरकार और प्रशासन के खिलाफ धरने पर बैठने को मजबूर होना पड़े। इससे बड़े शर्म की बात और क्या होगी।

राठौड़ ने कहा कि संविधान के आर्टिकल 164 (2) के अनुसार मंत्रिमंडल के किसी एक मंत्री का बयान पूरे मंत्रिमंडल का माना जाता है। यानी एक मंत्री के धरने पर बैठने से स्पष्ट है कि बिजली संकट को लेकर मंत्रिमंडल में असंतोष पनपा हुआ है। राठौड़ ने कहा कि 4 सितंबर को ऊर्जा मंत्री के आश्वासन के बाद भी बूंदी में बिजली संकट के हालात जस के तस रहे, जिससे व्यथित होकर मंत्री को विद्रोह का बिगुल बजाकर सड़क पर उतरना पड़ा।

# शहरी विकास का कोटा मॉडल देखने विश्वभर के विशेषज्ञ आएंगे : धारीवाल

**जयपुर**, (का.सं.)। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने कहा कि शहरी विकास का कोटा मॉडल भविष्य में देश-दुनिया में जाना जाएगा। आर्किटेक्ट का यह नमूना देशभर में अद्वितीय है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कोटा में विकास के साथ पर्यटन, रोजगार, पर्यावरण संरक्षण के साथ नदी के सौंदर्यकरण जैसे कार्य किए गए हैं। चम्बल नदी तीन राज्यों में बहती है तथा इसका पानी बिजली, पेयजल, सिंचाई के काम आता है। उन्होंने कहा कि 12 सितम्बर को 125 पंडित पहली बार चम्बल माता की 225 फ़ीट ऊंची संगमरमर की मूर्ति की पूजा करेंगे।

स्वायत्त शासन मंत्री धारीवाल शुक्रवार को राजस्थान इन्टरनेशनल सेंटर जयपुर में कोटा-ए-सिटी रिबोर्न कार्यक्रम के संबंध में मीडिया को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोटा मॉडल, नगरीय विकास में देश का अग्रणी मॉडल है। कोटा को रोड लाइट फ्री शहर किया गया है तथा इस शहर को नाइट ट्यूरिज्म के लिए भी विकसित किया जा रहा है। विकास के इन कार्यों से पूरा शहर अद्भुत दिखाई देगा, यहां नाइट ट्यूरिज्म के लिए ओपन बस की व्यवस्था भी करेंगे।



**स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने शुक्रवार को राजस्थान इन्टरनेशनल सेंटर जयपुर में कोटा-ए-सिटी रिबोर्न कार्यक्रम के संबंध में मीडिया को जानकारी दी।**

उन्होंने कहा कि देशभर के लाखों कोचिंग विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावक हमारे एम्बेसडर के रुप में इसकी खूबसूरती को देश भर में पहुंचायेंगे। चम्बल रिवरफ्रंट के जवाहर घाट पर विश्व का सबसे बड़ा गन मेटल का मुखौटा बनाया गया है। यहाँ 22 घाटों की अपनी अलग विशेषता है, दुनिया का सबसे बड़ा नन्दी भी यहां बना है। उन्होंने कहा कि एक बगीचे में वृंदावन में 10 अवतारों की मूर्ति लगाई गई है तथा बुलन्द दरवाजे से ऊंचा दरवाजा बनाया गया है। उन्होंने कहा कि राजपूताना घाट पर राजस्थान के 9 क्षेत्रों की वास्तुकला व संस्कृति को दर्शाया गया है। मुकूट महल में 80 फ़ीट ऊँची छत है, यहाँ पर सिलिकॉन वैली भी है। ब्रह्मा घाट पर विश्व की सबसे बड़ी घण्टी बनाई गई है जिसकी 8 किमी दूर तक आवाज जाएगी तथा एलईडी गार्डन देश का पहला गार्डन है। उन्होंने कहा कि साहित्यिक घाट पर पुस्तक, प्रसिद्ध लेखकों की प्रतिमाएं भी स्थापित की गई है। एक घाट पर शीश महल, मीनार, फाउंटेन भी है।

- **'राजस्थान के सभी सम्भाग मुख्यालय शहरी विकास के मॉडल बनें'**


उन्होंने बताया कि कोटा में 6 किमी लंबा रिवरफ्रंट बनाया गया है, जिस पर 1400 करोड़ रुपये की लागत आई है। 75 एकड़ में सिटी पार्क बना है, जो कि वर्ड क्लास पार्क है तथा आने वाले समय इसकी केस स्टडी करने विश्वभर के लोग आएंगे।

स्वायत्त शासन मंत्री ने कहा कि इस विकास के लिए आर्किटेक्ट, सचिव यूआईटी, इंजीनियर, जिला प्रशासन की टीम ने लगातार कार्य किया है। करोना के समय 10 हजार मजदूरों ने काम किया, उन्हें सभी सुविधाएं दी गई।


### तीये की बैठक



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरी धर्मपत्नी **श्रीमती चन्द्रा केसवानी** का स्वर्गवास 07.09.2023 को हो गया है। तीये की बैठक 09.09.2023 शनिवार को सायं 5.30 बजे पौण्ड्रिक पार्क, ब्रह्मपुरी रोड, जयपुर पर होगी।
**शोकाकुल**- मोहनदास केसवानी (पति), देवानन्द-किरन (पुत्र-पुत्रवधू), तरूण-अभिषेक, करण, लक्ष्य (पौत्र), मनोज, मुकेश (भतीजे), मीरा-किशोर उधवानी, जया-जयप्रकाश, खानचन्दानी, शान्ति (पुत्री-दामाद), मोनिका-विपिन (पौत्री-दामाद), राहुल, मनीषा, ध्रुव, लक्ष्य, दिव्यम, हर्षिता (दोहिते, दोहिती) एवं समस्त केसवानी परिवार 9352410424



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरी धर्मपत्नी **श्रीमती पार्वती सैनी** धर्मपत्नी सत्यनारायण सैनी का आकस्मिक निधन दिनांक 7.9.2023 को हो गया है तीये की बैठक 9.9.2023 को सांय 5 से 6:00 बजे प्लॉट नंबर 111, गणेश नगर, मोती के पीछे, जयपुर पर होगी।
**शोकाकुल**- सत्यनारायण सैनी (पति), कमल सैनी- टीना (पुत्र- पुत्रवधू), पूजा-कजोड मल सैनी (पुत्री- दामाद), आयुष, कनक, परी (दोहिता, दोहिती) एवं समस्त अध्योप्या परिवार। 9352603381

नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**आम सूचना**
समिति के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है, कि समिति की आम सभा का आयोजन समिति कार्यालय प्लॉट नं.-19 श्री कल्याण एनक्लेव ग्राम- चंदलाई जयपुर पर सुबह 11:00 बजे दिनांक 17.09.2023 को किया जायेगा। जिसमें श्री कल्याण एनक्लेव एवं श्री कल्याण एनक्लेव 1st के विकास करने पर विचार विमर्श किया जायेगा। अतः विकास समिति के समस्त सदस्य पधार कर आम सभा की कार्यवाही को सफल बनावें।
अध्यक्ष कैलाश चन्द मीना
श्री कल्याण एनक्लेव विकास समिति शिवदासपुरा, जयपुर

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री गंगाधर गुप्ता पुत्र स्व. श्री रामलाल गुप्ता निवासी बागवानो का मोहल्ला, बगरू, जिला जयपुर के है। मेरे अभिभाष्य के पुत्र अनुज खण्डेलवाल पुत्र श्री गंगाधर गुप्ता निवासी-बागवानो का मोहल्ला, बगरू, जिला जयपुर जो कि मेरे अभिभाष्य के कहने सुनने में नहीं होने के कारण मेरे अभिभाष्य अपने पुत्र अनुज खण्डेलवाल द्वारा परिवार के विरुद्ध किये जा रहे आचरण से तंग आकर मेरे अभिभाष्य ने अपने पुत्र अनुज खण्डेलवाल को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने घर से निष्कासित कर अपने सम्पूर्ण सम्बन्ध समाप्त कर दिये हैं। आज दिनांक के पश्चात मेरे अभिभाष्य का अनुज खण्डेलवाल से पिता पुत्र के सम्बन्ध समाप्त हो गये है एवं आज पश्चात भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का अनुज खण्डेलवाल से किसी प्रकार का कोई भी सम्बन्ध व सरोकार नहीं रहेगा। जो कोई भी व्यक्ति संस्था, संगठन इत्यादि मेरे अभिभाष्य के पुत्र अनुज खण्डेलवाल से किसी भी प्रकार का संव्यवहार करेगा तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगा मेरा अभिभाष्य किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होगी। सूचित रहे।
अमीत नन्दवाना, एडवोकेट, मो. 8003132327

**आम सूचना** दिनांक: 8/9/2023
सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल आनन्दीलाल पुत्र श्री महादेव निवासी प्लाट नंबर 35, शिव नगर कच्ची बस्ती, जनता कालोनी, जयपुर, की पुत्रवधु पिंकी देवी पत्नि स्व. महेश चौहान मेरे मुवक्किल के कहने में नही है तथा आये दिन मेरे मुवक्किल से दुर्व्यवहार करती है, बेइज्जती करती है, उसका चरित्र ठीक नहीं है, इसलिए मेरे मुवक्किल ने अपनी पुत्रवधु पिंकी देवी को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है, आज से पिंकी देवी का मेरे मुवक्किल व उसकी समस्त चल-अचल संपत्ति से कोई संबंध व हक अधिकार नहीं रहा है तथा पिंकी देवी के द्वारा किसी भी व्यक्ति से किये जाने वाले संव्यवहार, लेन-देन तथा आपराधिक कृत्य व कार्यो के बारे में मेरे मुवक्किल की किसी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नहीं है। अतः सूचित रहे।
(गोपालकृष्ण नारोलिया) एडवोकेट

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त- प्रथम**
**राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक- 5452 **जाहिर आम-सूचना** दि. 10.07.2023
राजस्थान आवासन मण्डल की सामान्य पंजीकरण 1982 सांगानेर जयपुर में आवेदिका श्रीमती चन्द्रकला रावत पत्नी श्री विनोद कुमार रावत द्वारा आवेदन क्रमांक 96617 मध्यम आय वर्ग ब में आवास आवंटन हेतु निवेदन करने पर वरियता क्रमांक P-2929/MIG-B/G-1/ HPS/1989 निर्धारित किया गया। तत्पश्चात माननीय न्यायालय राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग नई दिल्ली (रिविजन पिटिशन संख्या 655/2013) द्वारा पारित निर्णय दिनांक 17.03.2022 की अनुपालना में आवास/ फ्लैट आवंटन लॉटरी दिनांक 23.11.2022 के द्वारा फ्लैट संख्या 18/J/05 सरस्वती अपार्टमेन्ट आवंटित किया गया। श्रीमती चन्द्रकला रावत की मृत्यु दिनांक 24.01.2019 को हो जाने के कारण उनके पति श्री विनोद कुमार रावत पुत्र श्री राम नारायण रावत द्वारा आवासन मण्डल मे अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। अतः उक्त पंजीकरण/ आवंटन का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/ पक्षकार को कोई आपती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री विनोद कुमार रावत पुत्र श्री राम नारायण रावता का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। भवदीय
सम्पदा प्रबन्धक राज. आवा. मण्डल, वृत्त- प्रथम,प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त- प्रथम, प्रताप नगर**
क्रमांक: 7669 **आम जाहिर सूचना** दिनांक 06.09.2023
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 182/64 (MIG-A), (एरिया 90.00 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्रीमती राधिका देवी पत्नी श्री कामता प्रसाद को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 1363 दिनांक 16.03.2005 को जारी किया गया। श्रीमती राधिका देवी की मृत्यु दिनांक 30.01.2017 को हो जाने के कारण इनके पति श्री कामता प्रसाद पुत्र श्री तारकेश्वर प्रसाद द्वारा उक्तआवास को अपने नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/ पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं, श्री कामता प्रसाद पुत्र श्री तारकेश्वर प्रसाद का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।
संपदा प्रबंधक,वृत प्रथम, राज. आ. मण्डल, जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक-7528 दिनांक-17.08.2023
**जाहिर आम-सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर सांगानेर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 26/B-2/A/207 (2-F), (HIG), (एरिया 50.875 वर्गमीटर) प्रताप नगर सांगानेर का आवंटन डॉ. चन्द्रकान्त पुत्र श्री ईश्वर राम मीणा को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 4369 दिनांक 29.10.2018 को जारी किया गया। डॉ. चन्द्रकान्त की मृत्यु दिनांक 19.03.2023 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी डॉ. संगीता मीणा पत्नी स्व. डॉ. चन्द्रकान्त द्वारा उक्त आवास/फ्लैट को अपने स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, डॉ. संगीता मीणा पत्नी स्व. डॉ. चन्द्रकान्त का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर

### खोया पाया

हमारे कार्यालय कर्मचारी रूचिका राठौड I'd RA11852 व बद्रीनारायण जाट I'd RA11891 इनके कोटक महिन्द्रा बैंक द्वारा जारी की हुई आईडी कार्ड कहीं खो गई है मिलने पर सूचित करें पता श्री बालाजी एसोसिएट्स वैशाली नगर जयपुर-8875030244

मेरा आवास संख्या 1/900, मालवीय नगर, जयपुर का राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा जारी ओरिजनल नियमितिकरण पत्र एवं अदेय प्रमाण पत्र मुझसे कही गुम हो गया है। मिलने पर सूचित करे 9928314860

### नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम अफशा से बदलकर अफशा खान पुत्री अब्दुल कलाम निवासी 848, मोहल्ला इच्छावतान, बांस बदनपुरा, जयपुर रख लिया है, भविष्य में मुझे अफशा खान के नाम से जाना जावें।

मैं रूचि सलूजा पत्नी मनोज सलूजा निवासी बी-32 मॉडल टाउन, जगतपुरा जयपुर मैंने विवाह पश्चात मेरा नाम कुमारी पूजा सचदेवा पुत्री गोपीचन्द सचदेवा से बदलकर रूचि सलूजा पत्नी मनोज सलूजा रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये।

### न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग जयपुर द्वितीय जयपुर

(फार्म नं.3)
परिवाद अन्तर्गत धारा 35 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019
परिवाद संख्या 336/2022
उत्कर्ष अग्रवाल बनाम शिवशक्ति रीयल होम प्रा.लि. की शिवशक्ति रीयल होम प्रा.लि. (शिवराज रेजीडेन्सी) जी.एच. 3 फेज-2, ओमेक्स सिटी, अजमेर रोड, बगरू खुर्द, भंवभोरिय, जयपुर-302026 निर्देशक राजीव सांघी
आपको एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि श्री उत्कर्ष अग्रवाल पुत्र श्री महेन्द्र कुमार जयतवाल निवासी आर. ए-के. 401-रूद्र आकाश 192-195 पटेल नगर, ईस्कोन रोड, मानसरोवर, जयपुर ... ने इस जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष एक परिवाद पेश किया है, जिसकी प्रतिलिपि संलग्न है।
आपको एतदद्वारा निर्देशित किया जाता है कि इस नोटिस की प्राप्ति के 30 दिवस के अन्दर अपना पक्ष प्रस्तुत करें एवं अपने बचाव में पेश करने वाले समस्त साक्ष्य एवं दस्तावेजों को पेश करें।
आपको पुनः सूचित किया जाता है कि प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22.09.2023 को 10 बजे दिन में रखी गयी है। यदि आप स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित होने में असफल रहे तो उपर्युक्त सुनवाई की तारीख पर परिवाद का एकपक्षीय निर्णय कर दिया जायेगा।
मोहर
रीडर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग जयपुर द्वितीय जयपुर

**सार्वजनिक सूचना नगर निगम, जयपुर, हैरिटेज**
क्र.- एफ-13( ) उपा.आयो-प्रथम/ननिज/2023/570 दि.- 08.09.2023
विषय: जयपुर विकास प्राधिकरण अधिनियम 1982 की धारा 25 (3) राजस्थान नगर पालिका अधिनियम नियम 2009 एवं राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू- उपयोग परिवर्तन नियम 2010 व संशोधित राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू- उपयोग परिवर्तन (संशोधन) नियमन 2021 के अन्तर्गत आपत्तियां/ सुझाव आमंत्रित करने हेतु विज्ञप्ति।
नगर निगम जयपुर हैरिटेज क्षेत्रफ में निम्न वर्णित भूखण्ड धारक में कॉलम 4 में वर्णित मास्टर प्लान विकास योजना 2025 (जयपुर रीजन) व अंकित आवासीय से निर्धारित भू-उपयोग का कॉलम 5 में वर्णित भू-उपयोग हेतु आवेदन किया है जिसका ब्यौरा निम्नानुसार है।

| क्र. स. | आवेदक का नाम, भूखण्ड संख्या योजना का नाम | आवासीय आवंटित भूखण्ड का क्षेत्रफल | मास्टर विकास यो. (2025)(जयपुर रीजन) में निर्धारित का भू- उपयोग | आवेदक द्वारा चाहा गया भू-उपयोग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | मैसर्स शगुन प्रोपर्टीज जरिये पार्टनर श्री मनोज कुमार अग्रवाल पुत्र श्री नवरत्न अग्रवाल | ओ-8 बी व ओ- (पुर्नगठित) सी-स्कीम, जयपुर 2687.30 व.मी. आवासीय | आवासीय | मिश्रित भू-उपयोग |

यदि किसी व्यक्ति /संस्था को उपरोक्त के सम्बन्ध में कोई आपत्ति / सुझाव हो तो कारण सहित इस सूचना के जारी होने की तिथि से 15 दिवस की अवधि तक अपनी आपत्ति/ सुझाव नगर निगम जयपुर, हैरिटेज के आयोजना शाखा में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात आपत्ति/ सुझाव स्वीकार नहीं की जावेगी एवं निगम द्वारा नियमानुसार प्रकरण का निस्तारण किया जावेगा।
राजेन्द्र सिंह शेखावत (I.A.S), आयुक्त नगर निगम जयपुर हैरिटेज

# जयनिवास उद्यान को संवारने के बजाय उजाड़ रहे ठेकेदार व निगम के अफसर

## बिल्डिंग मैटेरियल लेकर पार्क में घुस रहे भारी वाहन कहीं हरियाली नष्ट कर रहे तो कहीं तोड़ रहे पेयजल लाइन

**जयपुर( कासं )।** राजधानी जयपुर के परकोटे की धरोहर "जयनिवास उद्यान" को संवारने के बजाय ठेकेदार और नगर निगम के अधिकारी उजाड़ने में जुटे हुए है। दरअसल यहां फाउंटेन निर्माण, प्लेटफॉम कॉवल लगाने, सी.सी. कार्य और जलदाय विभाग द्वारा पानी की टंकी बनाने का काम 4 ठेकेदार कर रहे हैं, लेकिन आपसी सामंजस्य के अभाव में चारों ठेकेदार मनमर्जी पर उतरे हुए है।

जयपुर के आराध्यदेव गोविंददेवजी के मंदिर प्रांगण में यह उद्यान हैं, यहां रोजाना हजारों जयपुरवासी और देश-विदेश के पर्यटक आते हैं, ऐसे में यहां जो निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ हैरिटेज धरोहर को


- **फाउंटेन निर्माण, प्लेटफॉर्म पर टाइलें लगाने व सी.सी. कार्य में हो रहा है गुणवत्ता से समझौता**
- **पार्क में जगह-जगह कबाड़ के ढेर लगे, जो कि पार्क की सुंदरता पर बने हुए हैं धब्बा**

संभालते हुए होना था, वह कार्य बेहद घटिया निर्माण सामग्री के साथ किया जा रहा है। जिसकी बानगी गत मंगलवार को महापौर मुनेश गुर्जर के औचक निरीक्षण पर सामने आयी थी। हालात इतने बदत्तर मिले कि जो फाउंटेन चंद दिनों पहले लाखों रुपये खर्च करके लगाए थे, वे भी टूटे हुए मिले। जगह-जगह गंदगी, निर्माण सामग्री का मलबा और कबाड़ के ढेर मिले। जिस पर महापौर ने नाराजगी जताते हुए यहां काम करने वाली ठेकेदार की फर्म को ब्लैकलिस्टेड करने को कहा, लेकिन आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत ने इस पूरे मामले की जांच के लिए अतिरिक्त मुख्य अभियंता व वित्तीय सलाहकार की दो सदस्यीय कमेटी बना दी, जिसको आगामी 15 सितंबर तक रिपोर्ट सौंपनी है।

सूत्रों की मानें तो जय निवास उद्यान में नगर निगम के तीन संवेदक नरेश अग्रवाल, राहुल जैन और सुरेश जसवाल की फर्म तथा जलदाय विभाग के एक ठेकेदार की फर्म द्वारा सिविल वर्क किया जा रहा है। उद्यान में फाउंटेन व टाइल वर्क समेत अन्य कार्यों में तो घटिया सामग्री का उपयोग हुआ ही, ठेकेदारों के आपसी सामंजस्य की कमी के कारण उद्यान की हरियाली ज्यादा नष्ट हुई। हालांकि गत मंगलवार को जैसे ही हैरिटेज निगम आयुक्त राजेन्द्र सिंह ने उद्यान में करवाए गए कामों की जांच के लिए कमेटी का गठन किया, वैसे ही ठेकेदारों ने यहां लीपापोती बंद कर काम सुधारना चालू कर दिया, ताकि पोल नहीं खुले। उधर सिविल वर्क कर रहे चारों ठेकेदार बिल्डिंग निर्माण सामग्री जैसे रोड़ी, बजरी, ईंटें, डस्ट, सरिये व टाइलों को भी भारी वाहनों लादकर उद्यान के अंदर तक ला रहे हैं।

ट्रैक्टर-ट्रॉली, पिकअप और मिनी ट्रक में आ रही यह सामग्री घास के मैदानों और पटरियों से लाई जा रही है, जिससे कि उद्यान की हरियाली भी नष्ट हो रही है। हालत ऐसे हैं कि पानी से भरे हुए टैंकर घास के मैदान में खड़े किए जा रहे हैं, जिससे यहां अंडरग्राउंड किए गए पाइप लाइन भी आये दिन क्षतिग्रस्त हो रही है। उधर पार्क में बच्चों के लिए लगाए गए झूले व अन्य खेल साधन भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिसका कबाड़ भी जगह-जगह पड़ा हुआ है, जो कि हैरिटेज विरासत की दुर्दशा का रोना रो रहा है।





गोविंददेवजी मंदिर परिसर में स्थित जय निवास उद्यान इन दिनों कबाड़ का गोदाम बना हुआ है। यहां सिविल वर्क करने वाले ठेकेदार उद्यान की हरियाली को भी उजाड़ने में लगे हुए हैं, इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शन बने बैठे है।



# हसनपुरा में फर्जी डॉक्टर क्लिनिक चलाते पकड़ा

## औषधि नियंत्रण आयुक्तालय की टीमों ने आरोपी के घर और क्लिनिक से 9 लाख रुपए की अवधिपार दवाईयां जब्त की

**जयपुर** (कासं)। खाद्य सुरक्षा व औषधि नियंत्रण आयुक्तालय की टीम ने जयपुर में हसनपुरा स्थित शांति नगर में सरकारी डिस्पेंसरी के पास एक फर्जी डॉक्टर को क्लिनिक चलाते हुए पकड़ा है। टीम ने आरोपी के घर और क्लिनिक से लाखों रुपए की अवधिपार दवाईयां जब्त की है।

औषधि नियंत्रक अजय फाटक ने बताया कि आरोपी इकबाल अगवानी निवासी वनस्थली मार्ग के खिलाफ उसके भाई ने औषधि नियंत्रण विंग को शिकायत की थी। उसने बताया कि इकबाल अगवानी अपने घर और हसनपुरा स्थित शांति नगर में सरकारी डिस्पेंसरी के पास बिना लाइसेंस के क्लिनिक चलाकर दवाईयां बेचता है। इस पर औषधि नियंत्रण आयुक्तालय ने दो टीमें बनाकर आरोपी के घर और क्लिनिक पर कार्रवाई की। एक टीम ने बुधवार को इकबाल के घर पर छापा मारा। इस दौरान वहां से बिना लाइसेंस के सात लाख की अवधिपार दवाईयां जब्त की। कार्रवाई के दौरान आरोपी ने लाइसेंस क्लिनिक में होने की बात कही। जिस पर दूसरी टीम उसकी शांति नगर स्थित क्लिनिक पर पहुंची, लेकिन वहां ताला लगा होने पर उसे सील कर दिया।



औषधि नियंत्रण टीम ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए आरोपी की मौजूदगी में क्लिनिक ताला खुलवाकर जांच की। इस दौरान उसने स्वीकार किया कि उसके पास लाइसेंस नहीं है और वह इसके बिना ही क्लिनिक चला रहा था। टीम ने मौके से पांच तरह की दो लाख रुपए की अवधिपार दवाईयां व मेडिकल उपकरण जब्त किए। टीम ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाकर जांच शुरू कर दी है।

# पीडब्ल्यूडी अफसरों के बीच रिश्वत के लेनदेन के मामले में एफआईआर दर्ज

**जयपुर** । सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में ऊंची दरों पर टैंडर देने और घटिया निर्माण सामग्री सप्लाई करवाने के मामले में डूंगरपुर एक्सईएन जितेन्द्र कुमार जैन को विभागीय कार्रवाई में बचाने की एवज में रिश्वत के लेन-देन के मामले में एसीबी ने एफआईआर दर्ज कर ली है। एफआईआर में एक्सईएन जितेन्द्र कुमार, एईएन अनंत कुमार गुप्ता और चीफ इंजीनियर सुबोध कुमार मलिक और अन्य लोगों के बीच हुई बातचीत के कुछ अंश शामिल किए हैं।

सूत्रों के अनुसार एक्सईएन जितेन्द्र व एईएन अनंत के बीच 8 जुलाई को बातची होती है। इसमें एईएन जयपुर में चीफ इंजीनियर से अपने अच्छे संबंध होने की बात कह रहा हैं। साथ ही एक बार संबंधित अधिकारी से मुलाकात करने और पैसे के लेनदेन की बात कह रहा है। वहीं एक्सईएन रिश्वत की राशि की बात कह रहा है। इसके अलावा 10 जुलाई को एक्सईएन की पत्नी से भी बातचीत होना पाया गया है। इसके बाद 15 जुलाई एक्सईएन व अन्य व्यक्ति के बीच बात होती है। इसमें एक्सईएन उससे दस तक का ऑफर देने की कह रहा है। जिस पर दूसरा व्यक्ति इस काम को जल्द करवाने कह रहा है। इसके अलावा 11 व 13 अगस्त को भी एक्सईएन व एईएन के बीच बात होती है। जिसमें एईएन कह रहा है कि साहब से बात हो गई, उनका फोन आ गया था, मैंने कहा है कुछ रास्ता निकालो। इस पर उन्होंने कहा कि मैंने तो आपकी रेट फिक्स कर रखी है, तब मैंने कहा है कि सर वो जो दें, वह ले लेना। उन्हें कहा है कि मेरा अच्छा मित्र है, उसका काम शार्टआउट करो। इसके बाद 17 अगस्त और 5 सितम्बर को बात होती है जिसमें एईएन कह रहा है कि मलिक साहब से बात हो गई है, कल का टाईम दे दिया है। इस पर एक्सईएन साथ चलने को कह रहा है। चीफ इंजीनियर सुबोध कुमार मलिक और एईएन जितेन्द्र कुमार के बीच बातचीत होती है, जिसमें मलिक कहता हैं कि आप चार तारीख को ही आ जाओ।

# पुलिस इंस्पेक्टर के खाते से ठगों ने दो लाख रु.निकाले

**जयपुर** (कासं)। राजधानी के जेडीए थाने में तैनात इंस्पेक्टर के खाते से सायबर ठगों ने करीब दो लाख रुपए साफ कर दिए। बडा सवाल है कि पुलिस की महफूज नहीं तो फिर कौन। मामले में अब करणी विहार थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

पुलिस के अनुसार ठगी के शिकार इंस्पैक्टर बनवारी लाल मीणा जेडीए में तैनात हैं और गणेश विहार सिरसी रोड पर रहते हैं। उनका खातीपुरा सिरसी रोड स्थित एसबीआई बैंक शाखा में खाता है। गत 7 सितम्बर को उनके मोबाइल पर ऑनलाइन 10 हजार रुपए निकासी का मैसेज आया तो होश उड़ गए। अपना मोबाइल और डेबिट कार्ड देखा तो उसके पास सुरक्षित था। जांच में सामने आया है कि 4 अगस्त से 7 सितम्बर तक शातिर ठगों ने उसके खाते से 2 लाख 8 हजार रुपए निकाले हैं। पुलिस के अनुसार 3 सितम्बर को ठगों ने पाच्यावाला सिरसी रोड स्थित एटीएम से पैसे निकाले। पुलिस ने अब ट्राजैक्शन आईडी और एटीएम बूथ पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से ठगों का पता लगाना शुरू किया है।

# होटल की दूसरी मंजिल से कूदा विदेशी सैलानी

**जयपुर** । जवाहर सर्किल थाना इलाके में पटाखों की आवाज सुनकर खुद पर फायरिंग की घटना समझ कर एक विदेशी नागरिक ने होटल के दूसरे माले से छलांग लगा दी। कूदने से दोनों पैरों में हुए फ्रैक्चर के बाद भी अर्द्धनग्न दौड़ रहे सैलानी को देखकर पास ही रहने वाले दम्पति ने पुलिस को सूचना दी। घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

डीसीपी पूर्व ज्ञानचन्द यादव ने बताया कि विवेक विहार जगतपुरा रोड पर होटल न्यू एयरपोर्ट रेजीडेंसी है। यहां दूसरी मंजिल पर बने कमरे में नार्वे का रहने वाला फिन वैटले (23) गुरुवार दोपहर को आकर ठहरा था। वह गुलाबी नगरी घूमने आया था। वह कमरे में सो रहा था और जैसे ही कृष्ण जन्मोत्सव पर पटाखों की आवाजें शुरू हुई तो उनिन्दा सैलानी डर के मारे खिड़की खोलकर दूसरी मंजिल से कूद गया।

उस डर इतना था कि बिना सोचे-समझे ही पैर फ्रैक्चर होने के बाद भी भागता रहा। एक दम्पति ने पुलिस को सूचना दी। मामला विदेश नागरिक से जुडा था जिसके चलते महज कुछ मिनट में ही थाने की चेतक और डीओ फूलचन्द सहित एसएचओ, एसीपी संजय शर्मा और डीसीपी ज्ञानचन्द यादव मौके पर पहुंचे। घायल को जयपुरिया अस्पताल पहुंचाकर विदेशी नागरिक से बातचीत कर एम्बेंसी से लेकर उसके परिजनों तक संपर्क करने की कोशिश की। विदेशी सैलानी ने जो घटनाक्रम बताया उसके साक्ष्य नहीं मिले हैं। पुलिस अब घटना के पीछे छिपे असल कारणों का पता लगा रही है। दूसरी ओर डॉक्टरों का कहना है कि कुछ लोगों को नींद की बड़बड़ाने और चलने सहित सपनों से डरने की बीमारी होती है। माना जा रहा है विदेशी नागरिक भी इस तरह की परेशानी से ग्रसित हो सकता है।

पुलिस अधिकारियों ने विदेशी से घटना की जानकारी ली तो बताया कि वह सो रहा था और अचानक पटाखों की आवाज ने उसे डरा दिया। हालांकि उसने यह भी कहा कि उसे लगा कमरे में घुसे हथियार बन्द बदमाशों ने उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी जिससे बचाव नहीं दिखा तो वह खिड़की से कूद गया। हालांकि इस तरह की घटना से पुलिस ने इनकार किया है जिसके लिए सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले गए हैं।

# एसएमएस हॉस्पिटल में कार्डियक ब्लड मार्कर मशीन शुरू

**जयपुर** (कासं)। सवाई मानसिंह हॉस्पिटल की कार्डियोलॉजी ओपीडी में शुक्रवार को कार्डियक ब्लड मार्कर मशीन का शुभारंभ किया गया। इस मशीन के लगने से अब यहां आने वाले हार्ट अटैक और पलमरी थम्बेसिस मरीजों को जांच के लिए इमरजेंसी में नहीं जाना पड़ेगा। अभी तक हार्ट अटैक की जांच के लिए मरीजों को या तो इमरजेंसी बिल्डिंग में जाना पड़ता था या फिर कार्डियक आईसीयू में। डिपार्टमेंट ऑफ कार्डियोलॉजी के एचओडी डॉ. वी.वी. अग्रवाल ने बताया कि हमने पिछले डेढ़ साल में कार्डियोलॉजी ओपीडी को पूरी तरह डेडिकेटेड बनाया है, ताकि यहां आने वाले मरीज को पर्ची से लेकर जांच, दवाइयां तक के लिए कहीं नहीं जाना न पड़े। पिछले दिनों हमने यहां ओपीडी पर्ची बनाने, दवाइयों के लिए डीडीसी काउंटर और ब्लड की सभी जांच के लिए कलेक्शन सेंटर और बिल काउंटर शुरू करवाए थे। ईसीजी की जांच यहां पहले से होती है। आज से उन गंभीर मरीजों को भी सुविधा देने के लिए कार्डियक ब्लड मार्कर मशीन लगाई है, जो सीने के दर्द की शिकायत लेकर ओपीडी में आते हैं।

## सार-समाचार

### डॉ.इकराम ने पदभार ग्रहण किया



**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान वक्फ़ विकास परिषद के मनोनीत उपाध्यक्ष डा. इकराम खान ने आज विधि विधान के साथ शासन सचिवालय में पदभार ग्रहण किया। मदरसा बोर्ड अध्यक्ष एम.डी. चौपदार , पूर्व राज्य सभा सांसद अश्क अली टाँक व अल्पसंख्यक मामलात विभाग के निदेशक जमील अहमद कुरैशी ने इस अवसर पर खान को मुबारकबाद दी व पदभार ग्रहण करवाया। इस अवसर पर खान ने कहा कि वक्फ़ संपत्तियों के संरक्षण व विकास लिए हर संभव प्रयास किए जाएँगे। जो लंबित मामले है उन्हें हाकम अली के मार्गदर्शन में जल्द पूरा किया जाएगा।

### 'एमएसएमई टॉवर से लघु उद्यम बढ़ेंगे'

**जयपुर,** (का.सं.)। उद्योग भवन में शुक्रवार को राजसिको के बाईस गोदाम स्थित भूखण्ड पर विश्वकर्मा एमएसएमई टॉवर निर्माण को लेकर राजसिको अध्यक्ष राजीव अरोड़ा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में अरोड़ा ने डेवलपर्स से कहा कि प्रोजेक्ट निर्माण होने से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में की गई घोषणा के अनुरूप विश्वकर्मा एमएसएमई टॉवर उभरती कंपनियों और एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमों की सफलता को गति प्रदान करेगा एवं आर्थिक विकास पर सकारात्मक प्रभाव पैदा करेगा। इसके निर्माण से एमएसएमई क्षेत्र के विकास का अनूठा और गतिशील मॉडल के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि एमएसएमई टॉवर के लिए डेवलपर्स अपने सुझाव साझा करें, जिससे इसके निर्माण की प्रकिया को जल्द प्रारंभ किया जा सके।

### कराटे लीग 9-11 सितंबर तक



**जयपुर,** (का.सं.)। कराटे व मार्शल आर्ट को देश में प्रोफेशनली बढ़ावा देने के लिए खेल कराटे लीग के दूसरे सीजन का आयोजन 9 से 11 सितंबर गुलाबी नगरी के सवाई मानसिंह स्टेडियम में होने जा रहा है। फाउंडर, धनंजय त्यागी ने बताया कि इंटरनेशनल स्पोर्ट्स एकेडमी ऑफ इंडिया के तत्वाधान में आयोजित इस साल खेल कराटे लीग का सीजन भव्य और शानदार होगा। 2022 में खेले गये पहले सीजन में 1700 खिलाड़ियों ने भाग लिया था व दूरदर्शन पर इसका सीधा प्रसारण किया गया।

### 1500 वरिष्ठजनों का सम्मान किया

**जयपुर,** (का.सं.)। जयपुर ग्रेटर नगर निगम वार्ड 65 मे वरिष्ठ जन सम्मान समारोह आयोजित किया गया। नगर निगम ग्रेटर पार्षद रामसिंह चौधरी के जन्मदिन की अवसर पर वार्ड 65,66,67,और 71 के 1500 से अधिक वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया। भांकरोटा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। समारोह में 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वर्ग के वरिष्ठ जनों जिसमें महिलाए भी शामिल थी का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया।

### 2300 ग्राम सोने के साथ मजदूर पकड़ा

**जयपुर** । राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने गुरुवार को एयरपोर्ट पर एक यात्री से 1.40 करोड़ का सोना बरामद किया। यात्री सोना अपनी अंडरवियर की वेस्ट में छिपाकर लाया था। सोना पेस्ट फॉर्म में था, जिसका वजन 2300 ग्राम निकला। गिरफ्तार तस्कर चूरू का निवासी है। विभाग को सुबह शारजाह से जयपुर आई फ्लाइट में तस्कर के होने की जानकारी मिली। पूछताछ में सामने आया है कि यात्री मजदूरी करने के लिए दुबई गया था और 2 साल बाद लौटा है। यात्री किसके कहने पर सोना लाया, इसको लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। तस्कर को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। एक माह पहले भी डीआरआई ने एयरपोर्ट पर 5.5 किलो सोना जब्त किया था।

### जालूपुरा में ड्रग्स माफिया गिरफ्तार

**जयपुर** । पुलिस कमिश्नरेट की सीएसटी टीम ने ऑपरेशन 'क्लीन स्वीप' के तहत जालूपुरा में ड्रग्स माफिया के खिलाफ कार्रवाई कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपित के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ एमडी 1 ग्राम व कोकीन 1 ग्राम 70 मिलीग्राम बरामद की है। पुलिस कमिश्नर बिजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अक्षत करोत पुत्र वीरेन्द्र सिंह को गिरफ्तार है। आरोपी से 1 ग्राम एमडी व 1 ग्राम 70 मिलीग्राम कोकीन बरामद की है।

# नंदोत्सव पर भक्तों ने लूटी उछाल, गूंजे बधाई गान

## गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण पर निकले गोविंददेवजी पर श्रद्धालुओं ने की पुष्प वर्षा, उतारी आरती






जयपुर के आराध्यदेवजी गोविंददेवजी के मंदिर में शुक्रवार को नंदोत्सव मनाया गया। शाम को गाजे-बाजे और शाही लवाजमे के साथ शहर में भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई।

**जयपुर** (कासं)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दूसरे दिन शुक्रवार को गोविंददेवजी मंदिर में नंदोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की...., कान्हा जन्म सुन आई यशोदा मैया दे दो बधाई...जैसे भजनों की स्वर लहरियों पर मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने श्रीफल, सूखे मेवे, कपड़े, खिलौने, टॉफी, चॉकलेट, बिस्किट सहित अन्य सामान की जमकर उछाल की। महिलाओं ने साड़ी-चूनरी फैलाकर उछाल लूटी। पुरुष श्रद्धालु भी उछाल लूटने में पीछे नहीं रहे।

जन्माष्टमी पर्व मनाने के बाद आराध्य देव शुक्रवार को नगर भ्रमण पर निकले। प्रथम पूज्य गणपति सहित चारदीवारी के अन्य प्रसिद्ध मंदिरों के विग्रहों की स्वरूप झांकियों के साथ निकली शोभायात्रा के दर्शन के लिए जयपुरवासी उमड़ पड़े। हाथी, ऊंट, घोड़े, बैल के लवाजमे के साथ शोभायात्रा गोविंद देवजी मंदिर से जयकारों के साथ रवाना हुई। गोविंद देवजी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी और प्रबंधक मानस गोस्वामी ने ठाकुर जी के चित्रपट की आरती उतारी। इसके बाद बाइस झांकियों, आधा दर्जन कीर्तन मंडलों और हजारों श्रद्धालुओं के काफिले के साथ शोभायात्रा छोटीकाशी के प्रमुख मार्गों की ओर बढ़ चली। शोभायात्रा में सबसे आगे दो हाथियों पर पंचरंगा निशान थामे महावत थे। उसके बाद बैलगाड़ी में शहनाई वादन हो रहा था। छह-छह ऊंट और घोड़े मय लवाजमे के चल रहे थे। ऊंट-घोड़ों के पीछे जीया बैंड के वादक भजनों की स्वर लहरियां बिखेरते चल रहे थे। प्रथम पूज्य गणपति की झांकी के पीछे तिरूपति बालाजी की झांकी आकर्षण का केन्द्र थी। श्री वाष्र्णेय समाज सेवा समिति की अकूर जी की झांकी के पीछे भगवान श्री राधा-कृष्ण के स्वरूपों की झांकी लोगों का मन मोह रही थी। श्री पिंजरापोल गोशाला की गौसेवा झांकी गायों का बचाने का आ ान कर रही थी। ठाकुर जी गोपीनाथ जी और ठाकुर श्री श्याम सुंदर जी की झांकी के पीछे प्रेमावतार षड्भुज महाप्रभु और ठाकुर जी राधा दामोदर जी की झांकी आंखों का सुकून दे रही थी। इनके अलावा ठाकुर जी विनोदी लाल जी, स्व. गोस्वामी प्रद्युम्न कुमार देव जी, ठाकुर राधा रमण जी, ठाकुर श्री मदन मोहन जी की झांकी भी शोभायात्रा में शामिल रही। गौर गोविंद महिला मंडल, गोविंद परिकर कीर्तन मंडल, सिंधी पंचायत कीर्तन मंडल, गोविंद की गैय्या कीर्तन मंडल, जयपुर बंगाली मंडल के सदस्य पारंपरिक पोशाक में भक्ति की मस्ती में झूमे।



## Wonderful Weirdos Day


Of course, there is no exact way to prove this, but it is likely that weirdos have been around as long as humans have. All it really takes is one person to be a little bit different than everyone else and, just like that, a weirdo appears! But weirdos haven't always been considered by everyone to be wonderful. Enjoying this special day is particularly fun for those whose sense of "normal" is slightly unique! Try creative ideas for celebrating Wonderful Weirdos Day.



#CELEBRATION

# International Sudoku Day

Puzzle lovers, get ready to celebrate because it is time for International Sudoku Day!







Challenge your mind and improve your logic skills with this addictive puzzle game that has taken the world by storm!

We all must have played Sudoku once in a lifetime. It is a game to fill a 9x9 grid so that each column, row and 3x3 sub-grid contains all the digits from 1 to 9. So, the nine-nine is the natural choice for the day of celebration. Every year, on September 9, the world celebrates International Sudoku Day.

So now it's time to get your brain into gear because today is the most definite cause for celebration.

While many people believe that Sudoku is a game that has ancient roots in Asia, the game is actually a fairly modern invention. In the late 1700s, a Swiss mathematician named Leonhard Euler invented a similar game that he called Latin Squares. The difference is that the game was not subdivided into blocks of nine at the time.

Almost two hundred years later, Howard Garns, a freelance puzzle inventor from Connersville, Indiana, submitted his puzzle to an American puzzle magazine called Dell Pencil Puzzles and Word Games. The puzzle, called "Number Place", was first published in 1979 in a book of random and various puzzles.

At the time, the puzzle didn't really gain much traction of its own, even though it continued to be published by Dell in their puzzle collection books


By 1984, Number Place had made its way to Japan, where the Japanese people were especially fond of it. This is probably due to the fact that crossword puzzles are very difficult in the Japanese language, but this game only required the use of numbers so it's much simpler. Here the game was named Sudoku, pronounced "Soo-doe-koo", meaning something along the lines of "the numbers must remain single".

For two decades, Sudoku remained an obsession only in the Far East until the late 1990s when a traveller picked up a puzzle book while on vacation in Tokyo. A New Zealand judge named Wayne Gould saw the squares and quickly became a devoted enthusiast of filling them in.

When Gould's wife presented his work to the London Times and they printed a Sudoku puzzle in their newspaper in 2004, the game began to grow in popularity and become 'viral'. Sudoku games began popping up in puzzle books while books made up entirely of Sudoku started hitting the stores.


No one can explain exactly why Sudoku has become so popular all around the world, but some people think it has to do with the human's innate desire to find order from chaos. In addition, when a person is able to finish a Sudoku puzzle, it offers a sense of accomplishment and productivity. It makes a person feel like a winner. And they are!

In 2013, International Sudoku Day was founded by the World Puzzle Federation to pay heed to this unique, challenging and somewhat addictive game. So get ready to play and enjoy one - or many - of these little puzzles in celebration and honour of International Sudoku Day!



In a world where teenagers know more than their parents ever will, boyfriends and girlfriends have become the new bone of contention between the teens and their exasperated parents. While parents want their children to focus on their studies, games, career; the not-so-child prefer to walk the road of their own making!





# Teenage Troubles



Shailaza Singh
*Published author, poet and a YouTuber*

'Mom! Almost every girl in my class has a boyfriend, why can't I?' said my daughter. 'How many times do I have to tell you that this is not the time to have boyfriends. It is the time to study, get into a good college and then perhaps think of relationships,' I replied. My daughter muttered, 'You don't realize the peer pressure there is, do you? I am the only girl in my class who doesn't have a boyfriend and the rest of them treat me like an alien.' Although I hate to use it but my answer is the same as what my mother used to say when I compared my life with that of my peers, 'If they will jump in a well, will you too follow suite? To this my daughter replies her standard answer, 'take a chill pill.'

### Bamboozlement

**My** daughter and I had been having these conversations for the last two years. She kept asking me questions like these and I kept repeating the same answers. But after a while, this conversation became more of a shouting match. My daughter would then bang her room's door in rage which would effectively cull the entire conversation. Perhaps, that's where Sunny Deol gets his 'dhai kilo ka haath' for his blockbuster movie 'Gadar 2'! He is probably still a teenager at heart!

### Hearts apart

**Jokes** apart, I was determined to put an end to this conversation, so I decided to consult the Google, the modern age oracle on the internet. When I typed in 'why does my teenage daughter want a boyfriend', to my surprise thousands of sites opened up! Some talked about how you should deal with your teenage daughters, how you need to make them understand the many perils of dating, while some were totally against the Indian parents and their 'over obsessive' attitude. In fact, one person on Reditt asked 'What is so wrong in our culture to have a boyfriend or girlfriend? I don't understand why Indian parents lose their temper when they come to know their son/ daughter is dating someone. I've seen some parents literally beating their children for being in a relationship. Didn't they have crush or fall in love with someone when they were young? It's such a normal human thing that all of us go through yet for some reason it's such a big taboo in our country.'


Many people (mostly teenagers probably) replied to this. One said, 'My friend's parents literally ran away from their home to get married but she's still not allowed to have a bf' while the other commented 'Yup, the hypocrisy is staggering sometimes. You're not allowed to date or meet people of the opposite gender.'

### Mistrust Trust

**Another** reply read, 'Most Indian parents have major trust issues with their kids. They have zero confidence by default in something a kid chooses for themselves - could be a career, partner, college, you get the idea. They are control freaks to some extent (sad but true). They want the best for their kids, but don't have enough information to judge if the partner chosen by the kid would be the best. But don't attempt to get said info because of the trust issue. So, they instead go with much sillier metrics like horoscope matching. In some cases, the parents were burned by failed love affairs themselves. So don't want kid to end up like them etc. (Indians' natural tendency to generalize others plays into this. Yes, I know I'm guilty of it myself here.) They majorly want their kids to focus on education/ job/ whatever is helping them 'get ahead' in life and see having a partner as distraction.' There was another reply which literally took the icing on the cake and even made me step back and think. This reply read, 'The parents of today they grew up in the 90s and romantic movies in those times were cringe and filled with crap which is far from love. This is what gave a twisted perception towards love and dating. As a teen growing up in the late 80s, early 90s without the internet and only your 'elders' and news media outlets to trust/shape your world view - movies, tv show brainwashing were the only mediums to understand love, sex and relationship perspectives (other than personal experience ). And so in my personal experience and of my friend circles we were just stunted in terms of our emotional growth and attitudes towards sex, etc.

Meanwhile our counterparts in the west it seems like were busy racking up serious learning hours with respect to relationships, sex, etc. The elders back then would pipe up when confronted with this reality with the usual trope 'no wonder divorce rate is 50%, which is quite a lame argument considering that India is also facing the same issues!'

#PARENTING




> Jyotika said, 'First of all, tell me what is a boy friend or a girl friend? A boy friend is a friend who is a boy while a girl friend is a friend who is a girl. What is wrong in these definitions? Why can't boys and girls be friends just like boys are with boys or girls are with girls? Also, the point is that if parents want their children to listen to their experiences or advice, they need to build a rapport with them. The children should feel that the parents in such situations are their friends.



### Finding answers

Is this analysis true? Were the movies of the 80s filled with cringe and crap which was far from love. To an extent yes because most had either unwed mothers or women who devoted themselves completely to their lovers only to face scorn and embarrassment later. And is this why parents like me are advising our children to concentrate on their studies and think of relationships later? I thought I was doing it merely to help my daughter become an independent person, gain some maturity and then get into a relationship.

I asked Jyotika Kapur, a psychotherapist based in Delhi. 'Should the teenagers have boyfriends or girlfriends?'

Jyotika said, 'First of all, tell me what is a boy friend or a girl friend? A boy friend is a friend who is a boy while a girl friend is a friend who is a girl. What is wrong in these definitions? Why can't boys and girls be friends just like boys are with boys or girls are with girls? Also, the point is that if parents want their children to listen to their experiences or advice, they need to build a rapport with them. The children should feel that the parents in such situations are not their parents but their friends. Many children see their parents as authoritative figures and feel that their parents are merely bossing over them after having lived their own lives. That is the reason why most children do not confide in their parents. In such cases, parents should either seek professional help or befriend their child's friends to understand their child.'

### Rebel Causeway

She added, 'When I was a teenager, I was also quite rebellious. Though we were in an all-girls school, most girls in my class had boyfriends and I used to resent that. When my parents used to advise me against it, I used to resent that too. But luckily after a while I met a girl who became my best friend (we are good friends even today). She became my voice of reason and made me realize that having a boyfriend was not that important. In those days, my mother also made a very smart move. She built a good rapport with my best friend which helped her to understand me better and me to understand her better. She used to help me to understand my mother's perspective because she was also going through the same problems.'

What if your child is unable to find such a friend? Jyotika says, 'Yes, not every child can find such a friend. Then it is better to either find a professional who can counsel the child. In the past, most of us lived in a joint family. So, whenever any child had a problem with their parents (which is quite a norm), they could talk to their uncle, aunt or people who were closer to them in age and understanding. Same is the case with a professional because they too are mostly older than the child but younger to the parents' generation wise which makes the children at ease. Moreover, most professional counsellors are able to establish trust by reading the minds of these teenagers (since they have been trained to do that) which further helps them to open up.'

When I think about it, my mother also employed the same trick of making my best friend her trusted ally. So, I decided to take my daughter's best friend into confidence. The trick seems to be working and now she seems to be understanding my point of view better. And yes, no boyfriend so far!

rajeshsharma1049@gmail.com

#HEALTHY HABITS

# 5 Ways to Reduce Your Stress Levels

In each moment, we can be constricted and tight, or relaxed and open. Which are you right now? Can you breathe deeper and allow yourself to relax and open?

Stress is a part of life, and eliminating it is a fool's errand. If you ever succeeded in eliminating all of stress, your life would be boring and you'd have removed yourself from anything meaningful.

That said … too much stress can be toxic. It can negatively affect our sleep, our health, our relationships, our happiness. If your stress levels are high on a regular basis, it's like having a smoking habit — it will take its toll over time.

So how do we reduce stress levels to something manageable? We are going to share some of the most important ways to shift stress in your life. They might not be new to you, but we strongly encourage you to view them as life-savers, and commit to putting them into practice.




### Relaxed State of Being


In each moment, we can be constricted and tight, or relaxed and open. Which are you right now? Can you breathe deeper and allow yourself to relax and open? This state of relaxed being is always available to us, but we have to recognize when we're in a constricted state, and take responsibility for bringing ourselves to the open state. It's a practice, and the more you consciously put yourself into this state, the easier it becomes. Can you walk around more of the day in openness and this relaxed state of being?

### Breathing Practice

When you're stressed and feeling in a constricted state … take a moment to breathe deeper into your belly. When we're constricted and stressed, our breathing is shallow (we're in a fight-or-flight state). So breathing helps move your nervous system into a more relaxed state, as if you're not in any danger (and you're not, even if it feels like it a lot of the time). Practice this 5 times a day (or more) and you'll see a huge difference in your stress levels.

### Simplify and Prioritize

Our lives are filled with endless choices and commitments, and simplifying can be liberating.



Take a step back and evaluate your responsibilities. What truly matters? Can you reduce your commitments, put things on the back burner, and let go of things so you have less on your plate? Find clarity between what's essential and what's merely adding to your stress.

Learn to say no to tasks that don't align with your priorities. Embrace the beauty of a simplified schedule, allowing space for spontaneity and relaxation. Then practice doing one thing at a time — letting go of everything else that's calling for your attention. This single-tasking mode helps you to focus more, and worry less.

### Nurture through Nature

Nature has an innate ability to soothe our minds and restore our spirits. Spending time outdoors, walking or otherwise being active each day, can have a profound impact on our stress levels. Disconnect from screens and immerse yourself in the natural world. Listen to the rustling of leaves, feel the warmth of the sun on your skin, and breathe in the fresh air.

### Awe & Gratitude Practice


While you're out in nature, let yourself open to a sense of something bigger. Stress levels are high when we're too focused on the disaster we feel is in front of us, but when we open to a sense of the wider world, it lets some of that stress go. When we practice awe at the world around us, it helps us to open. When we remember what we have to be grateful for, we feel a sense of appreciation for life. These might sound trite, but I encourage you to take them on as a true practice — something you explore with a sense of discovery, to learn what the practice has to offer. It will change your life.

Remember, reducing stress is not about eliminating challenges from your life, but about changing your relationship with them. By integrating these practices into your day, you can build resilience and find beauty in the midst of chaos.

Start small, be patient with yourself, and allow these habits to gradually transform your experience. As you embrace mindful breathing, simplify your life, and reconnect with nature, you'll find that stress loses its grip, making way for a more serene and fulfilling existence.




## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# बिजली समस्या को लेकर अपनी ही सरकार के खिलाफ धरने पर बैठे चांदना

## विद्युत विभाग के अधिकारियों पर लगाया झूठे आंकड़े पेश करने का आरोप

**बून्दी।** शुक्रवार को हिण्डौली- नैनवां विधानसभा क्षेत्र में बिजली और सिंचाई के पानी की समस्याओं को लेकर अपनी ही सरकार से राहत दिलाने में विफल रहने पर खेल राज्यमंत्री अशोक चांदना अपनी ही सरकार के खिलाफ कलेक्ट्रेट के बाहर धरने पर बैठ गए।

धरने पर चांदना के साथ जिला प्रमुख चंद्रावती कंवर, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सीएल प्रेमी, पीसीसी सचिव संदीप पुरोहित, राजस्थान ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव जगरूप सिंह रंधावा, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष निशांत नुवाल, हिण्डोली ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण बैरवा, राजीव लोचन गौतम, एडवोकेट राकेश वर्मा, दिनेश शर्मा, हेमराज मीना, हरीश मीना सहित बड़ी संख्या में बड़ी संख्या में किसान, कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता मौजूद रहे।



खेल राज्यमंत्री अशोक चांदना अपनी ही सरकार के खिलाफ कलेक्ट्रेट के बाहर धरने पर बैठ गए।

गौरतलब हैं कि गत सोमवार को राज्यमंत्री अशोक चांदना ने हिण्डोली-नैनवां विधानसभा क्षेत्र में बिजली और सिंचाई के पानी की समस्याओं को लेकर मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट घेराव की चेतावनी दी थी। जिस पर सोमवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने मंत्री अशोक चांदना के साथ देर रात तक चली बैठक में कहा था कि 3 दिन के अंदर हिंडौली नैनवा में विद्युत विभाग द्वारा किसानों की सभी समस्याओं का हल करने के लिए आश्वस्त किया था। इसके बाद चांदना ने जिला कलेक्ट्रेट घेराव के घेराव को 3 दिन के लिए स्थगित कर दिया था।

इससे पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार जिला परिषद सभागार में नैनवां, हिण्डोली विधानसभा क्षेत्र के लोगों की जनसुनवाई की। जहां जन सुनवाई में मंत्री चांदना के सामने आई किसानों की ट्रांसफार्मर की मांगों व समस्याओं पर विभागीय अधिकारी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। जन सुनवाई में विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता की गैर मौजूदगी से चांदना नाराज हो गए और किसानों के साथ धरने पर बैठने की बात कह कर उठ गए और मंत्री चांदना क्षेत्र वासियों के साथ बस स्टैंड के बाहर विद्युत विभाग के खिलाफ धरना देने के लिए पहुंच गए।

- **अधीक्षण अभियंता जेपी बैरवा को एपीओ किया**

बून्दी और के. पाटन क्षेत्र के ट्रांसफार्मर बदले हिण्डोली नैनवां के नहीं चांदना ने आरोप लगाया कि जिले में 799 ट्रांसफार्मर जले हुए है। उन्होंने कहा कि एक दिन 5 दिन या 10 दिन लग जाए जब तक डीपी की पेंडेंसी पूरी नहीं होगी तब तक धरना जारी रहेगा। अधीक्षण अभियंता जेपी बेरवा पर गिरी गाज, राज्य सरकार ने किया एपीओ राज्य मंत्री अशोक चांदना के धरने की गाज बूंदी विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता जेपी बैरवा पर गिरी। राज्य मंत्री चांदना के धरने पर बैठने की सूचना के बाद राज्य सरकार ने अधीक्षण अभियंता जेपी बैरवा को एपीओ कर दिया। हालांकि राज्य सरकार के द्वारा अधीक्षण अभियंता जेपी बैरवा को एपीओ करने के बाद राज्यमंत्री चांदना ने धरना समाप्त कर दिया।

# एक किलो चरस के साथ पिस्टल व कारतूस बरामद, चार गिरफ्तार

## नाथद्वारा से आ रही कार में मिली चरस

**उदयपुर,** (कासं)। शहर की सुखेर थाना पुलिस ने नाथद्वारा की ओर से उदयपुर आ रही एक कार को रूकवा उसकी तलाशी लेने पर उसमें एक किलो 80 ठााम अवैध चरस बरामद की। कार में चार युवक सवार थे जिन्हें गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों से एक पिस्टल व चार कारतूस भी बरामद किए है।

जिला पुलिस अधीक्षक भूवन भूषण यादव के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अनन्त कुमार, पुलिस उप अधीक्षक चेतना भाटी के सुपरविजन में चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान सुखेर थानाधिकारी योगेन्द्र कुमार व्यास के नेतृत्व में एएसआई हरिशचन्द्र, हेडकांस्टेबल नारायणसिंह, कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार, सुरेन्द्रसिंह मय टीम ने गश्त के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग 8 पर आरएसईबी कार्यालय के समीप नाथद्वारा से उदयपुर की ओर आ रही संदिग्ध कार को रोकने का प्रयास किया तो चालक कार लेकर भागने लगा जिसका पीछा कर रूकवाया गया।



उदयपुर की सुखेर थाना पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया।

कार में सवार चार युवक प्रवीण उर्फ रौनक जैन पुत्र महावीर जैन निवासी गणेशनगर युनिवर्सिटी रोड़ पायडा थाना प्रतापनगर, जगत पुत्र बीहारीलाल पालीवाल निवासी घाणेराव की घाटी घंटाघर, शक्तिसिंह पुत्र शंकरसिंह सिसोदिया निवासी नाड़ाखाड़ा जोशीजी की गली थाना धानमंडी तथा अनुपगिरी पुत्र दशरथ सिंह निवासी अटल अखाड़ा मायापुर हरिद्वार उत्तराखंड हॉल हनुमान मंदिर दूधतलाई घंटाघर बैठे थे। जिनकी तलाशी ली तो इनके कब्जे में 1किलो 80 ठााम चरस व आरोपी जगत के पास एक मेग्जीन मय चार जिंदा कारतूस मिले। पूछताछ में संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर चरस मय कार व हथियार जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया गाया। उक्त मामले में आरोपियों को गिरफ्तार करने में हेडकांस्टैबल नारायणसिंह व कांस्टेबल सुरेन्द्रसिंह की अहम भूमिका रही। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# प्रियंका गांधी की सभा के लिए डोम हो रहा तैयार

**निवाई,** (निसं)। कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के 10 सितम्बर को निवाई आगमन की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई है। प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों के साथ ही पुलिस महकमा भी सुरक्षा को लेकर व्यवस्था को चाक-चौबन्द करने में जुटा हुआ है। राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की सभा को लेकर शुक्रवार की शाम मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सड़क मार्ग से निवाई पहुंचे और सभा स्थल व हेलीपेड का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री गहलोत ने अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के राजकीय मॉडल स्कूल निवाई में आयोजित होने वाली विशाल जनसभा के लिए 400 वाई 100 की साइज का डोम तैयार किया जा रहा है जिसमें वीआईपी एरिया भी बनाया गया है। आम जनता के बैठने के लिए दो पाण्डाल की व्यवस्था की गई है। वाहन पार्किंग व्यवस्था को लेकर भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। सभा स्थल पर प्रवेश के लिए दो प्रवेश द्वार बनाए गए हैं। जिसमें एक प्रवेश द्वार से वीआईपी व दूसरे प्रवेश द्वार से आम जनता को प्रवेश मिलेगा। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के आगमन के चलते जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल, पुलिस अधीक्षक राजर्षिराज सहित आला अधिकारी गुरूवार की शाम से ही निवाई में डेरा जमाए हुए हैं। विधायक प्रशांत बैरवा ने बताया कि कांग्रेस महासचिव निवाई में इन्दिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना के तहत महिलाओं को स्मार्ट फोन वितरित करेगी। इसके अलावा गांव झिलाय में इन्दिरा रसोई का शुभारंभ करेगी। उन्होंने बताया कि सभा स्थल पर करीब 40 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है।

- **महिलाओं को बांटेंगे स्मार्ट फोन**
- **झिलाय में इन्दिरा रसोई का शुभारंभ करेंगी प्रियंका गांधी**

इस अवसर पर बामनवास विधायक इन्द्रा मीणा, पूर्व विधायक कमल बैरवा, रामबिलास चौधरी, अहसान बाबा, हंसराज चौधरी, सुनील बंसल, स्वर्णीम चतुर्वेदी, प्रशांत शर्मा, नरेश चौधरी, पूर्व जिला प्रमुख कल्लीदेवी मीणा, रामसिंह मीणा, सीताराम शर्मा अलियाबाद, दिपेन्द्रसिंह खंगारोत, ब्रह्मप्रकाश गुर्जर, सुरेन्द्र बेनीवाल, राजेश चौधरी, राजेन्द्र चौधरी, अजहर कुरेशी, मौजूद थे।

## हैड कांस्टेबल की डूबने से मौत

**जोधपुर,** (कासं)। फलोदी जिले के चाखू पुलिस थाने में कार्यरत हैडकांस्टेबल की संदिज्ध हालात में मौत हो गई। उनका शव आज सुबह थाने में ही बने पानी के टांके में मिला। सुसाइड किया या हादसा था, इस बारे में पुलिस की तरफ से अनुसंधान किया जा रहा है। मृतक का पुत्र तिंवरी उपप्रधान है। शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। परिजन की तरफ से दी जाने वाली रिपोर्ट पर अठिाम कार्रवाई की जाएगी। घटना की जानकारी पर फलोदी जिला पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल आदि वहां पहुंचे और मौका मुआयना किया। फलोदी जिला पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल ने बताया कि ओसियां का बाना का बास निवासी 51 साल का चैनाराम जाट चाखू पुलिस थाने में हैडकांस्टेबल के पद पर कार्यरत था। वह थाने की बैरिक में ही रहता था। रात में वह गश्त पर था और ड्यूटी कर रहा था। आज सुबह उसका पता नहीं चलने पर तलाश की गई तो उसका शव थाने में ही बने पानी के टांके में पड़ा मिला।

# समर्थकों के साथ दावेदार तो पहुंचे लेकिन चुनाव पर्यवेक्षक गायब रहे

## प्रत्याशी चयन के लिए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक में छाई रही मायूसी

**मालपुरा,** (निस) विधानसभा चुनाव 2023 में प्रत्याशी चयन के लिए कार्यकर्ताओं से रायशुमारी व दावेदारों से आवेदन लेने को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से शुक्रवार को महेश सेवा सदन में आयोजित की गई महत्वपूर्ण बैठक में समर्थकों की भीड़ के साथ दावेदार तो पहुंचे लेकिन पीसीसी द्वारा नियुक्त चुनाव पर्यवेक्षक व विधानसभा प्रभारी सहित जिलाध्यक्ष के नही पहुंचने से टिकट के दावेदारों व कांग्रेस जनों में मायूसी छाई रही।

ब्लॉक अध्यक्ष गोगाराम जाट की ओर से बुलाई गई बैठक को लेकर दो दिन से गांव-ढाणी में जनसम्पर्क में जुटे कांग्रेस टिकट के दावेदार घासीलाल चौधरी, अवधेश शर्मा, प्रभाती लाल



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक का आयोजन हुआ।

जाट, भंवर मुवाल, पंकज दाधिच सहित अन्य दावेदार अपने समर्थकों की भीड़ के साथ महेश सेवा सदन पहुंचे। पीसीसी सदस्य घासीलाल चौधरी के समर्थकों का काफिला घाटी रोड आंवला फार्म हाऊस से नारेबाजी करते हुए महेश सेवा सदन पहुंचा। बैठक के निर्धारित समय से दो घंटे बाद तक भी टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा चुनाव पर्यवेक्षक मिर्जा जावेद अली व मालपुरा विधानसभा प्रभारी नरेश चौधरी सहित जिलाध्यक्ष के नहीं पहुंचने से कांग्रेसजनों में मायूसी छा गई।

ब्लॉक अध्यक्ष गोगाराम जाट, शहर अध्यक्ष इस्हाक नकवी, सहित कांग्रेसजनों ने 10 सितम्बर को निवाई में आयोजित प्रियंका गांधी वाड्रा की सभा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने पर चर्चा कर बैठक की ईतीश्री की गई। चुनावी वर्ष में चुनाव के चंद महीने पूर्व बुलाई गई कांग्रेस की बैठक में पर्यवेक्षक व प्रभारियों सहित जिलाध्यक्ष का नहीं पहुंचना कांग्रेस कार्यकर्ताओं व टिकट के दावेदारों के लिए निराशाजनक रहा।

# जयपाल ने हेमंत भाटी के खिलाफ कोर्ट में परिवाद पेश किया

**अजमेर,** (कासं)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक डॉ. राजकुमार जयपाल ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या तीन अजमेर में उद्योगपति हेमंत भाटी के खिलाफ पेश किया है। हेमंत भाटी पर आरोप है कि डॉ. राजकुमार जयपाल की छवि धूमिल करने के इरादे से अर्नगल बयान जारी किए। जिसके कारण डॉ. राजकुमार जयपाल की छवि व प्रतिष्ठा धूमिल हुई है।

- **भाटी पर आरोप है कि डॉ. राजकुमार जयपाल की छवि धूमिल करने के इरादे से अर्नगल बयान दिए**

एडवोकेट वैभव जैन ने बताया कि परिवादी डॉ. राजकुमार जयपाल राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर आसीन है और प्रतिष्ठित नागरिक होकर विभिन्न सामाजिक खेल कूद व राजनैति से सक्रिय रूप से जुड़ा होकर प्रतिष्ठित पदो पर आसीन है तथा वर्तमान में वह अजमेर दक्षिण से पार्टी के टिकट पर संभावित प्रत्याशी भी है।

आरोप है कि राबडिया मौहल्ला निवासी हेमंत भाटी द्वारा परिवादी डॉ. जयपाल की छवि धुमिल करने के उद्देश्य से दुर्भावना पूर्वक समाचार चैनलों व समाचार पत्रों में परिवादी के विरुद्ध अनर्गत बयानबाजी करते हुऐ उसके राजनैतिक नुकसान पहुंचाने व उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा धुमिल करने के दुराशय से बयान दिया कि " राजकुमार जयपाल की जैसी अपराधिक छवि है कि उन्होंने मर्डर वगैरह किये और उन पर रेप कसे वगैरह भी चले" और उन्होंने आगे यह भी कहा कि छवि का बहुत फर्क पडता है" इसके साथ अप्राथी/ अभियुक्त ने समाचार प्रकाशित करवाया कि डॉ कि "डॉ जयपाल अपराधिक प्रवृत्ति के" उनकी छवि से जनता परिचित, में अप्रार्थी/ अभियुक्त के हवाले से बयान दिया कि 38 पहले विधायक बनने के बाद भी जनता से कोई जुडाव नही रख पाये। इन बयानों का एक विडियो वायरल हो गया। उसी दिन शाम को राजस्थान कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार जयपाल ने बयानों के कडे शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि भाटी राजनैतिक द्वैषता व प्रतिस्पर्धा से ग्रसित होकर अनर्गल बयान बाजी कर रहे है।

## किशोर का नग्न वीडियो बनाया

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के मंडोर थाना क्षेत्र में एक किशोर को फोन कर कुछ बदमाशों ने बुलाया। बाद में उसका अपहरण कर खेतों में ले गए। जहां पर नग्न कर खेतों में घुमाया और फिर वीडियो बनाकर वायरल करने धमकियां दी है। पुलिस ने जेजे, मारपीट, अपहरण एवं पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज किया है। अग्रिम जांच की जा रही है। मामला 5 सितंबर की शाम का बताया गया है। इस बारे में गुरूवार को केस दर्ज करवाया गया। आरोपी में एक बालिग और अन्य नाबालिग बताए जाते है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है। मंडोर थानाधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि एक किशोर की तरफ से मामला दर्ज कराया गया।

# पंचमुखी नाले के पास युवक की लाश मिली

**भीलवाड़ा,** (नि.सं.)। भीमगंज थाना के पंचमुखी मोक्षधाम इलाके में नाले के पास शुक्रवार सुबह अज्ञात युवक की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक के सिर में चोट के निशान मिले हैं।

भीमगंज थाना प्रभारी आशुतोष ने बताया कि पंचमुखी मोक्षधाम क्षेत्र में नाले के पास लोगों ने शुक्रवार सुबह एक अज्ञात युवक की लाश देखी। मृतक के सिर व शरीर पर चोट के निशान भी मिले। खून भी बिखरा हुआ था। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह करीब 6.20 बजे भीमगंज पुलिस को लाश की सूचना मिली। थाना प्रभारी पांडेय मय जाब्ता मौके पर पहुंचे, जहां सीमेंटेड फर्श पर युवक का शव पड़ा था। छानबीन करने पर मृतक के दाहिने हाथ पर राजू और बाजू पर ओम गुदा है। मृतक की उम्र 35 से 40 साल है और वह मैरुन टीशर्ट और काली पेंट पहने हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलवाया गया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर एमजी अस्पताल की मोर्चरी भिजवा दिया। इस बीच, दोपहर में मृतक की पहचान सांगानेर रोड़ निवासी राजेंद्र उर्फ राजू जैन (28) पुत्र शांतिकुमार जैन लोढ़ा के रूप में हुई। पहचान, मृतक के भाई नरेश कुमार ने की। पुलिस ने शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया है। उधर, नरेश कुमार ने भीमगंज पुलिस को अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दी है। पुलिस को परिजनों ने बताया कि राजेंद्र नल फिटिंग का काम करता था। वह कल सुबह घर से निकला था। राजेंद्र अभी अविवाहित था। वहीं दूसरी और पुलिस अब इलाके में लगे सीसी टीवी फुटेज खंगाल कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## अनुभव के आधार पर बोनस अंक देने के अंतरिम आदेश

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान उच्च न्यायालय ने आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी भर्ती-2023 में कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर सीएचओ को कार्य अनुभव की अवधि अनुसार बोनस अंक दिए जाने के अंतरिम आदेश जारी किए। मामले में अब अगली सुनवाई 05 अक्टूबर को होगी।

- **राजस्थान उच्च न्यायालय ने आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी भर्ती-2023 में सुनवाई कर दिये आदेश**

बांसवाड़ा निवासी डॉ. सोनाली सोनी व अन्य 7 सविंदा कार्यरत आयुष चिकित्सकों ने अधिवक्ता यशपाल ख़िलेरी व विनीता के मार्फत रिट याचिका दायर कर बताया कि वे वर्ष 2021 व 2022 से आयुष्मान भारत मिशन में कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर पद पर अपनी संतोषप्रद सेवाएं दे रहे हैं तथा पिछली आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी भर्ती-2021 में कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर पद पर कार्यरत अन्य सविंदा आयुर्वेद चिकित्सको को बोनस अंक दिए गए थे और उनका नियमित चयन भी हो चुका है लेकिन वर्तमान में चल रही भर्ती प्रक्रिया में याचीगण को बोनस अंक से वंचित कर भेदभाव किया जा रहा है।

सीएचओ का पद राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सर्जित सविंदा पद है। याचीगण के पास निर्धारित प्रशैक्षिणक योग्यता बीएएमएस/आयुर्वेद चिकित्सा पद्धित में स्नातक डिठाी है और विज्ञापित पद के समकक्ष समान कार्य निष्पादित कर रहे है। यह भी बताया गया कि विहित प्रारूप में अनुभव प्रमाण पत्र जारी होने के बाद भी दस्तावेज सत्यापन काउंसलिंग में बोनस अंक नहीं दिए जा रहे हैं। चयन प्रक्रिया में 70 अंक प्रशैक्षिणक योग्यता एवं 30 अंक बोनस अंक के निर्धारित किये गए हैं। विज्ञापन की शर्तों व राज्य सरकार द्वारा जारी 25 अप्रैल, 2023 की अनुभव प्रमाण पत्र गाईडलाइन के अनुसार भी याचीगण बोनस के लिए योग्य है।

याचीगण के अधिवक्ता और राजकीय अधिवक्ता का पक्ष सुनने के पश्चात हाइकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश अरुण भंसाली साब ने चल रही भर्ती प्रक्रिया में याचीगण को उनकी कार्य अनुभव की अवधि अनुसार बोनस अंक दिए जाने के अंतरिम आदेश देते हुए राज्य सरकार के आयुष विभाग सचिव, आयुष मंत्रालय भारत सरकार सहित अन्यो को नोटिस जारी कर 5 अक्टूबर को जवाब तलब किया है। बोनस अंक दिए जाने का अंतरिम आदेश रिट याचिका के अंतिम निर्णयाधीन रहने का भी आदेश दिया है।

# राजस्थान लूट, भ्रष्टाचार और महिला अत्याचार में अव्वल, जनता चाहती परिवर्तन है : मंत्री शेखावत

## बिशनगढ़ के खेल मैदान में आयोजित सभा को केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत ने सम्बोधित किया

**जालोर,** (कासं)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश की ओर से चल रही परिवर्तन संकल्प यात्रा ने शुक्रवार को जालोर जिले के निकट बिशनगढ़ में प्रवेश किया। बिशनगढ़ के खेल मैदान में आयोजित आम सभा को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत ने कहा कि राजस्थान में भ्रष्ट निकम्मी नाकारा सरकार ने आम जनता के पैसे को लुटा है। इस सरकार के कार्यकाल में लूट, डकैती, बलात्कार और महिला उत्पीडन में मामलो में भारी बढ़ोतरी हुई है। जिससे आम जनता में भय व्याप्त है। आम जनता परिवर्तन चाहती है।

केंद्रीय राज्य कृषि मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा की कांग्रेस सरकार में कानून व्यवस्था की बदहाल स्थिति के कारण आज राजस्थान में आमजन ही सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार का तो गठन ही विग्रह के साथ हुआ था। जब इस सरकार के शपथ ग्रहण के दिन दो-दो मुख्यमंत्रियों के नारे लगे थे। राजस्थान के इतिहास में यह पहली बार हुआ जब पूरी सरकार ही 52 दिनों तक बाडे में बंद रही थी। राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत ने कहा कि हम किसानों का पूरा कर्ज माफ करेंगे, इस प्रकार की घोषणा करने वाले राहुल गांधी जी को आज याद दिलाना चाहता हूं कि उनकी सरकार को बने 17 सौ से अधिक दिन हो चुके हैं और आज राजस्थान में 20 हजार के लगभग किसानों की जमीन कर्ज के कारण नीलाम हो चुकी है और सवा लाख से भी अधिक किसानों की जमीन आज नीलामी के कगार पर खड़ी है। जिला प्रभारी महेंद्र बोहरा ने कहा कि आज प्रदेश 11 लाख मुकदमों के साथ क्राइम रेट के मामले में प्रदेश में सबसे अव्वल है। प्रदेश महामंत्री जगबीर छाबा ने कहा की पूरे विश्वास के साथ कहा कि 2023 में भाजपा की सरकार बनना तय है। सांसद देवजी भाई पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सपनों के सौदागर हैं। जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव ने कहा लम्पी रोग में मृत सभी गायों के मालिकों को मुआवजा देने की घोषणा की। लेकिन मात्र 42000 पशुपालकों को राशि देकर अतिश्री कर ली।



जालोर के निकट बिशनगढ में भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा के पहुंचने पर केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्रसिंह व केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी का स्वागत किया।

- **भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा ने जालोर के निकट बिशनगढ़ में प्रवेश किया**

इस दौरान केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत, केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, प्रदेश महामंत्री जगबीर छाबा, प्रदेश मंत्री डॉ महेंद्र कुमावत ज्योति जाणी सांसद देवजी पटेल, ओटाराम देवासी, जिला प्रभारी महेंद्र बोहरा , भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली, रविंद्रसिंह बालावत, गिरल भाटिया जिला महामंत्री पुखराज राजपुरोहित, हरीश राणावत, प्रकाश छाजेड जिला प्रमुख राजेश राणा दीपसिंह धनानी सभापति गोविंद टांक, खेमराज देसाई, आवडदान चारण, नारायणसिंह राजपुरोहित, ढोमी देवी, राजपुरोहित मंगलसिह सिराणा, राव गणपतसिंह बागेडिया, सुरेश सोलंकी, महेंद्रसिंह भागली, नेनमल लखारा, उदयसिंह दादाल, तुलासराम चौधरी, गजेंद्र सिंह सिसोदिया, मंजू सोलंकी, पवनी मेगवाल, सुशीला सेन , अनुराधा कंवर, जबर सिंह तूरा , नाथूसिंह तीखी, महेंद्र सिंह झाब, महेंद्र मुणोत सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सिलीसेढ़ बांध के बीच में धरने पर बैठे विधायक संजय शर्मा

## सिलीसेढ़ से अलवर तक पानी लाने की 35 करोड़ रुपए की योजना चालू नहीं होने के विरोध में विधायक संजय शर्मा दे रहे धरना

**अलवर** (निस)। अलवर शहर के विधायक संजय शर्मा कुछ पार्टी के नेताओं के साथ सिलीसेढ़ बांध के बीच में लाइट हाउस पर शुक्रवार दोपहर को धरने पर बैठ गए। सिलीसेढ़ से अलवर तक पानी लाने की 35 करोड़ रुपए की योजना चालू नहीं होने के विरोध में धरना दिया गया है। इससे पहले भी विधायक सिलीसेढ़ के पानी को अलवर लाने के लिए पुरजोर मांग कर चुके हैं।

अलवर शहर में पानी का संकट अन्य जिलों की तुलना में सबसे अधिक है। यहां आमजन के घरों तक पानी नहीं आता है। जिसके कारण आए दिन जाम व विरोध प्रदर्शन होते हैं। जानकारों का कहना है कि सिलीसेढ़ बांध से अलवर पानी लाने का विकल्प है ताकि जनता को कुछ राहत मिल सके। पूरी तरह समाधान तो चंबल का पानी आने पर ही हो सकेगा। लेकिन कई साल से अलवर शहर की जनता बहुत अधिक परेशान है जिस पर सरकार ने ध्यान नहीं दिया। पार्टी के

- **अलवर शहर में पानी का संकट अन्य जिलों की तुलना में सबसे अधिक है**

नेता नेता प्रतिपक्ष सतीश यादव, पं. जले सिंह सहित कई अन्य कार्यकर्ता भी विधायक के साथ धरने पर हैं।

विधायक ने कहा कि 35 करोड़ की प्रस्तावित योजना को अशोक गहलोत सरकार को मंजूरी देनी चाहिए। अलवर शहर में सबसे अधिक पेयजल संकट है। इसके लिए जिम्मेदार बड़े अधिकारियों को पूरी जानकारी दी जा चुकी है। मौजूदा सरकार की ढिलाई के कारण शहर में 70 बोरवैल लग चुके हैं लेकिन उनको चालू नहीं किया गया है। खूब इंतजार करने के बावजूद अब मजबूरी में सिलीसेढ़ आना पड़ा है। इससे पहले जिला मुख्यालय पर कई बार धरने विरोध व आंदोलन किए गए हैं। इससे पहले कांग्रेस के नेताओं पर सिलीसेढ़ से अलवर शहर में पानी नहीं लाने देने के आरोप लगे हैं। हालांकि इन आरोपों को कांग्रेस नेताओं ने खारिज किया है। पूर्व कलेक्टर डॉ. जितेंद्र सोनी के समय यह योजना बनी है। करीब 35 करोड़ रुपए की लागत से शहर तक सिलीसेढ़ का पानी लेकर आना है लेकिन इस योजना को आगे नहीं बढ़ाया गया। इस कारण अब तक पानी लाने के प्रयास आगे नहीं बढ़े। इस कारण शहर विधायक धरने पर बैठे हैं।

# 'गहलोत पन्द्रह साल सीएम रहे, तब विजन क्यों नहीं याद आया'

- **मंत्री शेखावत ने मुख्यमंत्री गहलोत के विजन 2030 को लेकर बोला हमला**
- **बालोतरा में केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की प्रेस वार्ता**

**बालोतरा,** (निसं)। बालोतरा में प्रेस वार्ता में केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के विजन 2030 को लेकर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि गहलोत तीन बार करीब पन्द्रह साल तक मुख्यमंत्री रहे, तब उन्हें विजन याद नहीं आया। अब जब उनकी सरकार जाने वाली है, तब वे जनता को बरगलाने के लिए इस प्रकार का विजन तैयार कर रहे हैं, लेकिन जनता सब समझती है। इस बार जनता में कांग्रेस सरकार के खिलाफ नाराजगी ही नहीं, बल्कि व्यापक जनाक्रोश है, जिसका जवाब वह आगामी चुनाव में देगी।

शेखावत शुकवार को परिवर्तन यात्रा के तहत बालोतरा में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि साढे चार साल तक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपनी कुर्सी बचाने में लगे रहे। अब अंतिम चरण में योजनाओं की घोषणाएं कर रहे हैं, लेकिन जनता सब समझती है। वह बार वह झांसें में नहीं आएगी। वर्ष 2013 में भी उन्होंने अंतिम चरण में खूब योजनाएं बनाई, लेकिन अपना खूब प्रचार किया। जनता ने उन्हें 21 सीटों पर समेट कर रख दिया। इस बार भी ऐसा ही होगा।

शेखावत ने कहा कि इस सरकार पर भ्रष्टाचार का कलंक है। शेखावत ने कहा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पुत्र और वहां के एक मंत्री उदयनिधि ने सनातन धर्म के खिलाफ विषवमन किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में से एक पी. चिदंबरम के पुत्र ने भी ऐसा स्टेटमेंट दिया। कांग्रेस के राष्टीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पहले सनातन के खिलाफ कुछ कहा था। इनके पुत्र ने भी उदयनिधि के स्टेटमेंट को समर्थित किया। पूर्व केन्द्रीय मंत्री ए. राजा ने भी कहा। ये सब कांग्रेस और घमंडिया गठबंधन की मानसिकता का द्योतक है। कांग्रेस का क्या स्टैंड है? यह उसे स्पष्ट करना चाहिए।

पत्रकार वार्ता में केन्द्रीय कृषि मंत्री कैलाश चौधरी, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, बालोतरा जलिा अध्यक्ष बाबू सिंह राजगुरु, प्रदेश प्रवक्ता अशोक सिंह शेखावत, जिला मिडिया प्रभारी कमलेश ढेलडिया, भवानी सिंह टापरा, गणपत बांठिया,सुमित्रा जैन,अमराराम सुंदेशा, श्याम सिंह मेवानगर,कांतिलाल हुंडिया, प्रभा सिंघवी, हितेश पटेल सहित अनेक भाजपा नेता मौजूद रहे।

# पति ने की पत्नी की पीट-पीटकर हत्या

- **गुपचुप तरीके से दाह संस्कार करते पुलिस ने रोका**

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के मांडल थाना क्षेत्र में पति ने अपनी ही पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। शव का उसके ससुरालवाले दाह-संस्कार करने भी ले गये, लेकिन सूचना मिल जाने से पुलिस ने दाह-संस्कार को रुकवाते हुये शव को कब्जे में ले लिया।

मांडल चौकी प्रभारी चिराग खां कायमखानी ने बताया कि शुक्रवार को सुबह करीब 8 बजे चित्तौडग़ढ़ जिले के निम्बाहेड़ा थाने के गांव बाड़ी से राहुल भाट (कंजर) ने सूचना दी कि भीलों का खेड़ा, आरजिया में उसकी बुआ ममता (35) पत्नी प्रभु पुत्र मानिया कंजर की मौत हो गई है। उसे मौत पर शंका है। ममता के शव का दाह-संस्कार आनन-फानन में करने की तैयारी की जा रही है। दाह-संस्कार रुकवाया जाये। उधर, ममता का शव दाह-संस्कार के लिए उसका पति व अन्य लोग श्मशान ले गये, लेकिन वहां अंसल कॉलोनी के लोगों ने इसका विरोध किया। इसके चलते ये लोग शव को लेकर वहां से नये श्मशान जा रहे थे, तभी पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। ममता के शरीर पर चोटों के निशान थे।

इस बीच, मृतका के पीहर से उसका भतीजा राहुल भी अन्य परिजनों सहित आ गया। शव देखने पर गंभीर चोटों के निशान मिले। ऐसे में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमजी अस्पताल की मोर्चरी भिजवा दिया।

इस बीच, मृतका के भतीजे राहुल ने पुलिस को रिपोर्ट दी कि उसकी बुआ ममता के साथ फूंफा प्रभु आये दिन मारपीट करता था। एक माह पहले भी मारपीट की। एक बार फिर मारपीट करने से ही ममता की मौत हुई है। पुलिस ने बताया कि ममता का पति प्रभु कंजर अंसल कॉलोनी में चौकीदारी कर रहा था। उसके शराब पीने के आदी होने से 5-7 दिन पहले उसे अंसल से बाहर कर दिया। इसके बाद से ही वह घर पर ही था और शराब पी रहा था। ममता और आरोपित प्रभु की शादी वर्ष 2007 में हुई थी। ममता का पीहर निम्बाहेड़ा के बाडी में है। पुलिस आरोपों की जांच करते हुये प्रभु से मामले में पूछताछ कर रही है।

# तालाब में डूबे व्यक्ति की जान बचाई

**पोकरण,** (निसं)। रामदेवरा के विश्व प्रसिद्ध बाबा रामदेव मेले में श्रद्धालुओं के रामसरोवर तालाब में स्नान के दौरान एसडीआरफ व सिविल डिफेन्स की रेस्क्यू टीमों ने डूबे व्यक्ति को बेहोशी की हालत में तालाब से रेस्क्यू कर बाहर निकाला। एसडीआरएफ के जवान राजेन्द्र ने तालाब में डूबे पवन सोनी की पल्स एवं ब्रीथिंग को लगातार सीपीआर देकर जीवन दान दिया। जानकारी के अनुसार गुरूवार को एसडीआरफ की रेस्क्यू टीम तालाब में जातरूओं की सुरक्षा एवं बचाव राहत के लिए टीम कमाण्डर महेश कुमार हैड कानिस्टेबल 59 के नेतृत्व में मोटर बोट से गश्त कर रही थी। तभी रामसरोवर तालाब के दक्षिणी घाट पर एक व्यक्ति गहरे पानी में जाने के कारण डूब गया। टीम तुरन्त दक्षिणी घाट पर पहुँची। रेस्क्यू टीम के जवानों व साथ ही सिविल डिफन्स की टीम भी पहुंची। सिविल डिफेन्स के गोताखोर शेख मोहम्मद ने गोता लगाकर सरोवर में डूबे व्यक्ति पवन सोनी निवासी जिला सीकर को बेहोशी की हालत में तालाब से रेस्क्यू किया। अन्ततः राजेन्द्र कुमार रेस्क्यूअर की मेहनत रंग लाई तथा अस्पताल पहुँचने से पूर्व रामसरोवर तालाब में डूबे पवन सोनी की पल्स एवं ब्रीथींग चालू हो गई।

# गैंगरेप प्रकरण में कांग्रेस विधायक के आरोपी बेटे ने जिला न्यायालय में आत्मसमर्पण किया

- **सुप्रीम कोर्ट ने रद्द की थी जमानत**
- **न्यायालय के आदेशों पर विधायक पुत्र को न्यायिक हिरासत में भेजा**

**दौसा।** गैंगरेप प्रकरण में कांग्रेसी विधायक जोहरी लाल मीणा के बेटे दीपक मीणा द्वारा न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। कांग्रेसी विधायक के पुत्र पर नाबालिग स्कूली छात्रा से गैंगरेप के मामले में आरोपी है। नाबालिग बालिका के परिजनों ने एक प्राथमिकी के जरिए विधायक के पुत्र पर नाबालिक के साथ कई बार जिले के मंडावर में एक होटल में गैंगरेप की जाने का आरोप लगाया था।

आरोपी छात्रा को डरा धमका कर विधायक पुत्र आदि आरोपी ब्लैकमेल भी कर रहे थे एवं पीड़िता नाबालिक का अश्लील वीडियो भी बनाया गया था । गैंगरेप का दूसरा आरोपी नेतराम अभी भी पुलिस पकड़ से दूर है । हाल ही में पांच सितंबर को एडीजे न्यायालय ने दोनों आरोपियों के बैल बॉन्ड रद्द कर गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे। गैंगरेप पीड़िता के पिता जी द्वारा एसएलपी पर पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने भी 15 साल की नाबालिग से फरवरी 2021 में हुई गैंगरेप के मामले में विधायक के आरोपी पुत्र दीपक उर्फ दिलीप मीणा सहित अन्य आरोपीयों को राजस्थान हाईकोर्ट से 6 अप्रैल 2023 के आदेश के जरिए दी गई जमानत को रद्द किया था।

साथ ही शीर्ष न्यायालय द्वारा आरोपियों को 2 सप्ताह में संबंधित न्यायालय में सरेंडर करने के निर्देश भी दिए गए थे लेकिन आरोपियों द्वारा सरेंडर नहीं करने के बाद 5 सितंबर को दौसा एडीजे कोर्ट द्वारा अरेस्ट वारंट जारी करने के आदेश दिए थे। गौरतलब है कि मामले में पुलिस ने विधायक के बेटे को आरोपी नहीं माना था लेकिन पोक्सो कोर्ट ने सबूत के आधार पर तल्खी दिखाई तो 8 माह पहले विधायक के आरोपी बेटे को गिरफ्तार किया गया था जिसकी हाई कोर्ट से जमानत हुई थी। प्राथमिकी में बताया गया था कि फेसबुक पर नाबालिग बालिका से दोस्ती विवेक शर्मा से हुई थी।

विवेक ने नाबालिग से नजदीकिया बढ़ा 24 फरवरी 2021 को मंडावर थाना क्षेत्र की समलेटी पैलेस होटल में ले गया। जहां पर वहां काम करने वाले एक युवक नेतराम और दीपक भी साथ थे। जहां साथ ही दो अन्य युवक और पहुंचे जहां पांचों ने मिलकर नाबालिग बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। चुनाव नजदीक होने के कारण भाजपा को भी एक नया मुद्दा मिलने के साथ कानून व्यवस्था में लग रहे आरोपों में यह मसला कोढ में खाज का काम करता दिखाई दे रहा है।

# डिस्कॉम का स्टोर इंचार्ज ढाई हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

- **खराब ट्रांसफार्मर बदलने की एवज में मांगी थी रिश्वत**

**बाड़मेर,** (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी जैसलमेर इकाई ने शुक्रवार को बाडमेर में कार्यवाही करते हुए जीएसएस बायतु जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के स्टोर इंचार्ज, तकनीकी सहायक (टेक्निकल हैल्पर) ललित किशोर को परिवादी से 2 हजार 500 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

आरोपी ने परिवादी से विद्युत कनेक्शन के खराब ट्रांसफार्मर को बदलने की एवज में उक्त रिश्वत राशि की मांग की थी। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि ए.सी.बी. की जैसलमेर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके विद्युत कनेक्शन के खराब ट्रासफार्मर को बदलने की एवज में स्टोर इंचार्ज ललित किशोर द्वारा 3 हजार रुपये की रिश्वत मांग कर परेशान किया जा रहा है। इस पर एसीबी जोधपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस हरेन्द्र महावर के सुपरविजन में एसीबी जैसलमेर के उप अधीक्षक संग्राम सिंह भाटी के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया गया व शुक्रवार को बाड़मेर में मय टीम के ट्रैप कार्यवाही करते हुए ललित किशोर निवासी बायतु भोपजी, पुलिस थाना बायतु जिला बाड़मेर हाल स्टोर इचार्ज, तकनीकी सहायक (टेक्निकल हैल्पर) जीएसएस बायतु को परिवादी से 2500 रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी से पूछताछ जारी हैं। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधा न किया जायेगा।

# सुपर फोर में आज होगा बांग्लादेश-श्रीलंका में कड़ा मुकाबला

कोलंबो, 8 सितंबर। दो दिनों के संक्षिप्त अंतराल के बाद, बहुप्रतीक्षित एशिया कप 2023 सुपर फोर चरण में शनिवार को बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच दिलचस्प मुकाबला खेला जायेगा। आर प्रेमदासा स्टेडियम में होने वाले मैच को बांग्लादेश जीतने की कड़े इरादे के साथ मैदान पर उतरेगा जबकि श्रीलंका सुपर फोर चरण की शुरुआत जीत के साथ करने के लिये पूरी ताकत झोंक देगी। टूर्नामेंट के ग्रुप चरण में श्रीलंका ने बांग्लादेश को हराया था जबकि बुधवार को सुपर फोर के पहले मैच में बांग्लादेश मेजबान पाकिस्तान से भी हार गया था। दूसरी ओर गत चैंपियन श्रीलंका सुपर फोर में जीत का कदम रखने को लालयित है। कल के मैच में बल्ले और गेंद के बीच कड़ा संघर्ष होने के आसार है । वनडे में श्रीलंका और बांग्लादेश 52 मुकाबलों में आमने-सामने हुए हैं जिसमें श्रीलंका ने 41 मैच जीते हैं जबकि बांग्लादेश के खाते में नौ जीत आयी हैं। दो मैच बिना किसी नतीजे के ख़त्म हुए।

# सैफ अंडर-16 मालदीव को 8-0 से रौंदकर शान से फाइनल में पहुंचा भारत

थिम्पू, 8 सितंबर। सैफ अंडर-16 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में शुक्रवार को मालदीव को 8-0 से हरा कर भारत ने शान के साथ फाइनल में प्रवेश किया। चांगलिमिथांग स्टेडियम में भारतीयों ने शानदार खेल दिखाया और गेंद ज्यादातर समय भारतीयों के कब्जे में रही। मोहम्मद अरबाश और एबोरलांग खारथंगमॉ के अलावा विशाल यादव, मोहम्मद कैफ, लेविस जांगमिनलुन और मानभाकुपर मलंगियांग ने एक-एक गोल किया। हाफ टाइम तक भारत 2-0 से आगे था जबकि दूसरे हाफ में उसने आधा दर्जन गोल दागे। भारत का खिताब के लिये मुकाबला पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। यह मैच रविवार को शाम साढ़े पांच बजे खेला जायेगा।

# क्रिकेट विश्व कप के लिए मैच आफिशियल्स की सूची जारी

दुबई, 8 सितंबर। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत में होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लीग राउंड के लिए 20 मैच अधिकारियों की घोषणा कर दी है। टूर्नामेंट के 13वें संस्करण में सोलह अंपायर अंपायरिंग करेंगे, जिसमें आईसीसी के एमिरेट्स एलीट पैनल के सभी 12 अंपायर और आईसीसी इमर्जिंग अंपायर पैनल के चार सदस्य शामिल हैं। अंपायरों में क्रिस ब्राउन, कुमार धर्मसेना, मराइस इरास्मस, क्रिस गैफनी, माइकल गफ, एड्रियन होल्डस्टॉक, रिचर्ड इलिंगवर्थ, रिचर्ड केटलबोरो, नितिन मेनन, अहसान रज़ा, पॉल रिफ़ेल, शरफुद्दौला इब्ने शैद, रॉड टकर, एलेक्स व्हार्फ, जोएल विल्सन और पॉल विल्सन शामिल हैं। अनुभव के लिहाज से धर्मसेना, इरास्मस और टकर के नाम शामिल है जो लॉर्ड्स में आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2019 फाइनल के लिए नियुक्त किए गए थे। इनमें सिर्फ अलीम डार गायब हैं।

# रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एब्डेन की जोड़ी यूएस ओपन के फाइनल में

न्यूयार्क, 8 सितंबर। भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एब्डेन की जोड़ी ने शुक्रवार को अमेरिकी ओपन 2023 टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में फ्रांस के निकोलस माहुत और पियरे ह्यूगस हर्बर्ट को सीधे सेटों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में छठी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी ने एक घंटे और 34 मिनट तक चले मैच में 7-6(7-3), 6-2 से जीत हासिल की।

जीत के बाद बोपन्ना ने कहा, जब हमने पहले सेट में डबल ब्रेक से बचते हुए ब्रेक प्वाइंट बचाया और बढ़त बनाए रखी, वह पल काफी महत्वपूर्ण था। हमें दर्शकों से भी काफी समर्थन मिला। मैं 13 साल बाद फाइनल में पहुंचा हूं, इसलिए मैं बहुत खुश हूं। रोहन बोपन्ना अपने करियर का दूसरा ग्रैंड स्लैम फाइनल खेलेंगे और उनका ये दूसरा फाइनल भी हार्ड कोर्ट पर ही होगा।

वह पाकिस्तान के ऐसाम-उल-हक कुरेशी के साथ 2010 यूएस ओपन के पुरुष युगल फाइनल में पहुंचे थे, जिसमें इस जोड़ी को ब्रायन भाइयों की जोड़ी से शिकस्त झेलनी पड़ी थी। 2017 फ्रेंच ओपन मिश्रित युगल चैंपियन, बोपन्ना ने अभी तक एक भी मेजर युगल ख़िताब नहीं जीता है। 43 साल और छह महीने की उम्र में रोहन बोपन्ना ओपन एरा में ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बन गए हैं।

उन्होंने कनाडा के डेनियल नेस्टर का रिकॉर्ड तोड़ा, जो ऑस्ट्रेलियन ओपन 2016 में मेजर फाइनल में खेलते समय 43 साल और 4 महीने के थे। फाइनल में, बोपन्ना और एब्डेन आर्थर ऐश स्टेडियम में तीसरी वरीयता प्राप्त यूएसए के राजीव राम और ग्रेट ब्रिटेन के जो सैलिसबरी का सामना करेंगे।

राम और सैलिसबरी दो बार के चैंपियन और यूएस ओपन पुरुष युगल के मौजूदा चैंपियन हैं। इस साल अब तक बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी ने फरवरी में क़तर ओपन और मार्च में एटीपी मास्टर्स 1000 इंडियन वेल्स समेत दो ख़िताब जीते हैं। दोनों ने जुलाई में विंबलडन सेमीफाइनल में भी जगह बनाई थी। रोहन बोपन्ना इंडियन वेल्स मास्टर्स 1000 ख़िताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज टेनिस खिलाड़ी भी बन गए थे।

# अमेरिकी ओपन : कोको गॉफ और आर्यना सबालेंका में होगा खिताबी मुकाबला

न्यूयॉर्क, 8 सितंबर। कोको गॉफ और आर्यना सबालेंका ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद पहली बार अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया। फ्लोरिडा की रहने वाली 19 वर्षीय गॉफ ने पर्यावरण कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन के कारण पड़े व्यवधान और चेक गणराज्य की 27 वर्षीय करोलिना मुचोवा की चुनौती से पार पाकर 6-4, 7-5 से जीत दर्ज करके पहली बार फ्लशिंग मीडोज में खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। दूसरी वरीयता प्राप्त सबालेंका ने पहला सेट आसानी से गंवाने के बाद शानदार वापसी की और अमेरिका की मेडिसन कीज को 0-6, 7-6 (1), 7-6 (10-5) से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

# नीदरलैंड क्रिकेट बोर्ड विश्वकप शिविर के लिए भारतीय नेट गेंदबाजों की तलाश में

एम्स्टर्डम, 8 सितंबर। नीदरलैंड क्रिकेट बोर्ड ने सोशल मीडिया पर विज्ञापन देकर भारतीय क्रिकेटरों को विश्व कप के लिए अभ्यास शिविर में नेट गेंदबाज के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। स्थानीय राज्य संघ मेहमान टीमों को नेट गेंदबाज उपलब्ध कराते रहे हैं। भले ही इसके लिए कोई नियम नहीं है लेकिन यह परंपरा लंबे समय से चली आ रही है। नीदरलैंड क्रिकेट बोर्ड हालांकि अलूर में 20 से 24 सितंबर तक लगने वाले पांच दिवसीय अभ्यास शिविर के लिए एक बाएं हाथ का तेज गेंदबाज, एक दाएं हाथ का तेज गेंदबाज, एक रहस्यमयी स्पिनर और एक बाएं हाथ का स्पिनर चाहता है।

ऑस्ट्रेलिया में जन्मे स्कॉट एडवर्ड्स के नेतृत्व में नीदरलैंड की टीम अगस्त में तीन दिवसीय अनुकूलन शिविर के लिए बेंगलुरु आई थी लेकिन समझा जाता है कि नीदरलैंड के पास या तो अच्छे नेट गेंदबाज नहीं है या फिर वह उनका खर्चा उठाने में सक्षम नहीं है।

नीदरलैंड क्रिकेट बोर्ड ने अपनी विश्वकप टीम का नेट गेंदबाज बनने के लिए कुछ शर्तें भी रखी है। उसने कहा है,' टीम को ऐसा तेज गेंदबाज चाहिए जो 120 किमी प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी करता हो जबकि स्पिनर की गति कम से कम 80 किमी प्रति घंटे की होनी चाहिए और वह गेंद को टर्न कराने में सक्षम हो।''

नीदरलैंड क्रिकेट बोर्ड में गेंदबाजों से ऐसे वीडियो भेजने के लिए कहा है जिसमें उन्होंने कम से कम एक ओवर किया हो। शिविर के दौरान चयनित खिलाड़ियों की यात्रा, ठहरने और भोजन की व्यवस्था रॉयल नीदरलैंड क्रिकेट संघ करेगा। सभी उम्मीदवारों की उम्र 18 वर्ष से ऊपर होनी चाहिए और केवल भारतीय नागरिक ही इसके लिए आवेदन कर सकते हैं।

कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ हालांकि नीदरलैंड को सर्वश्रेष्ठ नेट गेंदबाज मुहैया कराने के लिए तैयार है। केएससीए से जब इस विज्ञापन के बारे में पूछा गया तो उसके एक अधिकारी ने कहा, वे पहले भी यहां शिविर लगा चुके हैं।

# शाहिद शाह अफरीदी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज : शोएब अख्तर

लाहौर, 8 सितंबर। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने कहा कि शाहीन शाह अफरीदी मौजूदा समय में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक है और पाकिस्तान का गेंदबाजी आक्रमण दुनिया में बेहतरीन है। एशिया कप और आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के आधिकारिक प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में अख्तर ने शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह और हारिस रऊफ की पाकिस्तान पेस बैटरी तिकड़ी की प्रशंसा करते हुये कहा जाहिर है, ये युवा बहुत-बहुत प्रतिभाशाली हैं। मुझे बहुत खुशी है कि पाकिस्तान बार-बार ऐसे तेज गेंदबाज पैदा करने में सक्षम है। मुझे नहीं पता कि इसका कारण क्या है। पहले पंजाब से बहुत तेज गेंदबाज हुआ करते थे। अब एक रावलपिंडी से है और दो पठान हैं। यह पेस बैटरी पुराने दिनों की याद दिलाती है। उन्होने कहा मैं कहूंगा कि इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक शाहीन शाह अफरीदी हैं। वह इस समय अपने करियर के शीर्ष पर हैं। हारिस रऊफ की फिर से विकेट लेने की वही मानसिकता है। शाहीन शाह की भी यही मानसिकता है। अगर हम नसीम शाह की बात करें तो मैंने उन्हें और उनके भाई को भी संदेश भेजा है कि स्टॉक बॉलर बनने की बजाय अधिक विकेट लेने वाली गेंदें लें। इसलिए, मुझे लगता है कि उन्हें विकेट लेने वाला गेंदबाज बनाने का संदेश दे दिया गया है। वह स्टॉक गेंदबाज नहीं है। वह गेंद को शाहीन से भी अधिक सीम करता है। मुझे लगता है कि यह तिकड़ी सर्वश्रेष्ठ पेस बैटरियों में से एक है। रावलपिंडी एक्सप्रेस के नाम से मशहूर रहे अख्तर ने कहा पाकिस्तान नई गेंद से कितना खतरनाक है, यह उसने बार-बार साबित किया है। हारिस रऊफ ने रन लुटाये, लेकिन मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं है। एक तेज गेंदबाज के तौर पर मैं आपको 70 रन देने की इजाजत देता हूं लेकिन जब तक आप चार विकेट ले रहे हैं, मेरे लिए यही मायने रखता है। लेकिन इतना कहने के बाद मुझे लगता है कि हमारे पास एक स्पिनर की कमी है। शादाब बहुत बहुत अच्छे हैं, लेग स्पिन एक कठिन कला है। एक लेग स्पिनर को अच्छी और अच्छी लय में गेंदबाजी करने के लिए कई कारकों का सही होना जरूरी है।

# भारत-पाकिस्तान मैच के लिये रिजर्व डे का प्रावधान

कोलंबो, 8 सितंबर। भारत और पाकिस्तान के बीच दस सितंबर को खेले जाने वाले एशिया कप के बहुप्रतीक्षित मुकाबले के दौरान यदि बारिश खलल डालती है तो इस दशा में आगे का मुकाबला अगले दिन खेला जायेगा।

विश्वस्त सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि 10 सितंबर को भारत बनाम पाकिस्तान सुपर फ़ोर मैच में के लिए रिज़र्व डे रखने का विकल्प चुना गया है। इससे पहले सिर्फ़ फ़ाइनल के लिए रिज़र्व का विकल्प रखा गया था लेकिन अब भारत-पाकिस्तान मैच के लिए भी रिज़र्व डे रखा गया है। हालांकि इस बदलाव के बारे में एशियाई क्रिकेट परिषद ने अब तक कोई सार्वजनिक घोषणा नहीं की है।

रिज़र्व डे के नियम के तहत मैच को पहले ही दिन पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा। अगर पहले दिन मैच को छोटा किया जाता या कहें कि किसी भी प्रकार से ओवर में कटौती की जाती है तो दूसरे दिन भी मैच वहीं से शुरू होगा। ऐसा नहीं है कि पहले दिन बारिश से प्रभावित होने के बाद दूसरे दिन मैच को शुरू से शुरू किया जाएगा।

इससे पहले ग्रुप मैचों के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ मुक़ाबला बारिश के कारण धुल गया था। ग्रुप मैचों के दौरान नेपाल और भारत के बीच हुए मैच में बारिश हुई थी और उसके कारण ओवर में कटौती भी की गई थी।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के चलते पाकिस्तान ने भारत-पाक मैच को हंबनटोटा में आयोजित करने की पेशकश की थी मगर एसीसी ने पीसीबी को ईमेल करते हुए कहा था कि मैच कोलंबो में ही आयोजित कराया जाये। पीसीबी ने एसीसी के फ़ैसले को मान लिया लेकिन वह इस फ़ैसले से ख़ुश नहीं थे और इसके लिए उन्होंने एसीसी अध्यक्ष जय शाह को पत्र भी लिखा था।

रविवार को होने वाले मुक़ाबले में मौसम के पूर्नानुमान के अनुसार बारिश होने की 90 फ़ीसदी संभावना है। वहीं भारतीय टीम में जसप्रीत बुमराह की फिर से वापसी हो चुकी है। वह अपने पहले बच्चे के जन्म के कारण भारत लौट आए थे और नेपाल के ख़िलाफ़ खेला गया मैच नहीं खेल पाए थे।

# सैफ अंडर-19 चैम्पियनशिप के लिए भारतीय टीम की घोषणा

नयी दिल्ली, 8 सितंबर। भारतीय अंडर-19 पुरुष फुटबाल टीम के मुख्य कोच शुवेंदु पांडा ने नेपाल के काठमांडू में 21-30 सितंबर तक खेले जाने वाले सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टीम शुक्रवार को सऊदी अरब में एक्सपोजर-कम-ट्रेनिंग के लिए रवाना हुई। भारतीय टीम 19 सितंबर को काठमांडू पहुंचेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के सूत्रों ने कहा कि चैंपियनशिप काठमांडू के दशरथ स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। ब्लू कोल्ट्स को ग्रुप बी में भूटान और बंगलादेश के साथ रखा गया है, जबकि मेजबान नेपाल, मालदीव और पाकिस्तान ग्रुप ए में हैं। एकल राउंड-रॉबिन ग्रुप चरण के बाद दोनों ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में भिड़ेंगी। भारत भुवनेश्वर में 2022 में आयोजित सैफ अंडर-20 के फाइनल में बंगलादेश को 5-2 से हराकर चैंपियन बना।

सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप, 2023 के लिए भारत की टीम के खिलाड़ियों में गोलकीपर: लियोनेल डेरिल रिम्मेई, दिव्याज धवल ठक्कर और मनजोत सिंह परमार हैं। डिफेंडर में थॉमस कनामुत्तिल चेरियन, जहांगीर अहमद शागू, विजय मरांडी, ए सिबा प्रसाद, मनबीर बसुमतारी, सूरजकुमार सिंह नगांगबाम और रिकी मीतेई शामिल हैं। मिडफील्डर में मंगलानथिंग किपगेन, ईशान शिशोलिया, अर्जुन सिंह ओइनम, यश चिकरो, अबिंदस येसुदासन, राजा हरिजन और थूमसोल टोंगसिन। फॉरवर्ड: ग्वागवामसर गोयारी, साहिल खुर्शीद, लिंकी मैती चाबुंगबम, केल्विन सिंह तारेम, नकुबा मैती और दिनेश सिंह सौबम हैं। भारतीय टीम के कोच शुवेंदु पांडा हैं।

# ओलंपिक से ज्यादा एथलीट हिस्सा लेंगे एशियाई खेलों में

तोक्यो, 8 सितंबर। चीन एशियाई खेलों की मेजबानी के लिए तैयार है जो नौ महीने पहले कोविड-19 महामारी प्रतिबंध हटने के बाद देश में बहु-स्पर्धाओं वाला पहला अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन होगा। एशियाड आयोजकों के अनुसार हांगझोउ के पूर्वी शहर में 12,417 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे जिनकी संख्या ओलंपिक में भाग लेने वाले एथलीट से ज्यादा होगी। एशियाई खेल 23 सितंबर से शुरू होंगे। तोक्यो ओलंपिक में दो साल पहले करीब 11,000 खिलाड़ियों ने शिरकत की थी और अगले साल पेरिस ओलंपिक में लगभग 10,500 एथलीट पहुंचेंगे। तोक्यो ओलंपिक के दौरान भी काफी विवाद हुए थे। और जहां तक विवाद, राजनीति और साजिश की बात की जाये तो एशियाई खेल इन मामलों में ओलंपिक से भी आगे निकल सकते हैं।

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति अध्यक्ष थॉमस बाक और आईओसी के लंबे समय से सदस्य कुवैत के शेख अहमद अल फहद अल सबाह के बीच सत्ता का संघर्ष चल रहा है। बाक आईओसी की कार्यकाल सीमा के कारण 2025 में पदसे हट जायेंगे और उनकी जगह कौन लेगा, इसे लेकर राजनीति चलेगी। दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाले दो देश चीन और भारत अपने सबसे ज्यादा खिलाड़ी उतारेंगे। दुनिया की चौथी सबसे बड़ी आबादी वाला देश इंडोनेशिया भी इसमें हिस्सा लेगा। एशियाई खेलों में दबदबा रखने वाला जापान और दक्षिण कोरिया भी इसमें भाग लेने वाले अहम देश होंगे।

# वर्ल्ड पावर के 80 प्रतिशत भागीदार राष्ट्राध्यक्षों का भारत आगमन शुरू हुआ

## जो बाइडन व ऋषि सुनक की अगवानी खुद प्रधानमंत्री मोदी ने की, इटली व जॉर्जिया के राष्ट्राध्यक्ष शुक्रवार सुबह ही दिल्ली पहुँच गये

- चार देशों रूस, चीन, स्पेन और मैक्सिको राष्ट्राध्यक्ष नहीं आयेंगे।
- जी-20 के इतिहास में यह पहला मौका है, जब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग इसमें शामिल नहीं हो रहे हैं। राष्ट्रपति पुतिन के नहीं आने के कारण अभी ज्ञात नहीं है। स्पेन और मैक्सिको के राष्ट्राध्यक्ष कोविड पॉजिटिव होने के कारण जी-20 समिट में नहीं आ पायेंगे।

नई दिल्ली, 8 सितम्बर। दुनिया की 80 प्रतिशत ताकत रखने वाले राष्ट्राध्यक्षों का भारत आगमन शुरु हो चुका है। जी20 शिखर सम्मेलन के मद्देनज़र राजधानी में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाबलों को तैनात कर सुरक्षा के पुख़्ता इंतज़ाम किए गए हैं। राष्ट्रपति जो बाइडन व ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की अगवानी खुद प्रधानमंमी मोदी ने की। इटली व जॉर्जिया के राष्ट्राध्यक्ष शुक्रवार सुबह ही दिल्ली पहुँच गये।

चार देशों रूस, चीन, स्पेन और मैक्सिको राष्ट्राध्यक्ष नहीं आयेंगे। जी-20 के इतिहास में यह पहला मौका है, जब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग इसमें शामिल नहीं हो रहे हैं। राष्ट्रपति पुतिन के नहीं आने के कारण अभी ज्ञात नहीं है। स्पेन और मैक्सिको के राष्ट्राध्यक्ष कोविड पॉजिटिव होने के कारण जी-20 समिट में नहीं आ पायेंगे।

30 से अधिक राष्ट्रों के राष्ट्राध्यक्ष व शीर्ष राजनेता, दुनिया के 14 शीर्ष संगठनों के प्रमुखों को जी-20 समिट में शामिल होने की संभावना है। जिन राष्ट्राध्यक्षों का भारत आगमन तय हो चुका है उनका विवरण इस प्रकार है-

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, जापान के प्रधानमंत्री कीशीदा फूमीयो, कैनेडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज़, जर्मनी की चांसलर ओलाफ स्कॉल्ज़, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सूक योल, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा व तुर्कीये के राष्ट्रपति तैयप एर्दोगन आदि।

इसके अतिरिक्त भारत ने बांग्लादेश, नीदरलैण्ड, ईज़िप्ट, मॉरिशस, नाइजिरिया, ओमान, सिंगापोर, स्पेन औ यू.ए.ई आदि देशों को भी आमंत्रित किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि लुटियंस जोन ही नहीं पूरी दिल्ली इस वक्त हाई अलर्ट पर है। जमीन से लेकर ड्रोन तक से दिल्ली के कई इलाकों की निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही जिन 16 होटलों में विदेशी मेहमानों को ठहरने की व्यवस्था की गई है उन होटलों की निगरानी के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल प्रगति मैदान की सुरक्षा के लिए विशेष पुलिस आयुक्त स्तर के अधिकारी कमान संभाल रहे हैं जबकि पुलिस उपायुक्त स्तर के अधिकारी होटलों में कैंप कमांडर के रूप में काम तैनात हैं। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर आवश्यक उपाय किए गए हैं।

सुरक्षा के लिहाज से दिल्ली में 50 हजार पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों के लिए खास वर्दी तैयार की गई है। इसके साथ ही एंटी टेरर स्क्वॉड भी तैनात की गई है। शिखर सम्मेलन का सुरक्षित और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में रणनीतिक स्थानों पर त्वरित प्रतिक्रिया टीमों (क्यू.आर.टी.), एम्बुलेंस और अग्निशमन रोबोट जैसे उन्नत अग्निशमन तंत्र की तैनाती सहित सुरक्षा उपायों को लागू किया गया है।

### प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को रूद्राक्ष और गीता भेंट की

नई दिल्ली, 8 सितंबर (वार्ता)। केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का शुक्रवार को पालम हवाई अड्डे पर स्वागत करते हुए रुद्राक्ष, श्रीमद्भागवत गीता और हनुमान चालीसा भेंट की। चौबे ने जी 20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने यहाँ पहुंचे सुनक का हवाई अड्डे पर 'जय सियाराम' से अभिवादन किया। केन्द्रीय मंत्री ने सुनक को बताया कि वह बिहार के बक्सर से सांसद हैं। बक्सर आध्यात्मिक रूप से प्राचीन काल से ही प्रसिद्ध नगर है जहां भगवान राम और उनके भाई लक्ष्मण ने गुरु महर्षि विश्वामित्र से शिक्षा-दीक्षा ली थी और ताड़का वध किया था। इस दौरान सुनक ने भारत की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक गाथा को उत्साह से सुना। उन्होंने कहा कि भारत की धरती आपकी पूर्वजों की धरती है। आपके यहां आने से सभी काफी उत्साहित हैं। केंद्रीय मंत्री ने अयोध्या बक्सर सहित मां जानकी के जन्म स्थान सीतामढ़ी और बांका के मंदार पर्वत की आध्यात्मिक संस्कृति से भी सुनक और उनकी पत्नी को अवगत कराया। उन्होंने सुनक को रुद्राक्ष, श्रीमद्भागवत गीता और हनुमान चालीसा भेंट की।

# मणिपुर में हिंसा उग्र हुई, एक व्यक्ति की मौत, 50 गम्भीर रूप से घायल हुये

## एक समुदाय के हथियारबंद बदमाशों ने दूसरे समुदाय पर भारी गोलीबारी की

- हमले से आक्रोशित होकर आस-पास के इलाकों के लोग इकट्ठे हो गए और उन्होंने हमले का विरोध किया तथा उस क्षेत्र की ओर मार्च करने की कोशिश की जहां गोलीबारी शुरू हुई थी। असम राइफल्स ने, हालांकि, समय रहते लोगों को रोक दिया। हमले का विरोध करने वालों में अधिकतर महिलाएं थीं।

इंफाल, 8 सितंबर (वार्ता)। मणिपुर के काकचिंग जिले के पाल्लेल में फिर से भड़की हिंसा में शुक्रवार को एक समुदाय विशेष के हथियारबंद बदमाशों ने दूसरे समुदाय पर हमला कर दिया जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गयी और करीब 50 अन्य घायल हो गये। एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी और इस हमले 50 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस ने कहा कि हमलावरों की गोलीबारी में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी बाद में मौत हो गयी। उसकी पहचान जितेन के रूप में हुई है।

उन्होंने बताया कि हमलावरों ने भारी गोलीबारी की जिसमें 50 से अधिक लोग घायल हो गए। अधिकांश घायलों को काकचिंग के जीवन अस्पताल में भर्ती किया गया है। हमले से आक्रोशित होकर आस-पास के इलाकों के लोग इकट्ठे हो गए और उन्होंने हमले का विरोध किया तथा उस क्षेत्र की ओर मार्च करने की कोशिश की जहां गोलीबारी शुरू हुई थी। असम राइफल्स ने हालांकि समय रहते लोगों को रोक दिया।

हमले का विरोध करने वालों में अधिकतर महिलाएं थीं।

अपुनबा लूप (टकडाल) जिले के थौबल और काकचिंग में मणिपुर हिंसा को नियंत्रित करने में राज्य सरकार की विफलता के विरोध में शुक्रवार और शनिवार को जनता कर्फ्यू का आह्वान किया है।

मणिपुर के मुख्य सचिव विनीत जोशी ने टकडाल से कर्फ्यू हटाने की अपील की है।

# जो बाइडन का भारत में जोरदार स्वागत, प्र.मंत्री मोदी के साथ हुई द्विपक्षीय बैठक

- प्रधानमंत्री आवास पहुंचे जो बाइडन ने सबसे पहले प्रधानमंत्री मोदी से हाथ मिलाया और फिर उनके कंधे पर भी अपना हाथ रखा।

नई दिल्ली, 8 सितम्बर। जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन शुक्रवार शाम को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली पहुंचे। बाइडन की शुक्रवार को ही मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक भी हुई। अमेरिका से दिल्ली पहुंचने के बाद जो बाइडन एयरपोर्ट से ही सीधे प्रधानमंत्री आवास गए। दोनों नेताओं के बीच गजब की केमिस्ट्री दिखाई दी। पी.एम. आवास पहुंचे जो बाइडन ने सबसे पहले प्रधानमंत्री मोदी से हाथ मिलाया और फिर उनके कंधे पर भी अपना हाथ रखा। दोनों पी.एम. आवास के गलियारे में आपस में बात करते हुए नजर आए। दोनों की मुलाकात के दौरान भारतीय परंपरा की भी झलक दिखाई दी।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रधानमंत्री आवास पहुंचने के बाद का वीडियो सामने आया है। बाइडन के गाड़ी से उतरते ही पी.एम. मोदी उनके पास पहुंचे और फिर दोनों ने एक-दूसरे से हाथ मिलाया। इस दौरान, दोनों ने बात भी की। कुछ देर बाद गलियारे में दोनों नेता आपस में बात करते हुए आगे की ओर बढ़े। इसके बाद जहां यह बैठक होनी थी, वहां दोनों ने पहुंचे। इसके बाद बाइडन और मोदी की जी-20 से इतर यह द्वीपक्षीय बैठक शुरू हुई। बैठक खत्म होने के बाद प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया, प्रधानमंत्री मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कई मुद्दों पर चर्चा की, इससे भारत, अमेरिका के बीच संबंध और प्रगाढ़ होंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति के एयर फोर्स वन विमान में उनके साथ अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवान, डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ जेन ओमैली डिल्लोन, ओवल ऑफिस ऑपरेशंस की निदेशक एनी टॉमासिनी, प्रेस सचिव कैरीन ज्यां-पियरे और सामरिक संचार के लिए एन.एस.सी. समन्वयन जॉन किर्बी भी आए हैं। इसके अलावा उनके साथ एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल भी जी-20 सम्मेलन के लिए आया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जी20 शिखर सम्मेलन की सफलता को लेकर उत्सुक दिखाई दिए।

### शेख हसीना ने की मोदी से मुलाकात

नई दिल्ली, 8 सितम्बर (वार्ता)। जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने यहां पहुंची बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बैठक शुरु होने से पहले यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करके द्विपक्षीय वार्ता की।

शेख हसीना ने दिल्ली पहुंचने के बाद आज शाम प्रधानमंत्री आवास में मोदी से मुलाकात करके द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर वार्ता की। समझा जाता है कि बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने जी-20 के एजेंडे पर भी चर्चा की।

इससे पहले जी-20 सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंची हसीना का यहां इंदिरा गांधी हवाई अड्डा पहुंचने पर रेल राज्यमंत्री दर्शना जरदोश ने स्वागत किया। बंगलादेश जी-20 का सदस्य नहीं है लेकिन भारत ने उसे विशेष अतिथि के रूप में सम्मेलन में आमंत्रित किया है।

# 'यू.एन. में संगठनात्मक बदलावों के बिना अब काम नहीं चल सकता'

## यू.एन. महासचिव एंटोनियो गुटरेस ने यू.एन. में भारत की स्थाई सदस्यता के दावे का खुलकर समर्थन किया

नयी दिल्ली, 8 सितंबर (वार्ता)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद तथा अन्य बहुपक्षीय अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों को मौजूदा समय में पूरी तरह अप्रासंगिक करार देते हुए इनमें सुधारों की जोरदार वकालत की है और कहा है कि अब इसमें देरी नहीं की जानी चाहिए।

गुटेरेस ने जी-20 शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उम्मीद जतायी कि इस शिखर सम्मेलन में भारत की ग्लोबल साउथ को लेकर की गई प्रतिबद्धताओं और समग्र विकास के लक्ष्य को पूरा करने में सफलता मिलेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि सदस्य देशों को मौजूदा चुनौतियों के समाधान से मुंह नहीं चुराना चाहिए और एकजुट होकर इनका समाधान करना चाहिए। उन्होंने कहा, ये कार्य कोई अकेला देश , क्षेत्र या समूह नहीं कर सकता। हम सबको एक परिवार की तरह मिलकर पृथ्वी को बचाने तथा हमारे भविष्य की रक्षा के लिए मिलकर कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा कि विकसित देशों को अपनी भूमिका निभानी होगी।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत ने विकास को सम्मेलन के एजेंडा में बहुत आगे रखा है और वह ग्लोबल साउथ की आवाज को भी जोरदार तरीके से उठा रहा है। भारत अपने वादे पर खरा उतरा है।

उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र और अन्य बहुपक्षीय अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों में सुधार के लिए निश्चित समय सीमा में किये जाने चाहिए और इसके लिए बिलकुल भी समय बर्बाद नहीं किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बहुध्रुवीय विश्व में सुधारों का महत्व बढता जा रहा है। केवल बहुध्रुवीय होने से ही शांति अपने आप स्थापित नहीं होगी।

बहुपक्षीय संस्थानों में भी सुधारों की उतनी ही जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में आज की दुनिया की झलक नहीं दिखाई देती। इसमें द्वितीय विश्व युद्ध के समय की झलक दिखाई देती है। इन संस्थानों को आज की वास्तविकताओं के अनुसार कार्य करना होगा। सुरक्षा परिषद के लिए भी यही बात सही है। ये कार्य इन संस्थानों से नहीं किये जा सकते।

### मांगरोल कांग्रेस ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मांगरोल में कांग्रेस का मंडल अध्यक्ष था। मृतक के भतीजे श्याम सुंदर ने बताया कि उनके गांव में शनिवार को पटवार घर का उद्घाटन किया जाना था। इसके लिए चाचा मेहताब सिंह मनियां कस्बे में टैंट का सामान लेने गए थे। उसी समय अचानक मोटरसाइकिलों पर आए करीब 11 लोगों ने मेहताब सिंह को घेर लिया एवं अंधाधुंध फायरिंग कर दी। कई गोलियां लगने से उनके मेहताब सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद मौके पर मौजूद परिजन मेहताब को लेकर जिला अस्पताल धौलपुर पहुंचे, जहां उसे मृत घोषित करते हुए शव को मोर्चरी में रखवा दिया। अस्पताल पहुंचे मृतक के परिजनों ने बताया कि 20 साल पहले से ही चुनाव को लेकर मृतक और आरोपी पक्ष के बीच चुनावी रंजिश चली जा रही है। जिसको लेकर दोनों पक्षों में कई बार टकराव भी हुआ है। मांगरोल कांग्रेस मंडल अध्यक्ष मेहताब सिंह गुर्जर की हत्या के बाद इलाके में तनाव बना हुआ है। वहीं मृतक कर शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाने के बाद पुलिस बल तैनात किया गया है।

# 'सरकार का झूठ व कुप्रबंध ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

इन्स्टीट्यूट ऑफ पॉपुलेशन के निदेशक को निलम्बित कर दिया था। ज्ञातव्य है कि यही इन्स्टीट्यूट एन.एफ.एस.एस. कराता है। सरकार ने एन.एफ.एस.एस.-6 के बाद एनीमिया का मापन रोक दिया है।

रमेश ने कहा कि लेबर ब्यूरो द्वारा कराये गये "रोज़गार-बेरोज़गार सर्वेक्षण को 2017 रद्दी की टोकरी में डाल दिया था। नैशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो न 2017 में मॉब लिन्चिंग- डाटा एकत्रित करना बंद कर दिया। 2018 में जी.डी.पी. के डेटा में गड़बड़ी की गई, जिससे कि यू.पी.ए. शासन की ग्रोथ कम प्रतीत हों।

रमेश ने कहा कि मोदी सरकार ने ससंद को बताया था कि अनियोजित लॉकडाउन के कारण हजारों किलो मीटर पैदल चलकर अपने घर जा रहे मजदूरों की मौतों के आँकड़े उपलब्ध नहीं हैं, कोविड-19 योद्धाओं की मौतों की आँकड़े नहीं हैं तथा किसानों द्वारा की गई आत्म हत्याओं के आँकड़े सरकार के पास उपलब्ध नहीं हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि आँकड़ों को दबाने के हर एक मामले के जरिये, मोदी सरकार अपनी असफलताओं को ढ़क रही है।

रमेश ने कहा कि एन.डी.ए. सरकार की एक बहत बड़ी असफलता 10 साल बाद होने वाली जनगणना, जो 2021 में होनी थी, को न कराना था।

इस बात पर जोर देते हुये कि जी-20 सम्मेलन, जिसकी रोटेशनल अध्यक्षता भारत कर रहा है, आज दिल्ली में शुरु हो गई हैं, कांग्रेस नेता ने कहा जी-20 के प्रत्येक देश ने, कोविड-19 के बावजूद, जनगणना कराई थी। जनगणना कराने वाले देशों में इन्डोनेशिया, ब्राज़ील तथा दक्षिण अफ्रीका जैसे विकासशील देश भी शामिल हैं।

रमेशन ने कहा कि जनगणना न कराये जाने के कारण, करीब 14 करोड़ भारतवासी राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत उन्हें मिलने वाली निःशुल्क खाद्य-सामग्री के हक से वंचित रह गये। उन्होंने एन.डी.ए. सरकार को "ना डाटा अवेलेबल" गठबंधन बताया।

कांग्रेस ने एक बयान में कहा, "सर्वाधिक आबादी वाले ओ.बी.सी. समुदाय की गणना, श्रेणीकरण तथा लक्षण-वर्णन सुनिश्चित किये बिना, सभी भारतीयों के लिये समुचित विकास तथा सामाजिक न्याय सुनिश्चित करना असंभव है। हम "समानता, न कि दया" (पैरिटी, नॉट चैरिटी) के सिद्धांत में दृढ़ विश्वास रखते हैं तथा इसके लिये जातिगत जनगणना अत्यावश्यक है।"

राष्ट्रीय जातिगत जनगणना की माँग करने का कांग्रेस का निर्णय इस बात का संकेत है कि विपक्षी गठबंधन इंडिया इसे एक बड़ा चुनावी मुद्दा बनाने जा रहा है।

### लोकसभा चुनावों...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

इकट्ठे कर लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को कड़ी टक्कर देने का निर्णय लिया है।

जनता दल (एस.) नेतृत्व ने लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा से हाथ मिलाने के बारे में अपने कई वरिष्ठ नेताओं की राय को सही बताया। जो जनता दल (एस.) 30-35 सीटों के साथ किंगमेकर बनने का सपना देख रही थी उसे केवल 19 सीटें मिलीं और उसका सपना चूर-चूर हो गया।

इससे महत्वपूर्ण यह है कि कांग्रेस ने आधी से काफी ज्यादा सीटें जीतीं और ऑपरेशन कमल की पुनरावृति ऑपरेशन हस्त के रूप में की।

जनता दल (एस.) को अब एहसास हुआ है कि उसका राजनैतिक अस्तित्व भाजपा को समर्थन देने पर आश्रित है। पिछले लोकसभा चुनाव में उसने केवल एक सीट हासन जीती थी, जो देवगौड़ा ने अपने पोते प्रज्ज्वल रवन्ना के लिए छोड़ी थी। लेकिन यह सीट भी खटाई में है क्योंकि कर्नाटक हाई कोर्ट ने 2019 में झूठा शपथ पत्र देने के कारण उसको अयोग्य करार दे दिया।

# कश्मीर में एक आतंकी व तीन सहयोगी गिरफ्तार

श्रीनगर, 8 सितंबर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर में दो अलग-अलग अभियानों में एक 'हाइब्रिड' आतंकवादी, उसका सहयोगी और आतंकवादियों के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि मध्य कश्मीर के बडगाम जिले के पाखरपोरा इलाके में सेना की 53 राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस ने मिलकर एक 'हाइब्रिड' आतंकवादी और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने 'हाइब्रिड' आतंकवादी की पहचान तनवीर अहमद भट के रूप में की है और उसका सहयोगी यावर मकबूल गनई है और दोनों कारापोरा चरार-शरीफ के निवासी हैं।

पुलिस ने कहा कि दोनों द रेजिस्टेंस फ्रंट के साथ जुड़े हुए थे, जिसे लश्कर-ए-तैयबा का एक छद्म समूह माना जाता है।पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार किए गए दोनों आतंकवादी पाखेरपोरा इलाके में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा/टी.आर.एफ.) के बैनर तले काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उनके पास से एक पिस्तौल, एक पिस्तौल मैगजीन, नौ गोलियां और अन्य आपत्तिजनक सामग्री सहित हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि चरार-ए-शरीफ पुलिस थाने में कानून की संबंधित धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है और जांच चल रही है। एक अन्य अभियान में, दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकवादी के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने कहा कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए, पुलवामा पुलिस ने गुदूरा पुलवामा के सेब के बगीचे की गहन तलाशी ली और आतंकवादी के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने कहा कि दोनों की पहचान महरादपोरा टरपोरा पुचल के सुहैल फिरदौस और वागुम पुलवामा के शाहिद गुल के रूप में की गई है।

### लापता टी-79...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जा रहे हैं। पोस्टमार्टम के बाद नमूने लैब में भेजे जा रहे हैं जिससे यह पता लगाया जा सके कि शावकों की मौत किस कारण हुई। मात्र 3 दिन में दो अनाथ शावकों की मौत हो जाने से वन एवं वन्य प्राणी प्रेमियों में गहरी मायूसी छाई हुई है। वन विभाग की टीम 25 दिन से लापता बाघिन को ढूंढ नहीं पायी है। कहा जा रहा है कि, दोनों शावकों की मौत का मुख्य कारण, मां से बिछड़ने के बाद उनके सामने पेट भरने की समस्या रही होगी, जिसके कारण तीनों बहुत कमज़ोर हो गए। इसके अलावा बाहर निकलने पर उन्हें जान का भी खतरा रहता है। मां से बिछड़ जाने के बाद शावकों की जिम्मेदारी वन विभाग की थी, जिसे वह सही ढंग से नहीं निभा पाया। शुक्रवार को फलोदी रेंज में एक पेड़ के तनों के बीच दूसरे शावक का शव मिला है।

### प्रियंका की ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

प्रियंका गाँधी की यात्रा के संबंध में 9 सितम्बर को प्रदेश कांग्रेस के वार रूम, 7, हॉस्पिटल रोड, जयपुर, पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव के. सी. वेणुगोपाल प्रमुख कांग्रेसजनों की महत्वपूर्ण बैठक लेंगे तथा संगठनात्मक कार्यों पर विस्तृत चर्चा करेंगे। बैठक में राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सहप्रभारी काजी निज़ामुद्दीन, अमृता धवन और वीरेन्द्र सिंह राठौड़ अन्य वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

### लोकसभा चुनाव ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

हुई है। सूत्रों ने कहा कि आगामी दिनों में मुद्दे तेजी से आगे बढ़ेंगे ताकि विपक्ष के गति बनी रहे और नरेन्द्र मोदी सरकार के खिलाफ एक प्रभावी अभियान चल सके। सी.पी.आई. के महासचिव डी. राजा ने कहा, विधानसभा चुनाव नज़दीक हैं। इंडिया गठबंधन की पार्टियां साथ मिलकर सीटों के बंटवारे की व्यवस्था कर सकती है ताकि भाजपा को संगठित होकर चुनौती दी जा सके।"

# डॉ. मनमोहन सिंह ने प्र.मंत्री मोदी की विदेश नीति और भूमिका की तारीफ की

## डॉ. मनमोहन सिंह ने कहा कि, रूस और यूक्रेन युद्ध में भारत ने अपने हितों को पहले स्थान पर रखकर बिल्कुल सही काम किया है

- मनमोहन सिंह ने साक्षात्कार में कहा कि, जब दो या उससे ज्यादा देशों के बीच तनाव होता है तो अन्य देशों पर किसी एक देश का चुनाव करने का अक्सर दबाव बन जाता है। यह स्थिति बहुत कठिन होती है लेकिन मोदी ने इस जटिल स्थिति में अपने देश को ज्यादा महत्व देने का विकल्प चुनकर अपनी संप्रभुता की रक्षा की है और प्रधानमंत्री के रूप में उनकी यह भूमिका सही थी।
- मनमोहन सिंह ने कहा कि, मोदी ने देशहित में कठिन माहौल के बीच जो कदम उठाए हैं उसकी वजह से वैश्विक स्तर पर भारत की साख बढ़ी है।

नई दिल्ली, 8 सितम्बर (वार्ता)। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने रूस-यूक्रेन युद्ध के माहौल में भारत की भूमिका को उचित बताते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों मुल्कों से शांति की अपील करते हुए अपने हितों को पहले स्थान पर रखकर सही काम किया है।

डॉ. सिंह ने एक अंग्रेजी दैनिक को दिए साक्षात्कार में कहा कि जब दो या उससे ज्यादा देशों के बीच तनाव होता है तो अन्य देशों पर किसी एक देश का चुनाव करने का अक्सर दबाव बन जाता है। यह स्थिति बहुत कठिन होती है लेकिन मोदी ने इस जटिल स्थिति में अपने देश को ज्यादा महत्व देने का विकल्प चुनकर अपनी संप्रभुता की रक्षा की है और प्रधानमंत्री के रूप में उनकी यह भूमिका सही थी।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि शांति की अपील करके भारत ने बेहतर तरीके से अपने संप्रभु और आर्थिक हितों को प्रथम स्थान देकर सही काम किया है।

रूस-यूक्रेन संघर्ष और चीन एवं पश्चिमी देशों के बीच तनाव के कारण विश्व व्यवस्था में बहुत बदलाव आ चुका है और इस माहौल में भारत ने अहम भूमिका निभाई है। मोदी ने देशहित में कठिन माहौल के बीच जो कदम उठाए हैं उसकी वजह से वैश्विक स्तर पर भारत की साख बढ़ी है। रूस-यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर नयी विश्व व्यवस्था को संचालित करने में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण है और इस संघर्ष के बीच अपने हितों को महत्व देते हुए भारत ने शांति की अपील कर सही काम किया है।

पूर्व प्रधानमंत्री ने हिदायत देते हुए कहा, अभी नए तरह के व्यापारिक प्रतिबंधों की बात हो रही है। इससे मौजूदा व्यवस्था बदलेगी और विश्व की सप्लाई चेन में भारत के लिए नए रास्ते खुल सकते हैं। इन सब परिस्थितियों के दौर में भारत का आर्थिक हित इसी बात में है कि वह किसी के संघर्षों में ना उलझे और दूसरे देशों के साथ व्यापारिक संबंधों का संतुलन बनाए रखते हुए आगे बढे।

भारत में जी-20 के आयोजन से संबंधित सवाल पर उन्होंने कहा, मुझे ख़ुशी है कि रोटेशन के तहत जी-20 में भारत को अध्यक्षता करने का मौक़ा मिला और मेरे लिए ज्यादा खुशी इस बात की है कि मैं भारत को जी-20 की अध्यक्षता करते हुए देख रहा हूं। विदेश नीति हमेशा से भारत के शासकीय ढांचे का अहम हिस्सा रही है लेकिन पहले की तुलना में अब विदेश नीति देश की राजनीति में ज़्यादा अहम और प्रासंगिक हो गई है।

मोदी के देश को 2047 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने संबंधी दावे पर डॉ. सिंह ने कहा, यह तय है कि आने वाले सालों में भारत दुनिया की अर्थव्यवस्था का पावर हाउस होगा। बदलती वैश्विक व्यवस्था में भारत अद्वितीय आर्थिक अवसर के मुहाने पर खड़ा है। भारत के पास एक बड़ा बाजार है और हम प्राकृतिक संसाधनों के जरिए उत्पादन और निर्माण को आगे बढ़ाकर आने वाले दशकों में भारत दुनिया भर में अर्थव्यवस्था का बड़ा पावरहाउस बन सकता है।

भारत के भविष्य को लेकर पूछे गये सवाल पर पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा, भारत के भविष्य को लेकर मुझे चिंता से ज्यादा आशाएं हैं, लेकिन मेरा आशावाद इस पर निर्भर करता है कि भारतीय समाज में कितना सौहार्दपूर्ण माहौल रहेगा क्योंकि विकास की बुनियाद में माहौल महत्वापूर्ण होता है। भारत दुनिया में कहां खड़ा है और देश की राजनीति में इसको मुद्दा भी बनना चाहिए लेकिन कूटनीति और विदेश नीति का निजी राजनीति या पार्टी के लिए इस्तेमाल नही किया जाना चाहिए।

### उपचुनाव नतीजों ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सिंह को बधाई देते हुए, इसे इंडिया गठबंधन की जीत बताया है।

उधर पश्चिमी बंगाल में, इंडिया ब्लॉक की दो पार्टियों-कांग्रेस और सी.पी.आई. (एम) ने मिलकर, तृणमूल कांग्रेस (टी.एम.सी.) का सामना किया था। लेकिन टी.एम.सी. के निर्मल चन्द्र रॉय सफल रहे तथा इस प्रकार इस सीट पर ममता बनर्जी की पार्टी का कब्जा हो गया।

इस प्रकार, जिन सात सीटों के लिये उपचुनाव हुये थे, उनमें से धनपुर, धुगुपरी तथा बागेश्वर सीट भाजपा की झोली में गईं। घोसी सीट समाजवादी पार्टी तथा झारखंड की सीट जे.एम.एम. के खाते में गई। त्रिपुरा की बौक्सानगर सीट तथा केरल की पुथुपल्ली सीट पर क्रमशः सी.पी.एम. तथा कांग्रेस विजयी रहीं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंभ्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908

## संक्षिप्त

### साक्षात्कार के लिये उमड़ी भीड़

**पावटा।** कोटपुतली बहरोड जिले के पावटा पंचायत समिति परिसर में महात्मा गांधी प्रेरक के साक्षात्कार के लिए शुक्रवार को भी युवाओ व महिलाओ की भीड उमड पडी। जानकारी देते हुए विकास अधिकारी सुरेश पारिख ने बताया कि शुक्रवार को चौथे दिन छह ग्राम पंचायत भूरी भडाज, भैसलाना, सुजातनगर, सुदरपुरा ढाढा, पुरुषोंत्तमपुरा, पाथरेडी के 1० राजस्व गांवो के लिए 218 आवेदकों को दस्तावेज जांच व इटरव्यू के लिए बुलाया। जहाँ पावटा पंचायत समिति वीसी कक्ष में उपखण्ड अधिकारी बजरंगलाल स्वामी, विकास अधिकारी सुरेश पारिख, संयोजक अमित यादव, सह संयोजक टिंकू प्रजापति, गैर सरकारी दीपक कुमार चावला ने महात्मा गांधी प्रेरक के लिए इंटरव्यू लिया। चयनित प्रेरक ग्राम पंचायत के प्रत्येक गांव मे राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व योजनाओ का लाभ आमजन तक पहुँचाने का कार्य करेंगे।

### हादसे में बाइक चालक की मौत

**मालपुरा,(निस)** पचेवर थाने के सामने गुरूवार की देर रात्री को अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक चालक की दर्दनाक मोत हो गई। मृतक के परिजनो ने बताया कि सुरसागर पचेवर निवासी रामकुमार गोदारा जो कि गुरूवार की देर रात्री को खेत से घर की और आ रहा था। पचेवर थाने के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायल को मालपुरा अस्पताल मे भर्ति करवाया जहां चिकित्सको ने मृत घौषित कर शुक्रवार की सवेरे पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनो को सौंपा गया।

### यशवीर शुरा बने सदस्य

**मालपुरा,(निस)** राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 की मॉनिटरिंग को लेकर ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी द्वारा बनाई गई कैम्पिंग कमेटी की घौषणा कर केसी वेनीगोपाल द्वारा की गई जिसमे युथ कांग्रेस डेलीगेट प्रदेश अध्यक्ष यशवीर शुरा को कमेटी के सदस्य बनाया गया।

# समय पर राशन नहीं देने का आरोप, विरोध में महिलाएं उतरी

**अलवर ।** अलवर के उमरैण पंचायत के दादर गांव की महिलाओं ने राशन डीलर पर गंभीर आरोप लगाए। समय पर राशन नहीं देने के पीछे बीमा कराने का दबाव डाला जाता है। ताकि मजबूरी में लोग उसके जरिए बीमा करा लें। दादर गांव की महिलाओं ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन भी किया। इस मामले की शिकायत 10 दिन पहले कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली को भी दी गई थी।

■ **ग्रामीण राशन डीलर की शिकायत कर चुके है**

दादर गांव की महिला बीना ने कहा कि राशन डीलर संदीप है। जिसके पास 1 सितंबर से कई बार होकर आ चुके हैं। कभी सुबह तो कभी शाम को आने का नाम लेकर टरका देता है। खुद निजी स्कूल चलाता है। स्कूल से आने पर राशन बांटने की कहता है। कभी देर से आता है तो कभी आता नहीं है। इस मामले की 10 दिन पहले कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली को शिकायत की है। उसके बावजूद भी ढर्रा नहीं बदला। गांव की महिलाएं रोजाना परेशान होती हैं।



अलवर के उमरैण पंचायत के दादर गांव की महिलाओं ने राशन डीलर के खिलाफ शिकायत की।

अब तक सुनवाई नहीं है। अब आगे हम तय करेंगे कि कैसे विरोध करेंगे। जो भी होगा उसके जिम्मेदार कैबिनेट मंत्री व प्रशासन होगा।

ग्रामीणों ने बताया कि राशन डीलर ग्रामीणों से बोलता है कि पहले वे उससे रुढ्ढष्ट करवाएं। उसके बाद राशन दिया जाएगा। हालांकि डीलर ने इन आरोपों को खारिज किया है। ठाामीणों ने कहा कि इस मामले की शिकायत मंत्री टीकाराम जूली को भी दे दी गई है। लेकिन इस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। स्थानीय महिला सुशीला देवी ने बताया कि राशन डीलर संदीप अग्रवाल आमजन को परेशान करने में लगा है। वह स्कूल भी संचालित करता है। स्कूल से आने के बाद ही राशन देता है। जिसके कारण लोग धक्के खाने को मजबूर हैं।

## आनंदमय जीवन जीने का संदेश दिया

**टोंक।** कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की शाखा टोंक द्वारा स्थानीय सेवा केंद्र राजयोग भवन के प्रांगण में श्री कृष्ण की बाल लीलाओं की अनेक मनोरम झांकियां सजाई गई, जिनके देर रात तक हजारों लोगों ने दर्शन किए तथा उनका आध्यात्मिक रहस्य समझाकर सकारात्मक जीवन जीने का संकल्प लिया।

इस मौके पर सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी अपर्णा दीदी ने सभी को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई देते हुए कहा कि श्री कृष्ण का जीवन हमें आनंदमय जीवन जीने की प्रेरणा देता है। माताएं मैया यशोदा बनकर अपने बच्चों की श्रेष्ठ संस्कार से पालना करें ताकि बच्चे श्री कृष्ण जैसा सुसंस्कारी बन सके। उन्होंने कहा प्रेम ही इस संसार का सार है। ईश्वरीय ज्ञान व राजयोग के नित्य अभ्यास से हमारा जीवन श्री कृष्ण समान सर्वगुण संपन्न, सोलह कला संपूर्ण व संपूर्ण निर्विकारी बना जाता हे। दीदी ने कहा की दिव्य गुणों की धारण कर भारत को स्वर्णिम बनाने में मददगार बनना है। सजाई गई हरेक झाकी का आध्यात्मिक रहस्य समझते हुए ब्रह्माकारी पूनम दीदी ने कहा की जेसे श्री कृष्ण ने एक अंगुली पर पहाड़ उठा लिया था वैसे ही यदि हम सब एक दूसरे के प्रति करुणा की भावना रख सहयोग करे सहारा दे तो बडी से बडी समस्या का समाधान किया जा सकता हे। श्री कृष्ण की जीवन लीलाएं हमे श्रेष्ठ जीवन जीने की कला सिखलाती है।

## सार-समाचार

### कलेक्टर ने जनसुनवाई की

**दूदू,।** जिला कलेक्टर दूदू अर्तिका शुक्ला ने शुक्रवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में चल रहे मनरेगा कार्यो का औचक निरीक्षण कर जनसुनवाई की । शुक्ला ने ग्राम पंचायत मौजमाबाद, बोराज में चल रहे मनरेगा कार्यो का निरीक्षण कर क्षमिकों से प्रदेश की सरकार द्वारा चलायी जा रही फ्लेश शिप जनकल्याण कारी योजनाओ के बारे मे जानकारी ली। कार्यस्थलो पर छाया,पानी,चिकित्सा सुविधाये उपलब्ध कराने एवं कार्यस्थलो पर बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गये। ग्राम पंचायत गाडोता के सभागार मे जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणो द्वारा बतायी गई जन समस्याये बिजली कटौती ,पेयजल,भूमि के पटे व अतिकमण हटाने की समस्याओ को पंजीकत कर अधिकारियो को निस्तारण के निर्देश दिए गये। ब्लाक स्तरीय अधिकारियो के कार्यो की समीक्षा बैठक मे विभिन्न विभागो के अधिकारियो को लम्बित प्रकरणो के निस्तारण के निर्देश दिए गये। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी जिला परिषद अधिकारी विजय सिंह उपखण्ड अधिकारी हेमन्त कुमार,विकास अधिकारी राजेश्वरी यादव, सरपंच बोराज सुरेन्द्र सिंह मीणा मौजूद रहे।

### ब्लॉक कांग्रेस की सभा आयोजित

**फुलेरा ।** कस्बे के समीपवर्ती ग्राम पंचायत तेज्या का बास स्थित श्री रामदेव जी मन्दिर परिसर में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं की एक सभा का आयोजन ब्लॉक महासचिव रामचन्द्र वर्मा की अध्यक्षता में किया गये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी किशनगढ़ रेनवाल के पूर्व अध्यक्ष रामगोपाल गीला रहे। सभा के दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सरकार द्वारा लागू की गई जन कल्याणकारी योजनाओं तथा महगाई राहत गारंटी योजनाओं के बारे में एक घंटे की फिल्म बड़ी डिसप्ले पर दिखाई गयी। इसके बाद सभा में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों को शाल ओढाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि गीला ने अपने संबोधन में कांठोस पार्टी को भारी मतों से जिताने की अपील करते हुए कहा कि कांठोस पार्टी किसी भी उम्मीदवार को टिकट दे तो भी मैं तन मन धन से पार्टी हित में कार्य करते हुए उसे भारी महतो से जिताने का प्रयास करूँगा। सभा के बाद में जनजागरण जुलूस निकाला गया। जनसभा में तहसील के अनेक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

### भजनों पर झूमें श्रद्धालु

**सांभरझील।** यहां जाल की गली स्थित श्रीनाथजी का मंदिर (भगवान गोवर्धन नाथ का मंदिर) में हर वर्ष की भांति मंदिर ट्रस्ट की ओर से धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन कर कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शुक्रवार की सुबह प्रात: 11:00 बजे से पहले शुरू हुआ धार्मिक कार्यक्रम करीब तीन घंटे तक चला, नगर की सैकडो महिलाओं ने बढ चढकर हिस्सा लिया। भगवान के अनेक रूपों की झांकी को जीवंत स्वरूप में देख सभी अभिभूत हुए। नन्हें बालक बालिकाओं को भगवान के विभिन्न रूपों में देखकर सभी ने जमकर तारीफ की। पुजारी राजेश मुखिया ने भगवान श्रीनाथ की अनुपम झांकी सजाई, प्रतिमाओं का भव्य श्रृंगार किया, पूजा अर्चना के बाद ठाकुर जी को झूला झुलाया गया। मंदिर परिसर में महिलाओं की ओर से भगवान श्री कृष्ण व राधा पर आधारित सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां पेश की गई। गोकुल की गलियों में..,नंद के आनंद भयो.., छोटो सो मेरो मदन गोपाल.., आज म्हारा कानूड़ा क कांई होगो.., आलकी पालकी जय कन्हैयालाल की.., मेरो लड्डू गोपाल...सहित अनेक भक्ति गीतों के जरिए मौजूद श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर झूमने पर मजबूर किया। महिलाओं ने भी पूरे भक्ति भाव में डूबकर नृत्य पेश किया। भक्तगणों को काजू, बादाम, किशमिश का प्रसाद बांटा गया। एक शताब्दी पुराने इस मंदिर में आज भी धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन समय समय पर ट्रस्ट की ओर से करवाया जाता है। श्रीनाथ का मंदिर क्षेत्र में आसपास और कहीं पर भी नहीं होने से यहां पर भक्तों का सैलाब हमेशा ही।उमड़ता है। इस मौके पर गोवर्धन नाथ मंदिर की द्रष्टि जुगल किशोर बालानी व मोहनलाल कॉलानी, रामचंद्र दाधीच, कोलकाता से दामोदरदास कॉलानी, राजेश कॉलानी, दाऊ दयाल कॉलानी, दिल्ली से बृजभूषण बालानी के अलावा दामोदर प्रसाद मुखिया, संजय तोषनीवाल, गोविंद मांधाना सहित सैकड़ो महिला श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

### परिवर्तन यात्रा के लिए रथ रवाना

**टोंक।** भाजयूमो का मुख्यालय स्थित हाउसिंग बोर्ड कार्यालय से टोंक विधानसभा की 12 सितम्बर को राजस्थान की भ्रष्ट कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेकने के लिय आयोजित होने वाली परिवर्तन संकल्प यात्रा हेतु भाजयूमो प्रदेश महामंत्री चंद्रवीर सिंह चौहान द्वारा विधानसभा में जनता के आह्वान हेतु के रथ तैयारकर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला प्रमुख सरोज बंसल, जिलामहामंत्री विष्णु शर्मा ,पूर्व सभापति लक्ष्मी देवी जैन, जयपुर जिला सहप्रभारी नरेश बंसल, पूर्व जिला महामंत्री पंडित महावीर शर्मा, महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष बीना छामूनिया, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेंद्र सैनी, युवा मोर्चा जिला महामंत्री लक्ष्मण चौधरी ,जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम चावला मोर्चा सहित पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ताओं ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ।

### 65 हेण्डपम्प स्वीकृत

**फुलेरा ।** फुलेरा विधान सभा क्षेत्र में पेयजल संकट पर गौर फरमाते हुए स्थानीय विधायक निर्मल कुमावत ने क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर पेयजल हेतु 1 करोड 60 लाख रूपये की लागत से 65 हेण्डपम्प स्वीकृत करवाकर पेयजल से त्रस्त जनता को राहत पहुंचाई है। उपरोक्त जानकारी देते हुए नगर भाजपा मण्डल अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि फुलेरा विधान सभा क्षेत्र में अनेक जगहों पर पेयजल समस्या बनी हुई है। जनता की मांग पर विधायक निर्मल कुमावत ने विधायक कोटे से 65 हेण्डपम्प स्वीकृत करवाकर राहत पहुचाने का प्रयास किया है। इसी क्रम में आगे बताया कि विधायक कुमावत ने विधानसभा क्षेत्र के गांव ईटावा, कि. रेनवाल, खेडीराम, श्रीरामपुरा, काचरोदा, रोजडी, आकोदा, नरेना, हिरनोदा, सीतारामपुरा, सामलपुरा, लुनियावास, बरडोती, जयसिंहपुरा, तेज्या का बास, फुलेरा, हबसपुरा, काजीपुरा, चैनपुरा, काबरो का बास सहित सुरसिंहपुरा में 65 हेण्डपम्प स्वीकृत करवाये है। इसको लेकर क्षेत्र की जनता ने विधायक का आभार व्यक्त किया है।

### प्रवीण बंसल सह संयोजक नियुक्त

**कोटपूतली।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी के निर्देशानुसार जयपुर देहात उत्तर के जिला अध्यक्ष श्याम शर्मा ने आगामी विधानसभा चुनावों के लिए एड. अशोक सुरेलिया को कोटपूतली विधानसभा का मीडिया संयोजक एवं प्रवीण बंसल को सह संयोजक नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि अशोक सुरेलिया मोदी के मन की बात कार्यक्रम के जिला प्रभारी हैं। जबकि प्रवीण बंसल भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष हैं। मीडिया संयोजक एवं सह संयोजक नियुक्त होने पर सभी भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने अशोक सुरेलिया एवं प्रवीण बंसल को शुभकामनाएं देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

### वेट लिफ्टींग की प्रतियोगिता आयोजित

**टोंक।** अमरदीप सेकण्डरी स्कुल टोक में 67वीं जिला स्तरीय माध्यमिक व उच्च मा. खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन प्रारम्भ हुआ, इस अवसर पर शाला निदेशक चौथमल सेनी ने प्रतिभागियों को पढाई के साथ-साथ खेलो का महत्व भी गताया। यह प्रतियोगिताऐं आगामी 12 सितम्बर तक चलेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेहमूद शाह रहे एवं कार्यक्रम की अध्क्षता शब्बीर नागौरी ने की। इस दौरान विशिष्ठ अतिथि हनुमान प्रसाद सैनी लोकेश ट्रेडर्स ग्रूप व रमप्रसाद मीणा मौजूद रहें। सभी अतिथियों का स्वागत शाला निदेशक चौथमल सैनी ने किया।

### कार्यकारिणी का विस्तार

**टोंक।** मीर मिरासी मुस्लिमात समाज विकास सेवा समिति की बैठक 8 सितम्बर को जाल का कुआं पावर हाउस रोड रजबन में आयोजित की गई। मीर मिरासी समाज के अध्यक्ष अजमल मियां ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से कार्यकारीणी का विस्तार किया। जिसमें गफूर खां उपाध्यक्ष, जावेद सचिव, एहसान हजरत कोषाध्यक्ष, मुजीब खान मंत्री, इरफान खान को प्रचार मंत्री मनोनित किया गया। कार्यकारीणी के अन्य सदस्यों में सायरा बी, अशफाक इत्यादि इस दौरान मौजूद रहे।

### महाचौपाल का आयोजन

**पावटा।** पावटा पंचायत समिति प्रधान पूजा चौधरी का प्रधान पद के कार्यकाल के दो साल पूर्ण होने पर नेता जगन चौधरी द्वारा टसकोला रोड स्थित पिताबरा पीजी महाविद्यालय मे स्नेह मिलन समान समेलन व भाजपा किसान परिवर्तन महाचौपाल का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम मे मुय अतिथि के रूप मे राष्टीय अध्यक्ष किसान मोर्चा व फतेहपुर सीकरी सांसद राजकुमार चाहर होगे।

## स्टालिन के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज

**अलवर।** आज विश्व हिन्दू परिषद अलवर द्वारा उदयनिधि स्टालिन (राज्यमंत्री) पुत्र तमिलनाडू मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन एवं प्रियांक खडगे पुत्र श्री मल्लिकार्जुन खडके के खिलाफ सनातन धर्म का अपमान कर हिन्दू धर्म की आस्था पर ठेस पहुँचाने पर जिला पुलिस अधीक्षक, शहर कोतवाली एवं एन.ई.बी. थाना अलवर में फ.आई.आर. दर्ज कराई।

जिला सह मीडिया प्रभरी अवधेश माथुर ने बताया कि विभिन्न सोशल मीडिया, समाचार-पत्र, चैनलों के माध्यम से कल जो देखा, सुना व पढा की तमिलनाडू के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के पुत्र एवं वर्तमान राज्य मंत्री (तमिलनाडू) उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म जिसमें सैकड़ों करोड़ो भारतीयों की अटूट आस्था टिकी है के बारे में बहुत ही शर्मनाक एवं ठेस पहुॅचाने वाला सार्वजनिक बयान चैन्नई में दिया था। उदयनिधि स्टालिन ने कहा था कि सनातन धर्म सामाजिक न्याय के खिलाफ है, इस धर्म का विरोध ना करके इस धर्म को डेंगू, मलेरिया, कोरोना की तरह खत्म करना जरूरी है। उन्होंने दुनिया के सबसे प्राचीन धर्म के खिलाफ जो अभद्र टिप्पणी सार्वजनिक रूप से की है उससे विश्व हिन्दू परिषद के साथ ही सैकडों करोड़ों भारतीयों की आस्था को ठेस पहुॅचाई है, अपमानित किया है जो अति असहनीय है। आज शहर के विभिन्न थानों में एफ.आई. आर. दर्ज करवाने वालों में विहिप के जिलाध्यक्ष दीलिप मोदी, बजरंग दल प्रान्त संयोजक प्रेम सिंह राजावत, बबलू महावर सहित विहिप के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

# नंदोत्सव धूमधाम से मनाया

**चाकसू,(निसं)।** उपखंड क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में गुरुवार देर रात्रि तक कृष्ण जन्माष्टमी एवं मंगलवार दिन में नंदोत्सव धूमधाम से मनाया गया। चाकसू के नीलकंठ महादेव, चम्पेश्वर, गणेशपुरी बगीची , श्री गोपीनाथ , राममंदिर,श्री ताड़केश्वर मस्त महादेव, पंचमुखी हनुमान सहित उपखंड क्षेत्र के सभी मंदिरों में पूजा-अर्चना हुई,तो वही जन्माष्टमी पर्व मनाने के लिए सजीव झांकियों से सजाया गया है।

बालक बालिकाएं ने भगवान श्रीकृष्ण एवं राधाजी के स्वरूप में आकर्षक प्रस्तुति देकर लोगों का मन रिझाया।

हालांकि सबसे बड़ा प्रोठााम चाकसू कस्बे के आदर्श विद्या मंदिर स्कूल प्रांगण,नीलकंड रोड स्थित ताडकेश्वर मस्त महादेव एवं विधानसभा क्षेत्र के माधोराजपुरा मंदिर श्री सीताराम जी में हुआ। जहां विभिन्न समाजसेवी व्यक्तियों, संस्थानों के सहयोग से इलाके को दुल्हन की तरह सजाकर तीन दर्जन के करीब भव्य झांकियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी यहां घंटों राधा और श्रीकृष्ण के गीतों पर हजारों श्रद्धालु झूमते रहे।

श्री कृष्ण नवयुवक मित्र मंडल द्वारा मंदिर श्री सीताराम जी का चौक, माधोराजपुरा में भव्य आयोजन हुआ जिसमें लोक कलाकारों द्वारा झांकी एवं रंगाराम कार्यक्रम हुआ , कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी मयंक बैरवा ने सर्वप्रथम भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना कर भक्ति संध्या और मटकी फोड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया इस मौके पर मयंक बैरवा ने आयोजकों को बधाई एवं धन्यवाद व्यापित करते हुए उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण की कृपा और प्रेरणा से कर्तव्य पथ पर अनासक्त भाव से सेवारत रहूं, ऐसी भावना है, एवं समस्त श्रद्धालुओ को बधाई दी की अपनी कृपा दृष्टि से भक्तों का कल्याण करने वाले मुरलीधर भगवान से करबद्ध होकर चाकसू के लोगों की समृद्धि और खुशहाली की मंगल कामना करता हूं। वहीं सनाढय ब्राह्मण समाज के बिहारी का मंदिर कोट मोहल्ला में भव्य नन्दोत्सव का आयोजन किया गया मंदिर में नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की बधाइयां और कपडे, टॉफी एवं एवं फल लूटने के लिए भक्तों की होड मची मंदिर में देर शाम तक भजन संकीर्तन का आयोजन हुआ श्री गोपीनाथ मंदिर सेवा समिति के मंत्री रामप्रकाश शर्मा ,कैलाश चन्द माधोसिंह पूरा वाले एवं समाज अध्यक्ष राघव प्रकाश ने बताया कि मंदिर में भव्य श्रंगार फूल बंगला की झांकी सजाई गई एवं 56 प्रकार का भोग लगाया गया, एवं जयपुर के कलाकार भजनों की प्रस्तुति दी।

# जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**कोटपूतली।** स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय में शुक्रवार को राजस्थान मिशन 2030 के अन्तर्गत जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता अयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. उर्मिल महलावत ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में नवसृजित जिला कोटपूतली- बहरोड के राजकीय एवं निजी महाविद्यालय के भाषण प्रतियोगिता में महाविद्यालय स्तर पर प्रथम रहे विद्यार्थियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका जिला नोडल महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. उर्मिल महलावत, राजकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. भावना चौधरी एवं राजकीय महाविद्यालय पावटा प्रभारी डॉ. आर. के सिंह द्वारा निभाई गई। प्रतियोगिता में जिले के 16 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

■ **प्रतियोगिता में जिले के 16 विद्यार्थियों ने भाग लिया**

जिसमें प्रथम विजेता हर्ष यादव ने अपने भाषण में कहा कि महिला शिक्षा को बढ़ावा देना एवं राजस्थान में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों की रोकथाम होनी चाहिए। द्वितीय विजेता रुपसिंह ने अपने भाषण में कहा कि राजस्थान में आर्थिक विकास के लिए विदेशी कम्पनियों को प्रोत्साहित करते हुए क्षेत्र के लोकल व्यक्तियों को भी रोजगार देना चाहिए।

तृतीय विजेता खुशी ज्योतिषी ने अपने भाषण में कहा कि स्कूल एवं महाविद्यालय स्तर पर नई शिक्षा नीति का प्रचार प्रसार के साथ आधुनिक शिक्षा पर जोर देना होगा। संयोजक प्रो. मधु नागर ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रथम विजेता हर्ष यादव आगामी संम्भाग स्तरीय भाषण प्रतियोगिता मे भाग लेगें। जिला स्तर पर निंबध प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को को किया जायेगा। संचालन सज्जन सिंह ने किया। इस दौरान प्रो. आर. पी. गुर्जर, अनुभा गुप्ता, प्रो. बबीता, शुभलता यादव, ज्योति पाठक, सुबिता चौधरी व कोमल शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

## विधायक पर कार्रवाई की मांग

**बस्सी ।** बस्सी विधायक लक्ष्मण मीणा पर पूर्व मंत्री कन्हैया लाल मीणा व समर्थकों ने अमर्यादित टिप्पणी कर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया है। नाराज पूर्व मंत्री व समर्थक विधायक मीणा के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर दर्ज करवाने पुलिस थाने पहुंचे। यहां पुलिस अधिकारी ने मामला विधायक से जुड़ा होने पर असमर्थता जताई।

उन्होंने कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस थाना परिसर में धरना शुरू कर दिया। बाद में पुलिस अधिकारियों ने परिवाद लेकर उच्च अधिकारियों को भिजवाने के आश्वासन पर मामला शांत हुआ। धरना दे रहे लोगो के मुताबिक विधायक मंत्री ने क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल नई नाथ धाम महादेव मंदिर व पदयात्रियों के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की, जिससे उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई है।

# मेगा जॉब मेले में 13 हजार ने रजिस्ट्रेशन कराया

**टोंक।** जिला प्रशासन, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग की ओर से शुक्रवार को प्रात: 9 से सायं 4 बजे तक टोंक के डॉ. भीमराव अंबेडकर खेल स्टेडियम में मेगा जॉब फेयर आयोजित किया गया। जिला रोजगार अधिकारी राजकुमार मीणा ने बताया कि मेगा जॉब मेले में 13 हजार 408 आशार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया।

उन्होंने बताया कि कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग के शासन सचिव पीसी किशन ने मेगा जॉब फेयर का अवलोकन कर मेगा जॉब फेयर में चयनित युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किये एवं उनके चयन पर उन्हें बधाई दी। साथ ही, राजस्थान मिशन 2030 के तहत आईटीआई के छात्रों को निबंध प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पर पुरस्कार दिये। रोजगार अधिकारी ने बताया कि जॉब फेयर में 4 हजार 569 आशार्थियों को जॉब दी गई एवं 611 युवाओं को शॉर्टलिस्ट किया। रोजगार मेले में 9 सेक्टर की 37 कंपनी एवं नियोक्ताओं द्वारा मेगा जॉब फेयर में भाग लिया गया। मीणा ने बताया कि रोजगार मेले में स्वीप गतिविधियों के तहत ईवीएम का डेमो प्रदर्शन किया गया तथा आशार्थियों को मतदान प्रक्रिया की जानकारी के साथ उन्हें मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर रोजगार विभाग के निदेशक धर्म पाल मीणा, उप क्षेत्रीय कार्यालय के जगदीश नारायण निर्वाण, संयुक्त निदेशक, श्याम लाल साटोलीया, उप निदेशक मनोज पाठक, सहायक निदेशक हनुमान सहाय मीणा सहित आईटीआई के प्राचार्य आरपी मीणा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## रेल यात्रियों को परेशानी


**सांभरझील।** यहां सांभर रेलवे स्टेशन पर जोधपुर हाई कोर्ट ट्रेन का ठहराव लंबे समय से क्षेत्र की जनता को इंतजार बना हुआ है। जयपुर जोधपुर हाईकोर्ट एक्सप्रेस का ठहराव सांभर रेलवे स्टेशन पर सुनिश्चित किए जाने हेतु जयपुर ठाामीण सांसद और रेल मंत्री की अनदेखी हजारों मुसाफिरों को भारी पड़ रही है। सांभर में मुख्य व्यापार नमक का है तथा रेल्वे लदान से सम्बन्धित समस्याओं के निराकरण के लिए व्यापारियों को जोधपुर मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय में जाना पडता है। सांभर उपखण्ड क्षेत्र है सायंकाल के पश्चात् जोधपुर से आने एवं जयपुर जाने के लिए कोई भी रेल नहीं है। कोरोना काल से ही इस गाडी का ठहराव सांभर में कराने की मांग बराबर की जा रही हैं। प्राप्त के जानकारी के अनुसार सांभर एवं आसपास के ठाामीण क्षेत्रों के 3 से 4 हजार लोग लोग प्रतिदिन जयपुर एवं मकराना रोजगार के लिये अपडाउन करते हैं, इस बाबत फुलेरा जयपुर पेसेन्जर ट्रेन को मकराना तक बढाने की मांग निरन्तर हो रही है। रेल्वे प्रशासन ने सर्वे भी कराया था, लेकिन इसके बावजूद भी समस्या का कोई हल नहीं निकल रहा है। महाप्रबन्धक एन. डब्लू रेल्वे जयपुर को भी इसके लिए पत्राचार किया गया है। बता दे की सांभर एक पर्यटन स्थली है, केन्द्र सरकार ने पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिये यहां करोडो रूपयों की राशि खर्च की है एवं निरन्तर बजट उपलब्ध कराया।

# अस्पताल में उचित साफ सफाई नहीं मिलने पर सी.एम.एच.ओ. नाराज

**पावटा।** डॉ. निर्मल कुमार जैन सीएमएचओ कोटपूतली बहरोड द्वारा शुक्रवार को सीएचसी विराटनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान रविकांत जांगिड नोडल अधिकारी द्वारा बताया गया कि सीएमएचओ द्वारा सीएचसी विराटनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया जिसमें संस्था पर समय पर साफ सफाई किए जाने तथा इसकी मॉनिटरिंग हेतु टीम गठित करने के निर्देश दिए।

सीएमएचओ द्वारा पार्किंग व्यवस्था सही नहीं पाए जाने पर नाराजगी जताई तथा इसकी सही व्यवस्था करवाने के निर्देश दिए। ओपीडी व आईपीडी में आने वाले मरीजों को चिरंजीवी योजना की जानकारी एवं प्रचार-प्रसार करने के बारे में अवगत करवाया। सीएमएचओ द्वारा आने वाले सभी मरीजों का शीघ्र ओपीडी रजिस्ट्रेशन करने के निर्देश दिए गए। आपातकाल में आने वाले मरीजों का तुरंत प्रभाव से उपचार प्रारंभ किया जाये। सीएमएचओ द्वारा वार्ड में भर्ती मरीजों से संस्था पर मिलने वाली निशुल्क दवाइयां एवं जांच के बारे में जानकारी ली गई तथा सभी स्टाफ को यूनिफॉर्म एवं आईडी कार्ड में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के बाद सीएमएचओ द्वारा सीएचसी पर समीक्षा मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें विभाग द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई।

■ **समय पर साफ सफाई किए जाने तथा इसकी मॉनिटरिंग के लिए टीम गठित करने के निर्देश दिए।**



डॉ. निर्मल कुमार जैन सीएमएचओ सीएचसी विराटनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया।

सीएमएचओ द्वारा क्षेत्र में मौसमी बीमारियों एवं क्षेत्र में एंटी लारवा गतिविधि करवाने के निर्देश दिए। मीटिंग में चिकित्सा संस्थान पर आवश्यक सभी दवाइयां एवं जांच करने के निर्देश दिए गए। मीटिंग में रविकांत जांगिड नोडल अधिकारी द्वारा विभाग से संबंधित सभी योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट समय पर ऑनलाइन करने एवं जिला स्तर पर भिजवाने की बारे में अवगत करवाया गया। सीएमएचओ द्वारा सभी चिकित्सक विशेषज्ञ को आने वाले सभी मरीजों की ओपीडी पर्ची पर हस्ताक्षर के साथ-साथ सील भी लगवाने की निर्देश दिए। डॉ. रमेश प्रभारी द्वारा क्षेत्र की जानकारी देते हुए क्षेत्र में की गई एंटी लारवा गतिविधि से अवगत करवाया गया तथा ओपीडी में बढ रही मरीजों की लगातार संया के बारे में जानकारी दी गई।

## धरना 44 वें दिन भी जारी रहा

**कोटपूतली।** कस्बे के मुख्य चौराहा से ग्राम नारेहड़ा हनुमान जी मंदिर तक भारी व ओवरलोडेड वाहनों की मांग को लेकर डाबला रोड़ पर दिया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को लगातार 44 वें दिन भी बदस्तुर जारी रहा। धरने की अध्यक्षता भामाशाह प्रेमप्रकाश जांगिड शुक्लावास ने की। शुक्रवार को पूर्व चेयरमैन कैलाश यादव, गणेश यादव, गोठूराम यादव, विक्रम यादव, सुभाष यादव, कृष्ण रावत, रिछपाल वर्मा, युवा नेता धर्मपाल यादव, राहुल सोनी, श्योदान यादव सहित दर्जनों लोगों ने धरने पर पहुँचकर अपना समर्थन दिया। वक्ताओं में ब्रह्मानंद शर्मा, रामचंद्र सैनी, बबलू बबेरवाल, एड. सुभाष गुर्जर, इन्द्राज कसाना ने कहा कि ओवरलोडिंग व अवैध खनन यहां नासूर बन गया है लेकिन सरकार, प्रशासन, परिवहन, माइनिंग विभाग ने आंखों पर पट्टी बांध ली है। धरना संयोजक राधेश्याम शुक्लावास ने कहा कि जिला कलक्टर शुभम चौधरी, एसपी रंजिता शर्मा, एडीएम रविन्द्र कुमार शर्मा सहित एसडीएम मुकुट सिंह को कई बार ज्ञापन दिये गये लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ। अगली वार्ता सोमवार को पुनः होगी। जिसमें सुनवाई होने तक धरना जारी रहेगा। भाजपा की बैठक आयोजित : कोटपूतली में भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा को लेकर जिला अध्यक्ष श्याम शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की कोटपूतली स्थित एक निजी होटल में बैठक आयोजित की गई।







360 View Camera



Head Up Display


22.86cm SmartPlay Pro+


6 Airbags^


In-built Suzuki Connect

NEXA Safety Shield
Standard Across All Variants

- DUAL FRONT AIRBAGS
- ABS WITH EBD
- PEDESTRIAN PROTECTION COMPLIANCE
- COMPLIANT WITH -
  - FULL FRONTAL IMPACT
  - FRONTAL OFFSET IMPACT
  - SIDE IMPACT

Feature and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purposes only.

Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[NEXA]
www.nexaexperience.com
NOW YOU CAN ALSO BOOK ONLINE

**JAIPUR: NEXA VKIA SIKAR ROAD** (SATNAM MOTOCORP PVT. LTD. PH: 9116639102), **NEXA QUEENS ROAD** (KP AUTOMOTIVES PH: 7230030501), **NEXA TONK ROAD** (PREM MOTORS PVT. LTD. PH: 8058499999), **NEXA AJMER ROAD** (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9116032607), **NEXA MANSAROVAR** (AURIC MOTORS PH: 8929207442, 7075270752), **AJMER: NEXA MAKHUPURA** (NAVNEET MOTORS PH: 9116116501, 9116116502), **ALWAR: NEXA MANHAR VILLA** (FORTUNE CARS PH: 7230029424), **BHIWADI: NEXA BHIWADI CENTRAL** (FORTUNE CARS PH: 9214794313), **BHILWARA: NEXA SUKHADIA CIRCLE** (CHAMPION CARS PH: 8081133333), **BIKANER: NEXA JAIPUR ROAD** (AURIC MOTORS PH: 7230081665), **JHUNJHUNU: NEXA JHUNJHUNU CENTRAL** (AURIC MOTORS PH: 7412087314), **JODHPUR: NEXA CHOPASNI ROAD** (LMJ SERVICES LTD. PH: 7230013811), **NEXA SHASTRI CIRCLE** (AURIC MOTORS PH: 8875012697), **PALI: NEXA PALI SUMERPUR ROAD** (LMJ SERVICES PVT. LTD. PH: 7230013801), **KOTA: NEXA AERODROME CIRCLE** (BHATIA & COMPANY PH: 9414079018), **JHALAWAR: NEXA JHALAWAR SOUTH** (BHATIA & COMPANY PH: 9116108619), **NAGAUR: NEXA BIKANER ROAD NAGAUR** (SHRI MANGALAM AUTO PVT. LTD. PH: 6399292929), **BHARATPUR: NEXA BHARATPUR CENTRAL** (TM MOTORS PVT. LTD. PH: 9785838888), **SIKAR: NEXA SIKAR JAIPUR ROAD** (JAMU AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 9694412777), **SRI GANGANAGAR: NEXA GANGANAGAR NORTH** (AURIC MOTORS PH: 7412092301), **UDAIPUR: NEXA GOVERDHAN VILAS** (TECHNOY MOTORS PH: 9116007250, 8306300695), **NEXA CENTRAL UDAIPUR** (NAVNEET MOTORS PH: 7665016580), **DAUSA: NEXA JAIPUR AGRA BYPASS DAUSA** (VIPUL MOTORS (P) LTD. PH: 9829560109), **CHITTORGARH: NEXA CHITTORGARH CENTRAL** (TECHNOY MOTORS PH: 9116007250).

SMART FINANCE
AN ONLINE END-TO-END CAR FINANCE SOLUTION
Scan to know more.
- Multiple financiers
- Digital Document Upload
- Live Loan status
- Complete transparency (associated fees & charges)

*T&C apply. Offers may vary across variants. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time. Smart Finance available only in select cities. Creative Visualization. Black Glass on vehicle is due to lighting effect. ^For details on funcioning of safety features including air bag, kindly refer to the Owners manual.